

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

रेल मंत्री वैष्णव का आरोप, अंगमाली 12

लखनऊ से कानपुर के लिए जल्द दौड़ेगी वंदे मेट्रो... 05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 281
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 25 जुलाई, 2024


# 'ये कुर्सी बचाओ बजट'

## विपक्ष का सरकार के खिलाफ हल्ला बोल, संसद में जोरदार हंगामा

- अभिषेक बनर्जी ने कहा, भाजपा के टारगेट पर अल्पसंख्यक, खड़गे ने सीतारमण को माताजी बताया
- केंद्र का बजट गठबंधन के लिए समझौता, तमिलनाडु के साथ धोखाः एमके स्टालिन
- संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव समेत कई नेता मौजूद
- कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा बजट में हमारे लिए कुछ नहीं, करेंगे बहिष्कार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बजट को विपक्ष ने भेदभावपूर्ण बताया है और बुधवार को संसद भवन परिसर में बजट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत इंडी ब्लॉक के सांसदों ने केंद्रीय बजट में विपक्ष शासित राज्यों के साथ कथित भेदभाव को लेकर बुधवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं और उन्होंने कहा है कि यह बजट अन्याय है। इसके अलावा कांग्रेस के मुख्यमंत्री 27 जुलाई को होने वाली नीति आयोग की बैठक का भी बहिष्कार करेंगे। विपक्षी नेताओं ने पहले ही बजट को लेकर सरकार पर पक्षपाती होने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस बजट को कुर्सी बचाओ बजट नाम दिया है और कहा है कि यह कांग्रेस के मैनिफेस्टो की कॉपी है। वहीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने केंद्रीय बजट को पक्षपाती और गरीब विरोधी बताया है।




### सरकार ने किसानों को समर्थन मूल्य की जगह अलायंस पार्टियों को बजट दियाः अखिलेश यादव

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा- हम चाहते हैं कि किसानों को एमएसपी मिले और उनकी आय दोगुनी हो। बजट में देखने को मिल रहा है कि सरकार किसानों को समर्थन मूल्य देने के बजाय अलायंस की पार्टियों को दे रही है। पहले सरकार बेरोजगारी बढ़ाती है। उसके बाद ऐसा आधी-अधूरी नौकरी लाते हैं, जिससे किसी युवा का भविष्य नहीं बनने वाला है। इंटर्नशिप के बाद उनको नौकरी कौन देगा। साथ ही सरकार महंगाई को कम करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाई। मिडिल क्लास को अगर राहत भी मिली है तो सरकार उसे महंगाई से वापस ले रही है। यूपी को बड़े सपने दिखाए थे, लेकिन कुछ नहीं मिला। डबल इंजन की सरकार में डबल लाभ मिलना चाहिए था। लेकिन अब दिल्ली वाले लखनऊ वालों को नहीं देख रहे हैं।

### स्पीकर जब बोलेगा, सच बोलेगा, अभिषेक ने कहा, मैं भी झूठ नहीं बोलताः बिरला

लोकसभा में बजट पर बहस के दौरान स्पीकर ओम बिरला और अस्ट सांसद अभिषेक बनर्जी में भी वाद-विवाद हुआ। अभिषेक ने कहा कि केंद्र सरकार ने कृषि बिल किसानों, किसान संगठन या विपक्षी दलों की सलाह लिए बिना ही पास कर दिए। इस पर स्पीकर बिरला ने कहा कि सदन में बिलों पर साढ़े पांच घंटे की चर्चा हुई। अभिषेक ने फिर कहा कि इस पर कोई डिस्कशन नहीं हुआ। तब बिरला ने कहा कि स्पीकर जब बोलता है तो सही बोलता है। आप खुद को सही कर लीजिए। इस पर अभिषेक ने कहा कि जब मैं बोलता हूं तो गलत नहीं बोलता। अभिषेक बनर्जी अस्ट के महासचिव और पार्टी में ममता बनर्जी के बाद दूसरे नंबर पर हैं। अपने भाषण में अभिषेक बनर्जी ने बजट पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बजट में क्लैरिटी का अभाव है। भाजपा ने इसमें 140 देशवासियों को राहत देने के बजाय अपने सहयोगी दलों को साधने का काम किया है।

### गृह राज्य मंत्री बोले, एक्स अग्निवीरों को सेंट्रल आर्म्ड फोर्स में 10 प्रतिशत आरक्षण, छूट भी

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने राज्यसभा में लिखित उत्तर में कहा, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और असम राइफल्स में कॉन्स्टेबल (जनरल ड्यूटी)/राइफलमैन के पद पर भर्ती में भूतपूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित करने का निर्णय लिया गया है। इसके अलावा, ऊपरी आयु सीमा में छूट और शारीरिक परीक्षा से छूट का प्रावधान किया गया है।

### विपक्ष जान-बूझकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहाः सीतारमण

सीतारमण ने कहा, मैं जिम्मेदारी के साथ कह रही हूं कि यह कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों का एक जानबूझकर किया गया प्रयास है ताकि लोगों के मन में गलत धारणा बने कि उनके राज्यों को धन या योजनाएं आवंटित नहीं की गईं। कांग्रेस को चुनौती देते हुए वित्त मंत्री ने कहा,'मैं कांग्रेस पार्टी को चुनौती दूंगी कि उन्होंने (कांग्रेस ने) जो भी बजट भाषण दिए हैं, क्या उन्होंने अपने प्रत्येक बजट भाषण में देश के प्रत्येक राज्य का नाम लिया है? यह एक अपमानजनक आरोप है।

### विपक्षी दलों की बैठक

इसे लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर विपक्षी दलों की बैठक भी हुई। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि केंद्र सरकार अधिकांश राज्यों के साथ पूरी तरह से भेदभाव किया है। इसलिए इंडिया ब्लॉक की बैठक में यह फैसला लिया गया कि इसके खिलाफ विरोध करना होगा। इस बैठक में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रमोद तिवारी, गौरव गोगोई, एनसीपी (एससीपी) प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत, टीएमसी नेता डेरेक ओ ब्रायन और कल्याण बनर्जी, डीएमके के टीआर बालू, जेएमएम की महुआ माजी, आप के राघव चड्ढा और संजय सिंह और सीपीआई (एम) के जॉन ब्रिटास समेत अन्य नेता भी शामिल हुए। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और जयराम रमेश भी मौजूद थे।

### विपक्ष का राज्यसभा से वॉकआउट

राज्यसभा में विपक्ष ने बजट में भेदभाव का विरोध किया। जिसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, हर बजट में, आपको इस देश के हर राज्य का नाम लेने का मौका नहीं मिलता। कैबिनेट ने वडावन पर एक बंदरगाह स्थापित करने का निर्णय लिया था। लेकिन कल बजट में महाराष्ट्र का नाम नहीं लिया गया। यदि भाषण में किसी विशेष राज्य का नाम नहीं लिया जाता है, तो क्या इसका मतलब यह है कि भारत सरकार के कार्यक्रम इन राज्यों में नहीं जाते हैं? कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष ने झूठ फैलाया है कि हमारे राज्यों को कुछ नहीं दिया गया। यह अपमानजनक आरोप है। हालांकि इसके बाद विपक्ष के नेता सदन से बाहर चले गए।

# काठमांडू में विमान क्रैश, 18 की मौत



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल की राजधानी काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह उड़ान भरने के दौरान एक निजी एयरलाइन कंपनी सौर्य एयरलाइंस का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 19 लोग सवार थे। इनमें 18 लोगों की मौत की बात सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान पोखरा जा रहा था और सुबह करीब 11 बजे दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हवाई अड्डे पर तैनात एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विमान के पायलट को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि विमान में लगी आग को बुझा दिया गया है। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटनास्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं।

### उड़ान भरने के दौरान हुआ हादसा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पोखरा जाने वाले सौर्य एयरलाइंस के विमान के उड़ान भरने के दौरान रनवे से बाहर निकल जाने के कारण यह दुर्घटना हुई। विमान में चालक दल के सदस्यों सहित 19 लोग सवार थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, दुर्घटनास्थल से पांच शव बरामद हुए थे।

### 'टेकऑफ करते ही झटका लगा, फिर क्रैश हो गया'

घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों ने काठमांडू पोस्ट से बात करते हुए कहा, फ्लेन रनवे के दक्षिणी छोर से टेकऑफ कर रहा था। अचानक से इसमें झटका लगा और आग लग गई। इसके बाद यह रनवे के पूर्वी हिस्से में बुद्धा एयर हैंगर और रडार स्टेशन के बीच एक गड्ढे में गिर गया। सौर्य एयरलाइंस की वेबसाइट के मुताबिक, कंपनी नेपाल में 5 जगहों के लिए विमान संचालित करती है। इनके पास 3 बॉम्बार्डियर सीआरजे-200 जेट्स मौजूद हैं।

### एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत

इस हादसे में एक ही परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई है। एयरलाइंस की तरफ से जारी बयान में कहा गया है कि फ्लाइट मेंटेनेंस मनुराज शर्मा अपनी पत्नी प्रिया खतिवडा और चार साल के बेटे अधिराज शर्मा के साथ सफर कर रहे थे। इस हादसे में तीनों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में मारे गए 17 लोग सौर्य एयरलाइंस के स्टाफ थे।

### साल 2023 में भी हुआ था नेपाल में बड़ा विमान हादसा

बीते साल भी नेपाल ने एक विमान हादसे में 72 लोगों की मौत हो गई थी। साल 2023 में यति एयरलाइंस का विमान नेपाल में हादसे का शिकार हो गया था। यति एयरलाइंस के हादसे में जान गंवाने वालों में पांच भारतीय भी शामिल थे। जांच में पता चला था कि यति एयरलाइंस का हादसा पायलट की गलती से हुआ था, जब विमान के पायलट ने गलती से पावर कट कर दिया था, जिससे विमान हादसे का शिकार हो गया।

### त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट एहतियातन बंद

जहाज के कैप्टन एमआर शाक्य को अस्पताल ले जाया गया है। हवाई अड्डे पर धुएं का घना गुबार देखा गया। पुलिस और दमकलकर्मी दुर्घटना स्थल पर बचाव अभियान चला रहे हैं। हादसे के बाद काठमांडू के त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एहतियातन बंद कर दिया गया है।

## यूपी सरकार का आदेश, अपनी तहसील में ही निवास करें उपजिलाधिकारी और तहसीलदार

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** जनता की समस्याओं को सुनने और समय पर उनकी समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित कराने के लिए योगी सरकार ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। गुड गवर्नेंस की अपनी प्रतिबद्धता का अनुकरण करते हुए सरकार ने प्रदेश भर की विभिन्न तहसीलों में तैनात उपजिलाधिकारी (एसडीएम) एवं तहसीलदार को अब उसी तहसील में निवास करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश का उद्देश्य यह है कि उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार ज्यादा से ज्यादा समय अपनी तहसील में बिताएं एवं जनसामान्य की समस्याओं को सुनकर निर्धारित समयसीमा के अंतर्गत उसका निराकरण करने का प्रयास करें। इससे न सिर्फ अधिकारियों की, बल्कि सरकार की छवि में भी सुधार होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। इसमें मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# यूपी में नौ आईएएस, पांच पीसीएस अफसरों के तबादले

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी में नौ आईएएस व पांच पीसीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। कानपुर नगर और फिरोजबाद के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) बदले गए हैं। आईएएस सुधीर कुमार नगर आयुक्त कानपुर नगर बनाया गया है वो अभी तक सीडीओ कानपुर नगर थे। आईएएस दीक्षा जैन सीडीओ कानपुर नगर बनाया गया है अभी तक वह सीडीओ फिरोजबाद थीं। आईएएस शत्रुघ्न बैश्य सचिव कानपुर विकास प्राधिकरण कानपुर नगर को सीडीओ फिरोजाबाद बनाया गया है। आईएएस प्रेरणा सिंह को ग्रेटर नोएडा अथारिटी की एसीईओ नियुक्त किया गया है। इसी तरह आईएएस शिव प्रसाद को प्रबन्ध निदेशक अनुसूचित जाति वित्त विकास निगम बनाया गया है वह अभी तक विशेष सचिव विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी के पद पर कार्यरत थे। आईएएस डॉ कंचन शरण अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल को अपर आयुक्त आगरा मंडल बनाया गया है। आईएएस अरुण कुमार अपर आयुक्त बरेली मंडल को अपर आयुक्त अलीगढ़ मंडल बनाया गया है।

### इन पीसीएस अफसरों के तबादले

- सिटी मैजिस्ट्रेट लखनऊ पीसीएस सिद्धार्थ कानपुर के नये एडीएम एफआर बनाये गये हैं।
- सिटी मैजिस्ट्रेट गोरखपुर पीसीएस मंगलेश दुबे को एडीएम प्रशासन नोएडा बनाया गया है।
- एसडीएम बुलन्दशहर पीसीएस विमल किशोर गुप्ता को मेरठ का एडीएम न्यायिक बनाया गया है।
- पीसीएस पंकज दीक्षित एसडीएम बहराइच को एसडीएम आजमगढ़ बनाया गया है।
- पीसीएस शालिनी सिंह तोमर सहायक निदेशक स्थानीय निकाय को एसडीएम उन्नाव बनाया गया है।

# केंद्र सरकार की वित्तीय मदद से उत्तर प्रदेश के सपनों को पंख मिलेंगे

**जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा**

- पिछले बजट की तुलना में यूपी के हिस्से में 25 हजार करोड़ ज्यादा आएंगे
- गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक विकास तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विकास के कई कार्यक्रम आगे बढ़ेंगे
- केंद्रीय करों व शुल्कों, केंद्र सहायतित व केंद्रीय योजनाओं, विकसित भारत तथा विशेष सहायता योजना से यूपी को 3.63 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे

**लखनऊ।** इस केंद्रीय पूर्ण बजट ने उत्तर प्रदेश के लिए विकास और उम्मीदों का पिटारा खोल दिया है। केंद्र सरकार की वित्तीय मदद से उत्तर प्रदेश के सपनों को पंख मिलेंगे। पिछले बजट की तुलना में यूपी के हिस्से में 25 हजार करोड़ ज्यादा आएंगे। जिससे गांवों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक विकास तथा सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विकास के कई कार्यक्रम आगे बढ़ेंगे। केंद्र सरकार द्वारा संसद में पेश वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट से यूपी में विकास की रफ्तार तेज होगी। केंद्रीय करों व शुल्कों, केंद्र सहायतित व केंद्रीय योजनाओं, विकसित भारत तथा विशेष सहायता योजना से यूपी को 3.63 लाख करोड़ रुपए मिलेंगे।



### यूपी के चौतरफा विकास को गति मिलेगी

इस बार के केंद्रीय बजट से यूपी को केंद्रीय करों और शुल्कों से 2,23,737.23 करोड़ रुपए मिलेंगे। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 से 25,601.39 करोड़ रुपए अधिक है। वित्तीय 2023-24 में यूपी को केंद्रीय करों व शुल्कों से 1,98,135.84 करोड़ रुपए मिले थे। वहीं एक फरवरी को पेश 2024-25 के लिए अंतरिम बजट में इस मद में यूपी के हिस्से में 2,18,816.84 करोड़ मिलने का इंतजाम किया गया था। अब पूर्ण बजट में इस मद में यूपी को मिलने वाली धनराशि 4,920.37 करोड़ रुपए बढ़ा दी गई है। केंद्र सहायतित योजनाओं में यूपी को 96 हजार करोड़ व केंद्रीय योजनाओं के लिए करीब 11500 करोड़ मिलेंगे। इस प्रकार इस बजट से यूपी के चौतरफा विकास को गति मिलेगी।

### लखपति दीदी व अन्य योजनाओं को गति मिलेगी

बजट से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पीएम आवास योजना से यूपी के गरीबों को पक्का घर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ीं दीदियों को लखपति दीदी बनाने की योजना को गति मिलेगी। लखपति दीदी बनाने में यूपी देश में सबसे आगे है। धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सौर ऊर्जा के माध्यम से 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली योजना से यूपी में 20 लाख परिवारों को जोड़ा जा सकेगा।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सीएम योगी ने की कार्रवाई

# फिटनेस प्रमाण पत्र न देने पर लापरवाह आरआई और एआरटीओ पर सीएम योगी ने लिया एक्शन

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

- संभागीय निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से किया गया निलंबित, एआरटीओ पर हुई अनुशासनात्मक कार्रवाई
- चित्रकूट में समय पर फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं देने के कारण स्कूली वाहन को किया गया था सीज
- पुलिस लाइन में दो घंटे तक वाहन में बैठे रहे बच्चे, मामला संज्ञान में आते ही लिया गया एक्शन

सरकारी कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर सीएम योगी का एक्शन जारी है। ताजा घटनाक्रम में योगी सरकार ने जनपद चित्रकूट के अंतर्गत स्कूली बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही पर एक्शन लेते हुए जिले के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया, जबकि सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति की गई है। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यों में किसी भी तरह की हीलाहवाली न की जाए। खासतौर पर भ्रष्टाचार और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों पर सीएम योगी ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।



### 2 घंटे तक पुलिस लाइन में खड़ी रही थी बसें

दरअसल, मंगलवार 23 जुलाई को जनपद चित्रकूट के श्रीजी इंटर कॉलेज, खोह के छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आ रही दो बसों को वाहन की फिटनेस समाप्त हो जाने के कारण सहायक संभागीय परिहन अधिकारी (प्रवर्तन) चित्रकूट की टीम द्वारा सीज कर बच्चों सहित 10 किमी दूर पुलिस लाइन ले जाया गया था। वाहन को 11:15 बजे सीज कर फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल किया गया व 13:05 बजे छोड़ा गया। इसके चलते करीब दो घंटे तक बस को खड़ा रखा गया। जानकारी के अनुसार, चित्रकूट जनपद के संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र को संबंधित स्कूलों में जाकर स्कूली बसों के फिटनेस चेक करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन उनके द्वारा आदेशों की अवहेलना की गई, जिसके कारण दोनों वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी नहीं हो पाया। ऐसे में वाहनों को सीज करना पड़ा, जिससे बच्चों को भी तकलीफ हुई।

### मामला संज्ञान में आते ही हुआ एक्शन

बुधवार को मामला संज्ञान में आने के बाद योगी सरकार ने इस पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की। इसके तहत संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) गुलाब चंद्र को प्रथम दृष्टया उत्तरदायी पाए जाने के कारण उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मामले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विवेक कुमार शुक्ला के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई है। साथ ही, प्रदेश में परिवहन विभाग से जुड़े समस्त कर्मियों को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## 29 जुलाई से शुरू होगा विधानसभा सत्र

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

यूपी विधानमंडल सत्र को लेकर कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। विधानमंडल का सत्र 29 जुलाई को शुरू होगा और 2 अगस्त को खत्म होगा। सत्र के पहले दिन औपचारिक कार्य होंगे। इस दौरान अध्यादेशों, अधिसूचनाओं और नियमों को सदन के पटल पर रखा जाएगा। इसके बाद 30-31 जुलाई और 1-2 अगस्त को विधायी कार्य होंगे। आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव 2024 के बाद विधानसभा का यह पहला सत्र है। इस सत्र में विपक्षियों की ओर से राज्य के कानून व्यवस्था के साथ-साथ बाढ़ की स्थितियों और किसानों से जुड़े मुद्दे को लेकर सरकार से जवाब मांगा जा सकता है। विधानसभा सत्र के दौरान विपक्ष परीक्षाओं की प्रश्न पत्र लीक का मुद्दा भी उठा सकता है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनॉक 25 से 28 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाऐं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 34.4 (+0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 26.0 (+0.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 89 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 84 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.7 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि०मी०) : 19.2

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# कॉर्डियोलॉजी में आईवीएल पद्धति से लगेंगे स्टेंट ओपन हार्ट सर्जरी से मरीजों को मिलेगी निजात

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर के कार्डियोलॉजी अस्पताल में हृदयघात मरीजों का अब आईवीएल पद्धति से इलाज किया जाएगा। देश के हृदय रोग संस्थान में से एक प्रमुख अस्पताल कानपुर के कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉक्टर राकेश कुमार वर्मा ने बताया कि आर्टरी ब्लॉकेज होने पर ओपन हार्ट सर्जरी में रोगी को अधिक दिनों तक अस्पताल में रहना पड़ता था और खून चढ़ाने की भी जरूरत पड़ती है, अभी तक आर्टरी की नली मे जमा कैल्शियम को हटाने के लिए ओपन हार्ट सर्जरी की जाती है, लेकिन अब इस बीमारी से निजात दिलाने के लिए कॉर्डियोलॉजी में आईवीएल यानी इंट्रा वैस्कुलर लिथोट्रिप्सी विधि से इन मरीजों को इलाज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस विधि से शॉक वेव के जरिए कैल्शियम का जमाव तोड़ दिया जाएगा। इसके बाद नली मुलायम हो जाएगी। इसके बाद आसानी से स्टेंट लग जाएगा। नली में जमा कैल्शियम की दिवार को उसी तरह से हटाते हैं जैसे कि गुर्दे की पथरी को हटाया जाता है। श्री वर्मा ने आगे बताया कि आईवीएल विधि से इलाज की सुविधा कार्डियोलॉजी में निशुल्क दी जा रही है। आईवीएल से इलाज करने के बाद मरीज को तीसरे दिन ही अस्पताल से छुट्टी दे दी जायेगी। देशभर से हृदय रोगी एलपीएस कार्डियोलॉजी संस्थान कानपुर में अपना सफल इलाज कराने आते हैं।

**धड़कनों में बसते हैं डॉ. राकेश वर्मा**



डॉ वर्मा की बात करें तो वह कई वर्षों से कार्डियोलॉजी संस्थान में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और उनकी कर्मठ लगनशीलता मरीजों की धड़कनों में बसती है। मरीजों की पहली प्राथमिकता रहती है कि डॉ.वर्मा से चिकित्सीय परामर्श जरूर लें। यही नहीं संस्थान में सबसे अधिक सफल ऑपरेशन भी उन्हीं के नाम हैं। संस्थान के सदस्यों की मानें तो डॉ वर्मा का कार्डियोलॉजी में लंबा कार्यकाल रहा है, जिसके चलते वह इस संस्थान को आगे ले जाने के लिए सबसे बेहतर साबित हों रहे हैं।

# बीसीए एवं एमसीए के नव आगंतुक छात्रों का किया स्वागत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन मे बुधवार को विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी विभाग के लेक्चर हॉल एल 1 में बीसीए-एमसीए 2य24 बैच के छात्रों का ओरियंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रॉबिन्स पोरवाल द्वारा बीसीए एवं एमसीए में नव आगंतुक सभी छात्रों का स्वागत किया गया। प्रो. पोरवाल ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय परिसर का कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग आज के समय एवं इंडस्ट्री की मांग के अनुसार सभी छात्रों को आधुनिक समय एवं भविष्य की तैयारी के लिए शिक्षा प्रदान कर रहा है। यूआईटी की डायरेक्टर एवं डीन-अकादमिक डॉ. बृष्टि मित्रा ने कहा कि सभी छात्र विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं को प्राप्त कर मित्रतापूर्ण, अनुशासनपूर्ण एवं एक दूसरे का सहयोग करते हुए शिक्षा ग्रहण करें। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने बताया कि विश्वविद्यालय छात्रों को, भविष्य एवं आधुनिक समय की मांग के अनुसार, शिक्षा प्रदान कर नित्य नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय सभी छात्रों को उनके पसंदीदा क्षेत्रों में जोड़कर उन्हें उत्कृष्ट कोटि की सुविधाएं प्रदान कर निखारने का अवसर भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि छात्र किसी भी समस्या के लिए विश्वविद्यालय में बनाई गई कमेटी के सदस्यों एवं अपने विभाग के शिक्षकों से संपर्क कर समस्या का समाधान कर सकते हैं। विश्वविद्यालय की सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. श्वेता पाण्डेय ने पुस्तकालय, लाइब्रेरी पोर्टल एवं द्व-लाइब्रेरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि छात्रों को शीघ्र ही उनके आई कार्ड दे दिए जाएंगे। प्लेसमेंट सेल के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रभात कुमार द्विवेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय में कॉलेज के छात्रों के कैरियर एवं मार्गदर्शन के लिये प्लेसमेंट सेल स्थापित है जो छात्रों को उनकी क्षमता के अनुसार प्राइवेट एवं पब्लिक सेक्टर एवं सरकारी कंपनियों में जॉब प्राप्त कराने के लिये तत्पर है। फिजिकल एजुकेशन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. श्रवण कुमार यादव ने विश्वविद्यालय में होने वाले खेलकूद, एवं उससे जुड़ी हुई प्रतियोगिताओं के बारे में जानकारी देते हुए, छात्रों को उनकी रूचि के अनुसार सम्बंधित स्पोर्ट्स में प्रतिभाग करने के लिये आह्वान किया।

# श्रीप्रकाश का पत्थर हटने से महापौर नाराज, बोलीं ठेकेदार ब्लैकलिस्ट होगा




जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व महापौर श्रीप्रकाश जायसवाल के नाम का पत्थर हटने से नाराज महापौर प्रमिला पांडेय ने अधिशासी अभियंता नानक चंद्र को जमकर फटकार लगाई। मामला जूही कला जोन 3 का है। जहां पर मंगलवार को ठेकेदार ने श्रीप्रकाश जायसवाल के विकास कार्यों को लेकर लगा पुराना पत्थर हटा दिया और वहां पर नया पत्थर लगा दिया। बुधवार को महापौर को जैसे ही मामले की जानकारी हुई उन्होंने तत्काल अधिशासी अभियंता नानक चंद्र को कार्यालय तलब कर लिया। महापौर ने जब इस मामले पर नानक चंद्र से स्पष्टीकरण मांगा तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने मनमानी करते हुए बिना पूछे ही पत्थर हटा दिया है। महापौर ने तुरंत आरोपी ठेकेदार पर कार्रवाई का आदेश देते हुए कहा कि सरकारें बदलती रहती हैं। लेकिन किसी के नाम का पत्थर हटाना गलत है। महापौर प्रमिला पांडेय ने ठेकेदार को नगर निगम से ब्लैक लिस्ट करने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने पैसे बचाने के लिए ये सब किया। ऐसे ठेकेदारों की नगर निगम में कोई जगह नहीं है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध**

काम कर रहे ठेकेदारों ने श्रीप्रकाश जायसवाल के पत्थर के ऊपर ही महापौर प्रमिला पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी और क्षेत्रीय पार्षद का नाम लिखा पत्थर लगा दिया। सूचना पर कांग्रेस नेताओं ने विरोध किया।

# गोद भराई की रस्म तोड़ने वाले वर पक्ष पर मुकदमा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पिता बेटी की गोद भराई की रस्म को पूरा करने के लिए सुबह से शाम तक इंतजार करता रहा लेकिन गोद भराई की रस्म को पूरा करने के लिए ना ही लड़का पहुंचा और ना ही लड़के के घर वाले पहुंचे। जिसके बाद एक पीड़ित पिता ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार कल्याणपुर के वकील नगर बारा सिरोही निवासी आदित्य कुमार त्रिवेदी ने अपनी बेटी का विवाह औरैया निवासी मंगल दुबे के बेटे उत्तम दुबे के साथ तय किया था। जिसके चलते जुलाई माह में गोद भराई रसम को पूरा करने की बात करें हुई थी। तय तिथि पर आदित्य कुमार त्रिवेदी पूरे परिवार व बेटी के साथ गंगा गैलेक्सी गेस्ट समय पर पहुंच गए लेकिन सुबह से शाम होने के बाद भी ना ही लड़का पहुंचा और ना ही लड़के के घर वाले पहुंचे। आदित्य कुमार त्रिवेदी ने लड़के पक्ष पर आरोप लगाते हुए बताया कि जब उन्होंने उत्तम व उसके घर वालों से फोन पर बात की तो सभी 20 लाख रुपया व अतिरिक्त दहेज में सामान लेने की बात करते हो गए कहा कि पहले भी कहा था तुमने पूरा नहीं किया और फिर कह रहा हूं हमारे सभी मांगों को पूरा कर दो तभी बारात आएगी अन्यथा बारात नहीं आयेंगे। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी कल्याणपुर में बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# डॉ.आर.के. यादव का लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए किया गया चयन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ.आर.के. यादव का चयन उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए किया गया है। उनको यह अवार्ड कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना वर्ष 2023-24 में उनके द्वारा कृषि क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया जाएगा। इस पुरस्कार की घोषणा परिषद के महानिदेशक डॉ.संजय सिंह द्वारा की गई है। ज्ञातव्य हो कि डॉ. यादव को इससे पूर्व आईसीएआर नई दिल्ली द्वारा डॉ.राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रीय सम्मान 2012 से भी सम्मानित किया जा चुका है। डॉ. यादव को कई फसलों की नवीन प्रजातियों के शोध का श्रेय जाता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह ने डॉ. यादव को उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं दी हैं।

# पेट्रोल पंप कर्मी फांसी पर झूला, मौत

**कानपुर नगर।** पनकी थाना क्षेत्र की घाटमपुर के ददौली गांव निवासी किसान विजय शुक्ला का बेटा सत्यम शुक्ला (18) पनकी में रहकर एक पेट्रोल पंप पर काम करता था। वह अपनी बहन तुलसा के साथ उसके घर पर रहता था। तुलसा ने बताया कि मंगलवार की रात सत्यम ने सभी के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद अलग कमरे में सोने चला गया। सुबह जब कमरे के अंदर देखा तो वह सत्यम का शव फंदे से लटक रहा था। इस दौरान पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी पनकी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि परिजनों से पूछताछ की गई लेकिन खुदकुशी का कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# कल्याणपुर पुलिस के हत्थे चढ़ी एक और बांग्लादेशी महिला



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर पुलिस ने एक और बांग्लादेशी महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि दो दिन पूर्व जिस बांग्लादेशी महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया था ये उसी की बहन है। उसकी गिरफ्तार होने के बाद उसके से यह भागने की फिराक में थी लेकिन कल्याणपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही पूरे मामले को लेकर कल्याणपुर एसीपी अभिषेक कुमार पांडेय ने बताया कि बांग्लादेशी नाजमा नाम की जिस महिला को दो दिन पहले पकड़ा था। उससे जब पूछताछ की गई तो उसने बताया कि मैं अपनी चचेरी बहन अखीमुन्शी उर्फ मधु के कहने पर ही रीना के साथ आई थी। इस पर पुलिस ने जानकारी जुटाकर अखीमुन्शी उर्फ मधु के पास पहुंची और उसे भी कल्याणपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आखी से पूछताछ में पता चला कि वह पिछले कई सालों से यहां पर रह रही है। उसके पास भी कोई पासपोर्ट नहीं है। एसीपी कल्याणपुर ने बताया कि पुलिस की पूछताछ में पता चला कि कि नाजमा बांग्लादेशी महिलाओं को काम दिलाने का लालच लेकर यहां बुलाती थी। उनके आने का इंतजाम भी कराती है। इसके बाद यहां बुलाकर उनके फर्जी दस्तावेज तैयार कराती है।नाजमा के पकड़े जाने के बाद आखी आपना ठिकाना बदलने वाली थी,। लेकिन उससे पहले ही कल्याणपुर पुलिस ने उसे पकड़ लिया। अखीमुन्शी उर्फ मधु से भी पूछताछ की जा रही है। जल्द ही अन्य और लोगों की भी गिरफ्तारी हो सकती है।

# समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए किया संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

डॉ. अंबेडकर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी फॉर दिव्यांगजन कानपुर प्रौद्योगिकी संस्थान में दिनांक 23 से 27 जुलाई तक एक सप्ताह की अस्सिटिव टेक्नोलॉजीज फॉर इक्विटेबल एंड इंक्लूसिव एजुकेशन विषय पर ऑनलाइन माध्यम से एक संकाय विकास कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्देश्य दिव्यांगजन सहित सभी छात्रों के लिए एक समावेशी शिक्षण वातावरण को बढ़ावा देने के लिए सहायक प्रौद्योगिकियों के बारे में संकाय सदस्यों की समझ और अनुप्रयोग को बढ़ाना है। इस कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन सत्र के साथ हुई जिसमें मुख्य अतिथि डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जेपी पांडे और मुख्य वक्ता शामिल हुए। इस एफडीपी का आयोजन कानपुर के डॉ. अंबेडकर दिव्यांगजन प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयोजक डॉ. रोहित शर्मा एवं डॉ. अनुज श्रीवास्तव, डॉ सोनिया अग्रवाल ने किया। सत्र में डॉ. अनुज श्रीवास्तव द्वारा एफडीपी की रूपरेखा प्रस्तुत की गई व निदेशक डॉ. रचना अस्थाना ने शिक्षा में समावेशिता के महत्व और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर दिया। एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के कुलपति जय प्रकाश पांडे ने समावेशी शिक्षा और सहायक प्रौद्योगिकियों की भूमिका पर इसके फोकस के लिए पहल की प्रशंसा की। उन्होंने शिक्षा और दैनिक जीवन दोनों में सहायक प्रौद्योगिकी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करते हुये दिव्यांगजन व्यक्तियों के लिए अंतराल को पाटने में सहायक प्रौद्योगिकी की भूमिका पर जोर दिया, जिससे उन्हें शैक्षिक और दैनिक गतिविधियों में पूरी तरह से भाग लेने की अनुमति मिलती है। उन्होंने बताया कि ये प्रौद्योगिकियां न केवल सीखने के परिणामों को बढ़ाती हैं, बल्कि स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता को सक्षम करके जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार करती हैं। संकाय विकास कार्यक्रम के मुख्य वक्ताओं के रूप में आईआईटी मद्रास की प्रो. डॉ. सुजाता श्रीनिवासन, आईआईटी कानपुर से प्रो. जे राम कुमार, प्रो. सुधीर कामले, आईआईटी दिल्ली से प्रो. पीवी मधुसूदन राव एवं एलिम्को कानपुर से वरिष्ठ प्रबंध निदेशक मार्केटिंग अजय चौधरी ने व्याख्यान प्रस्तुत किये।

# डीबीएस कॉलेज और उन्नाव के जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान के मध्य एम.ओ.यू पर हुआ हस्ताक्षर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन बुधवार को शिक्षक शिक्षा (बी एड) विभाग डीबीएस कॉलेज और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उन्नाव के बीच भविष्य मे शिक्षकों के प्रशिक्षण और अनुसन्धान मे सहयोग पर सहमति व्यक्त करते हुए एक एम.ओ.यू (मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग) पर हस्ताक्षर कर किए गए। इस एम.ओ.यू के तहत दोनों संस्थान भविष्य मे मिलकर सेमिनार, कार्यशाला आदि का आयोजन भी करेंगे तथा शोध व प्रशिक्षण से संबंधित प्रोजेक्ट पर भी मिल कर कार्य करेगें। दोनों संस्थान अपने यहॉ उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं को भी एक दूसरे को उपयोग करने की सुविधा देंगे तथा अपने यहॉ कार्यरत शिक्षकों की विशेषज्ञता लाभ एक दूसरे के यहॉ चल रहे शोध एवं अध्ययन कार्यक्रमों मे उपलब्ध करायेंगे। इस अवसर पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी कानपुर डॉ मुरलीधर, प्राचार्य प्रो अनिल कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान उन्नाव के प्राचार्य डॉ पवन कुमार तिवारी, शिक्षक शिक्षा विभाग, डीबीएस कॉलेज कानपुर के विभागाध्यक्ष प्रो सुनील कुमार उपाध्याय ने एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर प्रो सी एम सक्सेना, प्रो प्रज्ञा अग्रवाल, प्रो राजीव सिंह, प्रो प्रीति राठौर, प्रो इंद्राणी दूबे, प्रो अलका सक्सेना, डॉ आलोक श्रीवास्तव, डॉ दीपाली द्विवेदी, डॉ अनुपम दूबे, डॉ ज्ञान प्रकाश, डॉ गौतम हाल, डॉ अनीता निगम, डॉ तमन्ना बेगम, डॉ गौरव सिंह, डॉ सौम्यदीप, डॉ मंजू भास्कर आदि उपस्थित रहे।

# थाना चकेरी क्षेत्र से लापता हुई दो बहनें अभी तक नहीं ढूंढ पाई पुलिस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पुलिस आयुक्त की जनसुनवाई में बुधवार एक पीड़ीत मां ने समाजसेविका अनिता दुआ संग पहुंच अपनी लापता बेटियो को खोज कर लाने की गुहार लगाई है। जनता दर्शन में जनता की फरियाद सुन रहे पुलिस अधिकारी ने थाने को मामला दर्ज करने के लिए फोन कर तलाश करने का आदेश दिया है। थाना चकेरी इलाके में स्थित मंगला बिहार 1 गदियाना निवासी पीड़ीत मां अफसाना ने बताया की उनकी शादी बिहार प्रदेश में हुई थी और उनके पति अब्दुल्ला उड़ीसा में एक फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करते हैं,उनकी दो बेटियां 20 वर्षीय खुशबू जो की 12 बिहार से पास कर कानपुर अपने मायके बेटियो की आगे पढ़ाई के लिए आ कर रह रही है।दूसरी बेटी 19 वर्षीय खुशनुमा जो हाई स्कूल के छात्रा की छात्रा है। बीती 22 जुलाई को अपनी फ्रेंडजो कुछ ही दूरी पर रहती उससे किताब लेने के लिए कह कर गई थी। लेकिन काफी समय बीत जाने पर जब घर वापस नहीं लौटी तो चिंता हुई। काफी खोज बिन कर आस पास तलाश किया लेकिन कही पता नहीं चला। दोनो बेटियो के 24 घंटे से अधिक बीत जाने बाद दुखी मां ने कोयला नगर चौकी में गुमशुदगी की लिखित तहरीर दर्ज करने के लिए दी थी ।

**काफी खोजबीन कर आस पास तलाश किया लेकिन कही पता नहीं चला**

# बिजली कटौती और वसूली के विरोध में केस्को कांग्रेस का हल्ला बोल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर कांग्रेस कमेटी, कानपुर नगर द्वारा अघोषित बिजली कटौती व बिजली बिलों में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ केस्को मुख्यालय, के पास सिविल लाइंस में धरना दिया गया। जिसमें केस्को की बदहाल व्यवस्था और सरकार की गलत व्यवस्था और सरकार की गलत नीतियों के विरुद्ध बिगुल फूंका गया। धरने में शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आलोक मिश्रा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दारियावादी ,सोहेल अख्तर अंसारी, मदन मोहन शुक्ला ,पवन गुप्ता, नरेश चंद्र त्रिपाठी आदि ने संबोधित करते हुए प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि इतनी भीषण गर्मी और उमस का मौसम है जहां खाना खाने की जितनी जरूरत है, जीवन जीने के लिए उतनी ही बिजली की जरूरत है। लेकिन अघोषित बिजली कटौती ने आम जनमानस का जीवन दुर्लभ कर दिया है जनता नरक की जिंदगी जी रही है। बिजली कटौती की वजह से गर्मी और उमस के कारण वरिष्ठ नागरिक व बच्चे बीमार पड़ रहे हैं छात्रों की पढ़ाई नहीं हो रही है लोगों की नींद पूरी नहीं हो पाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं वहीं दूसरी तरफ केस्को के त्रुटि पूर्ण बिलों के माध्यम से गलत वसूली की जा रही है उपभोक्ता को प्रीपेड मीटर के भुगतान पर उसको बिजली खर्च का विवरण नहीं मिल पा रहा है।स्मार्ट मीटर की रफ्तार बहुत तेज है और मीटर खराब साबित हो रहे हैं जिसकी जांच की संपूर्ण व्यवस्था नहीं है शिकायत करने पर हिला हवाली की जाती है फॉल्ट सही होने में 15-15 घंटे लग जाते हैं नई कनेक्शन लेने पर दलाल व्यवस्था हावी है ऐसे में सिर्फ आम आदमी का उत्पीड़न हो रहा है जो कांग्रेस पार्टी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। धरने में प्रमुख रूप से शंकर दत्त मिश्रा,प्रतिभा अटल पाल, मनीष बाजपेई ,दिलीप शुक्ला, सुनीत त्रिपाठी, संजीव मिश्रा ,अमीन खान पूर्व पार्षद राकेश साहू, राम शंकर राय ,सुनील राठौर, हरीश बाजपेई, रामस्वरूप तिवारी, शबनम आदिल, कमल जायसवाल ,गुफरान अहमद चांद, साजिद सर,राजलक्ष्मी ,सुषमा पंत, रूपा,रजनी, ममता परिहार, राजू चंदेल, आजाद बौद्ध, फरदीन, मंकू ठाकुर, अब्दुल तारिक, अफरोज आलम, संजय अवस्थी, शकील मंसूरी, तनवीर खान मंटू, संजय बाथम, शांतनु दीक्षित ,आतिफ रहमान, आरके त्रिपाठी, सुशील तिवारी, निर्भय अवस्थी, विनय सोनकर,आशुतोष शुक्ला, रामजी दुबे, चंद्रमणि मिश्रा, मनु पांडे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# हाल-ए-डफरिन हॉस्पिटल: साढ़े सात घंटे तक डफरिन में बिलखती रही पूजा

* आपरेशन करने नहीं आई महिला डाक्टर
* पूरे दिन करते रहे डाक्टर के आने का इंतजार
* हारकर सीएमएस ने बुलाया दूसरी डाक्टर
* अपर निदेशक ने दिए जांच के निर्देश




**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

जिला महिला अस्पताल की आज दिन शिकायतें सामने आना तो आम बात है गई है, किन्तु भ्रष्टाचार के दलदल मे आकंठ डूब रहे जिला महिला चिकित्सालय मे अब स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की भी कोई सुनवाई नहीं है। जिला महिला चिकित्सालय की डा प्रभा सिंह की लापरवाही के चलते एक प्रसव पीड़िता की जान पर बन आई। प्रसव पीड़ा से बेहाल एक महिला साढे सात घंटे तक छटपटाती रही। किन्तु ड्यूटी होने के बावजूद महिला चिकित्सक प्रसव कराने के लिए अस्पताल नहीं आई। आखिर डा प्रियंका जैन को बुलाया गया जिसने प्रसव पीड़िता का प्रसव कराया। महिला चिकित्सक की इस लापरवाही को अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए हैं।

गोण्डा जिले के लऊवाबीरपुर थाना नवाबगंज निवासी विकास त्रिपाठी 21 जुलाई को अपनी पत्नी पूजा शुक्ला को प्रात आठ बजे प्रसव पीड़ा होने पर जिला महिला अस्पताल लाए थे। उनका आरोप है कि प्रात साढ़े नौ बजे से अपरान्ह पाच बजे तक साढ़े सात घंटे तक पूजा बिलखती रही। बाद मे सीएमएस ने किसी प्रकार डा प्रियंका जैन को बुलाकर पूजा का प्रसव कराया। बताते चले कि पूजा अपर निदेशक अयोध्या मण्डल के वाहन चालक दिनेश तिवारी के भतीजे की पत्नी है। स्वयं दिनेश तिवारी अस्पताल स्टाफ के सामने गिड़गिड़ाते रहे किन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। जब महिला अस्पताल मे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों का कोई पुरसाहाल नहीं है तो आम लोगों को कितनी परेशानी झेलनी पड़ती होगी सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है।

## लापता हुए दो बच्चों को पुलिस ने खोज निकाला, शहर में मिले दोनों नाबालिग

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकर पुर गांव के रहने वाले दो बच्चों के लापता होने के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने दोनों बच्चों को शहर से बरामद कर लिया है। दोनों नाबालिग शहर कैसे पहुंचे पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के मधुकर पुर गांव के रहने वाले हैं दो भाई कक्षा 6 और कक्षा 8 में पढ़ते हैं। दोनों भाई कल शाम करीब 5 बजे से लापता हो गए थे। जिसके बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई। मामले की शिकायत मिलने के बाद कोतवाली नगर व लालगंज पुलिस के संयुक्त प्रयास से दोनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया। बच्चों की बरामदगी के बाद दोनों बच्चों के परिजनों को बुलाकर कोतवाल राजेश सिंह ने उनके सुपुर्द कर दिया। वहीं पुलिस ने जब बच्चों से पूछा कि वे दोनों मधुकर पुर से शहर कैसे पहुंच गए तो दोनों में से कोई कुछ ठीक से नहीं बता पा रहा है। बच्चों को परिजनों को सौंप दिया गया है। वहीं परिजन भी यही पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि दोनों बच्चे गांव से शहर कैसे पहुंच गए। वहीं स्थानीय लोगों ने बच्चों की बरामदगी के बाद पुलिस का आभार जताया है।

## अजब गजब: रुदौली में स्वास्थ्य विभाग की छत्र छाया मे संचालित हो रहा डायग्नोस्टिक सेंटर

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

स्वास्थ्य विभाग के खेल निराले हैं। विभागीय अधिकारियों की छत्रछाया मे बिना किसी रेडियोलाजिस्ट के एक डायग्नोस्टिक सेंटर पर मनमाना शुल्क लेकर मरीजों को फर्जी जांच रिपोर्ट थमायी जा रही है। ऐसा नहीं कि मरीजों के जीवन के साथ हो रहे खिलवाड़ की जानकारी सीएमओ आफिस के जिम्मेदार अधिकारियों को नहीं है फिर भी नोडल अधिकारी डा डीके शर्मा के संरक्षण मे फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर चलाया जा रहा है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी हो चुकी है। यहां तक कि प्रदेश शासन के एक मंत्री ने तत्काल डायग्नोस्टिक सेंटर को बन्द कराने के लिए भी निर्देश दिया इसके बावजूद फर्जी डायग्नोस्टिक सेंटर बेधड़ चलाया जा रहा है। अयोध्या जिले की रुदौली तहसील क्षेत्र मे सीएचसी रुदौली के निकट सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर संचालित किया जा रहा है। जिसमे कोई रेडियोलाजिस्ट नियुक्त नही है। बिना रेडियोलाजिस्ट के फर्जी मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर मरीजों को दी जा रही है। ऐसे मे मरीजों का गलत उपचार होने की पूरी संभावना है। सूत्रों के अनुसार सिद्धि डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालक प्रतिभा सिंह के रेडियोलाजिस्ट रहे डा आरपी सिंह के सम्बन्ध बिगड़ने पर उन्होंने 12 जुलाई को सीएमओ डा संजय जैन का संचालन करने से इनकार करते हुए इस्तीफा दे दिया। उसके बाद सीएमओ ने डायग्नोस्टिक सेंटर की संचालक प्रतिभा सिंह को डायग्नोस्टिक सेंटर बन्द करने के लिए नोटिस दे दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### गोदाम इंचार्ज को जिला कृषि अधिकारी, अयोध्या द्वारा कड़ी चेतावनी जारी

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** विकासखंड पूरा बाजार में सोमवार को मिनी किट बीज वितरण में धाधली को लेकर जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने नाराजगी जताते हुए जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा से लिखित शिकायत की शिवेन्द्र सिंह ने जिला कृषि अधिकारी को सूचित किया कि विकासखण्ड पूराबाजार में आयोजित मिनीकिट वितरण कार्यक्रम में केवल ज्वार, बाजरा व रागी फसल के बीज मिनीकिट ही चंद किसानों को वितरण किए गए। जबकि पूर्व में ही जिला कृषि अधिकारी के कार्यालय पत्रांक-288 दिनॉक-06.07.2024 के माध्यम से निर्देश दिया गया था कि सभी प्रकार के दलहनी, तिलहनी व श्री अन्न (मिलेट्स) के मिनीकिट का वितरण सुनिश्चित किया जाए। परंतु रामयश गुप्ता, प्रभारी, राजकीय कृषि बीज भण्डार, आशापुर, पूराबाजार-अयोध्या द्वारा ऐसा ना करके कुछ अपने चाहते किसानों को आधा अधूरा मिनी किट वितरण कर कोरमा को पूरा कर दिया यह गोदाम इंचार्ज पिछले कई वर्षों से यहां पर अपने पहुंच के नाते बना हुआ है जिससे कोई भी अधिकारी इसको यहां से दूसरे स्थान पर नहीं भेज रहे हैं इसकी शिकायत कई बार किसानों ने जिला कृषि अधिकारी से भी कर चुका है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया कि इस निर्देश की अवहेलना खेदजनक है और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया है। साथ ही, खरीफ 2024 के दौरान वितरित किए गए समस्त बीज मिनीकिटों की सूची जिला प्रमुख संघ अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह को अवलोकित कराते हुए वस्तुस्थिति की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। ऐसा न करने पर गोदान इंचार्ज राम यस गुप्ता के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी, जिसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होंगे।

### दिव्यांग बच्चों का परीक्षण कर प्रमाण पत्र दिया गया

**जन एक्सप्रेस/पूरा बाजार-अयोध्या।** जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पूरा बाजार अयोध्या में समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत परिषदीय विद्यालय में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों को प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कैंप की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी रियाजउद्दीन एवम संचालन जिला समन्यवक समेकित शिक्षा शिवाकांत द्विवेदी द्वारा किया गया। कैंप में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ आदित्य प्रकाश, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ जयति पाण्डेय, मनोरोग विशेषज्ञ मुकेश पाठक द्वारा अस्थिबाधित, दृष्टिबाधित,मानसिक दिव्यांग,बच्चों का परीक्षण किया गया। कुल 53 बच्चो द्वारा प्रतिभाग किया गया,जिसमे से कुल 23 बच्चो को प्रमाण पत्र हेतु चिन्हित किया गया। कैंप को संपन्न कराने में गणेश प्रताप सिंह,पूरा ब्लॉक से देवकांत मिश्रा, पूनम राय, बीना वर्मा, फिजियोथेरेपिस्ट विवेक श्रीवास्तव, मया ब्लॉक से राजेश वर्मा, जगजीत शर्मा, जिला चिकित्सालय के सचिन उपस्थित रहे।

### पेड़ पौधों का आध्यात्मिक महत्व: उषा रावत

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशव्यापी अभियान अंतर्गत मिल्कीपुर विधानसभा 273 उपचुनाव में भाजपा से प्रमुख दावेदार उत्तर प्रदेश महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष उषा रावत ने कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय पलिया लोहानी में किया पौधारोपण इस अवसर उन्होंने कहा पेड़ पौधे पशु पक्षियों के लिए ही नहीं अपितु मानव जीवन के लिए के कई रुपों में उपयोगी है। पेड़ पौधों का आध्यात्मिक महत्व भी खूब है। एक तरफ जहां इमारती लकड़ियां, जड़ी बूटियां व अन्य औषधियां मिलती है वहीं सनातन धर्म में नीम, पीपल की पूजा भी की जाती है। सभी लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में रहने के लिए कम से कम एक पेड़ अवश्य लगायें। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगन्नाथ वर्मा, डॉक्टर अजय सिंह ब्लॉक पी०टी०आई०, राजेश तिवारी, चंद्रभान यादव, राममिलन, सतीश यादव, भारती मिश्रा, कपिल सिंह, दिव्यांशु सिंह, अशरफ खान के अलावा विद्यालय के टीचर्स व बच्चे रहे मौजूद।

### अयोध्या नगरी में सावन के साथ आई झूलन उत्सव की बहार

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** रामनगरी में सावन माह के साथ झूलन उत्सव की बहार आ गई है। राम नगरी के अन्य मंदिरों में जहां सावन शुक्ल पक्ष की विभिन्न तिथियां से पूर्णिमा तक आराध्य को झूलन उत्सव पर स्थापित किया जाता है द्य वही मधुर उपासना परंपरा की प्रधान पीठ रंगमहल में सावन के पूर्व संध्या से ही आराध्य हिंडोले पर विराजमान हो जाते हैं। यहां के झूलन उत्सव की शान भी निराली है। रंग महल में अवध बिहारी बिहानी के नाम से स्थापित श्री और सीता की युगल विग्रह सहित भरत मांडवी, लक्ष्मण उर्मिला तथा शत्रुघ्न सुकृति के भी युगल विग्रह हिंडोले पर विराजमान होते हैं। उन मंदिरों के एक हिंडोले में विपरीत यहां चार हिंडोले सजते हैं। झूलन उत्सव में गायको की टोली गीत और पदों से आराध्या को पूरे भाव में ले जाने का प्रयत्न करते हैं। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रंग महल पीठाधीश्वर रामशरण दास के संयोजन में यहां का झूलन उत्सव आराध्य के साथ संत श्रद्धालुओं को भी मोहित कर रहा है। महंत रामशरण दास पूरे समर्पण और दायित्व के साथ उत्सव का संयोजन कर रहे हैं। वह यह भी कहते हैं उत्सव की भक्ति की पूंजी है और वह इसके साथ आराध्य की ओर बढ़ता है। जीवन में हल्का साभिचकन शिकायत बताती है कि हमारा विश्वास टूटा नहीं है और उत्सव बताता है कि हम उसके साथ परम आनंद की अनुभूति कर रहे हैं। करीब ढाई सौ वर्ष पूर्व रंग महल की स्थापना महान मधुर उपासक संत सरयू शरण ने की थी और श्री राम तथा सीता सहित उनके युग के अनेक पत्रों को सनातन शाश्वत मानते हुए युवराज एवं राम विवाह उत्सव जैसे उत्सव को नया आयाम दिया है।

### अयोध्या को जल्द मिल सकती है 110 करोड़ रुपए की योजनाओं की सौगात

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भले ही अयोध्या में मां सरयू प्रवाहमान हैं, लेकिन नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ सरकार रामनगरी में विकास की गंगा का अवतरण कराने में कोई कमी नहीं छोड़ रही है। हाल ही में गठित हुए अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद भी योजनाओं का पिटारा खोलने जा रहा है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बैठक कर 110 करोड़ की योजनाओं को हरी झंडी दे सकते हैँ। रामनगरी में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक बार फिर से कई योजनाओं पर काम शुरू होने जा रहा है। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के पास 11 प्रोजेक्ट भेजे गए हैं। 110 करोड़ की इन परियोजनाओं पर परिषद की बैठक में मंजूरी मिलना तय है। इसी महीने सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में तीर्थ विकास परिषद की बैठक संभावित है। बता दें कि अयोध्या में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं पर काम चल रहा है। अब कुछ नई योजनाओं पर काम शुरू करने तैयारी हो रही है। रामनगरी की पौराणिकता की गवाह मणिपर्वत का भी सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। मणिपर्वत भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित है। यहां हर साल सावन माह में मेला लगता है।

# ब्लॉक प्रमुख का 3 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर समारोह का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। पूरा बाजार-अयोध्या**




ब्लॉक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने ब्लॉक प्रमुख के 3 वर्ष के कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा होने के उपलक्ष में ब्लॉक प्रांगण में बने सभागार में समारोह का आयोजन किया जिसमें पूरा ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यो के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। समारोह को संबोधित करते हुए में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शिवेंद्र सिंह ने ब्लॉक को प्रत्येक क्षेत्र में सुसज्जित कर प्रदेश में पूरा बाजार का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह संजोग ही है कि आज शिवेंद्र सिंह का जन्मदिन भी है इसलिए उन्होंने उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दिया। समारोह में क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा क्षेत्र के विकास में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए करने पर शिवेंद्र सिंह के सौजन्य से मुख्य अतिथि विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव सिंह महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों में महिलाओं को उपहार स्वरूप टीवी व पुरुष क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उपहार स्वरूप मोबाइल भेंट किया पुरुष क्षेत्र पंचायत सदस्यों में जिन लोगों ने मोबाइल नहीं लिया उसके स्थान पर उन्हें टीवी भेंट किया गया। टीवी व मोबाइल वितरण में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री स्वाति सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल साहब सिंह शैलेंद्र कोरी खंड विकास अधिकारी अनुराग सिंह गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक सिंह अंकुर प्रधान संघ के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव ने भी वितरण में सहयोग किया शिवेंद्र सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा उत्साह वर्धन करने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर सहभोज का भी आयोजन किया गया था।

## विकास प्राधिकरण के सचिव पर दुकान के आवंटी ने तानी रिवाल्वर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण के सचिव सत्येंद्र प्रताप सिंह पर एक दुकान आवंटी पंकज उपाध्याय ने रिवाल्वर तान ली। शोर मचाने पर पहुंचे प्राधिकरण के कर्मचारियों ने पंकज उपाध्याय को पकड़ कर पुलिस के हवाले, किया। कैंट पुलिस ने उसे हिरासत मे ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुप्तार घाट पर पंकज उपाध्याय को दुकान आवंटित की गई थी। दुकान का पैसा जमाना होने पर प्राधिकरण ने उसे नोटिस भेजा था। पंकज उपाध्याय इस मामले मे हाई कोर्ट गया था। हाई कोर्ट ने मामले को समाधान करने के लिए प्राधिकरण को निर्देश दिया था। बार-बार प्राधिकरण ऑफिस के कर्मचारी उसके घर जाकर अभद्रता करते थे। वह पैसा नहीं जमा कर रहा था। बुधवार को प्राधिकरण के सचिव पर बहस के दौरान आक्रोशित पंकज ने रिवाल्वर, तान दी। पंकज वर्तमान मे अयोध्या के जनकपुरी का निवासी है। जबकि मूलरूप से वह अंबेडकरनगर का निवासी है।

## सदर विधायक ने बिजली विभाग व सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर की समीक्षा



**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने विधुत विभाग और सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर क्षेत्र में लो-वोल्टेज एवं अघोषित बिजली कटौती और नहरों में पानी की कमी से किसानों को आ रही समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान कराने का कड़ा निर्देश दिया।

आपको बता दें कि, वर्तमान समय में धान की रोपाई पूरे जोर-शोर से चल रही है और बारिश न होने की वजह से किसानों को खेतों में पानी की कमी से जूझना पड़ रहा है लो-वोल्टेज और अघोषित कटौती एवं नहरों में पानी की कमी से उनकी समस्याऐं और अधिक जटिल हो गयी है।

बैठक के दौरान अदिति सिंह ने उपस्थित बिजली विभाग के अधीक्षण अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता सिचाई विभाग से कड़ी आपत्ति दर्ज करवाते हुए एक सप्ताह के अन्दर किसानों को अधिक से अधिक बिजली आपूर्ति एवं नहरों में पानी उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया।

## ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों के प्रधानों एवम सचिवों से सीडीओ ने किया संवाद

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने विकास भवन सभागार में स्वच्छभारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों के रूप में चयनित ग्रामों में कार्यों को पूर्ण कराए जाने को लेकर ग्राम प्रधानों एवं पंचायत सचिवों से सीधा संवाद किया। उन्होंने विकास खंड बहादुरपुर की ग्राम पंचायत ओदारी, तेंदुआ, ब्रहमिनी पीढ़ी, सराय महेशा, मोहना, जमालपुर, रामपुर, सैम्बसी तथा विकास खंड भादर के टीकरमाफी एवं नरहरपुर के ग्राम प्रधान तथा पंचायत सचिव से सीधा संवाद किया। सीडीओ द्वारा संदर्भित ग्राम पंचायत में ओडीएफ प्लस तथा एस एलडब्लूएम के तहत कराए गए कार्यों के बारे में विस्तृत जानकारी भी ली गई। और उन्हें साफ सफाई बनाए रखने हेतु सुझाव भी दिए गए। साथ ही समस्त ग्राम प्रधानों, पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत के कचरा ढोने वाले वाहन अर्थात ई रिक्शा की मैकेनिकल जानकारी हेतु संबंधित ई रिक्शा एजेंसी के मैकेनिक से समन्वय स्थापित करते हुए वाहन चालकों के वर्कशॉप आयोजन हेतु निर्देश भी दिया गया।ज्ञात हो कि इस वर्कशॉप से वाहन चालक हाइड्रोलिक मशीन तथा अन्य उपकरण के बारे में विधिवत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। एवं आपातकालीन स्थिति में वह स्वयं से ही मरम्मत करने में सक्षम हो सकेंगे।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत के प्रधानों से एक-एक करके गांव स्तर आ रही समस्याओं को विस्तार से सुना। और उनके निराकरण हेतु जिला पंचायत राज्य अधिकारी को निर्देशित किया।

# नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति को लेकर जिलाधिकारी ने किया समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




जिलाधिकारी निशा अनंत ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सिंचाई व विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर नहरों में पानी व रोस्टर के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने को लेकर समीक्षा किया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में नहरों में पानी न आने तथा बिजली से संबंधित शिकायतें अत्यधिक प्राप्त हो रही हैं। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से नहरों में पानी की स्थिति की जानकारी ली। और कहा कि नहरों में रोस्टर के अनुसार पानी दिया जाए। जिससे किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाए। और नहरों में पानी दिए जाने के रोस्टर का जन सामान्य में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाए। जिससे किसानों को जानकारी हो सके कि उनके क्षेत्र में पड़ने वाली नहरों में कब तक पानी आएगा।

बैठक में डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों से रोस्टर के अनुसार विद्युत आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली।एवं कहा कि वर्तमान समय में बिजली को लेकर शिकायतें आ रही हैं।बताते चलें कि जिन क्षेत्रों में नहरों का पानी नहीं पहुंच पा रहा है,वहां सरकारी नलकूपों से सिंचाई हो रही है।परंतु विद्युत कटौती तथा लो वोल्टेज के कारण नलकूप नहीं चल पा रहे हैं।जिसको लेकर उन्होंने कहा कि सरकारी नलकूपों पर अनिवार्य रूप से विद्युत आपूर्ति की जाए। तथा वहां पर लो वोल्टेज की समस्या ना रहे।जिससे किसानभाइयों को सिंचाई हेतु सुविधा मिल सके। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया की विद्युत आपूर्ति का रोस्टर जारी किया जाए। हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने को कहा। जिससे जन सामान्य विद्युत से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या हेतु सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्तमान स्थिति को देखते हुए विद्युत व सिंचाई विभाग को दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा।इस दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत संजय गुप्ता, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 41 मनीष रंजन सहित सिंचाई व विद्युत विभाग के अन्य अधिशासी अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# वन स्टॉप सेंटर की टीम ने बालिकाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**



भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प एचईडब्लू के अंतर्गत 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। **100 डेज कैंपेन** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की थीम पर जनपद स्तर पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय व जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा जी के दिशा निर्देशानुसार आज कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय बाला, हरचंदपुर रायबरेली में वन स्टाप सेंटर की सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति ने 181 महिला हेल्पलाइन के बारे में बताया की महिलाओं, बच्चो के रेस्क्यू से लेकर उनके पुनर्वासन, अस्थायी आश्रय, विधिक व मेडिकल सहायता तक वन स्टॉप सेंटर में मिलती है।

साथ ही महिलाओं/बालिकाओं के हित में विभाग द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे 15000 से बढाकर 25000 की धनराशि कर दी गयी एवं स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ में 18 वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने ,अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी व साथ ही उनके अधिकारों के बारे में बताया गया, व सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090, 112, 1930, 108, 102 की जानकारी भी प्रदान की गई साथ ही बालिकाओं को सोशल मीडिया के द्वारा होने वाले अपराधों से कैसे बचा जाए के बारे में चर्चा की गई।

सखी वन स्टॉप सेंटर की सेंटर मैनेजर आस्था ज्योति, केस वर्कर अर्चना सिन्हा द्वारा महिलाओं के साथ हो रहे घरेलू हिंसा के ऊपर खुलकर चर्चा किया गया।

महिलाओं को बताया गया कि अगर उनके साथ या पास-पड़ोस में किसी के भी साथ किसी भी प्रकार का हिंसा हो रही है, तो वह वन स्टॉप सेंटर से संपर्क कर सकती है, या फिर टोल फ्री नंबर पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकती है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शिल्पी सिंह, एवं अध्यापिका राखी, प्रियंका, रंजीता वन स्टाप सेंटर की केस वर्कर अर्चना सिन्हा उपस्थित रही।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में संविदाकार सम्मेलन संपन्न

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**





एनटीपीसी ऊंचाहार में एनटीपीसी एमएसएमई सेल व संविदा एवं सामग्री विभाग के सौजन्य से विशेष संविदाकार सम्मेलन का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने सभी संविदाकारों से संवाद स्थापित करते हुए कहा कि संविदाकार एनटीपीसी की प्रगति में सहभागी होने के नाते हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं और एनटीपीसी को विश्वस्तरीय कंपनी बनाने में संविदाकारों का भी बहुत बड़ा योगदान है। श्री छाबड़ा ने संविदाकारों के सुझावों को सुना तथा यथासंभव क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। इस सम्मेलन की विशेष बात यह रही कि इसमें एमएसएमई के तहत लघु उद्योगों के क्षेत्र में मिल रहे अवसरों पर प्रकाश डाला गया, जिसका लाभ सम्मेलन में प्रतिभाग कर रहे 70 संविदाकारों के साथ-साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति के 25 तथा 3 महिला संविदाकारों को भी मिला। इस अवसर पर जेम व आरएक्सआईएल द्वारा प्रेजेंटेशन देकर संविदाकारों को जागरुक किया गया। कार्यक्रम में एससी-एसटी हब लखनऊ की ओर से ए के श्रीवास्तव ने संविदाकारों का मार्गदर्शन किया। मानव संसाधन विभाग की प्रमुख श्रीमती रूमा दे शर्मा ने कार्यक्रम की प्रासंगिकता की चर्चा करते हुए बताया कि सभी संविदाकार अनुबंध की नियम एवं शर्तों के दायरे में गुणवत्तापूर्ण कार्य करें तथा उनके अधीनस्थ कार्य करने वाले संविदाकर्मियों के औद्योगिक सुरक्षा और कार्यक्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का ख्याल रखें ताकि एनटीपीसी का शून्य दुर्घटना लक्ष्य कायम रहे। संविदा एवं सामग्री विभाग के विभागाध्यक्ष श्री तिरुमला मुरली मोहन ने सभी संविदाकारों का परिचय कराया तथा कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डाला व उप महाप्रबंधक (संविदा एवं सामग्री) श्रीमती रजनीश गोयल ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# मिट्टी के खनन में रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 2 माह और परमिट 6 माह तक होगा वैलिड

- मिट्टी खनन और परिवहन को लेकर योगी सरकार ने दिया दिशा निर्देश
- 100 घन मी. मिट्टी के खनन के लिए ऑनलाइन जारी होगा रजिस्ट्रेशन लेटर
- 100 घन मी. से अधिक मिट्टी के खनन के लिए ऑनलाइन लेना होगा परमिट
- ऑनलाइन आवेदन के साथ ही अपलोड करने होंगे सभी जरूरी दस्तावेज
- गलत जानकारी देने पर रद किया जा सकेगा रजिस्ट्रेशन लेटर और परमिट
- बिना परमिट खनन को माना जाएगा अवैध खनन, सुसंगत धाराओं में होगी कार्रवाई
- जीओ की प्रति सभी एमएलए और एमएलसी को उपलब्ध कराने के निर्देश



जन एक्सप्रेस । लखनऊ

जन सामान्य और अन्नदाता किसानों के द्वारा साधारण मिट्टी का खनन एवं परिवहन किए जाने के संबंध में योगी सरकार की ओर से जारी निर्देशों के क्रम में अब रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट और परमिट की प्रक्रिया के विषय में पूरी जानकारी दी गई है। इसमें भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग द्वारा जारी पूर्व के शासनादेश का संदर्भ दिया गया है। इसके अनुसार, 100 घन मीटर मिट्टी के खनन एवं परिवहन के लिए रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट 2 माह तक, जबकि 100 घन मीटर से अधिक मिट्टी के खनन और परिवहन के लिए परमिट 6 माह तक वैलिड होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की ओर से सभी जिलाधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा गया है कि इस शासनादेश की प्रतिलिपि समस्त विधानसभा सदस्यों एवं विधान परिषद सदस्यों को भी उपलब्ध कराई जाए। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव की ओर से हाल ही में निर्देश जारी किए गए थे कि ऑनलाइन व्यवस्था का उपयोग करते हुए 100 घन मीटर तक की मिट्टी की मात्रा स्वयं के खेतों से खनन व परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा सकती है। इसमें ये भी कहा गया था कि किसी भी दशा में दूसरे प्रदेश में इस प्रदेश से मिट्टी की खुदाई कर परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी। आदेश में तहसील व थाने के कर्मियों से इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देशित किया गया था।

### ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य

मुख्य सचिव द्वारा जारी निर्देशों में 2020 का जीओ भी संलग्न किया गया है, जिसके अनुसार 100 घन मीटर तक साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन के लिए विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए परमिट की आवश्यकता नहीं होगी। रजिस्ट्रेशन के दौरान नाम, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी के साथ ही साधारण मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित भूस्वामी की सहमति, खनन का प्रयोजन, आवेदित खनन क्षेत्र का पूरा विवरण और परिवहन किए जाने वाले वाहन का प्रकार एवं अन्य आवश्यक विवरण/अभिलेख अपलोड करना होगा। इसके बाद आवेदक को पोर्टल से स्वजनित पंजीकरण प्रमाण पत्र प्राप्त होगा जो परिवहन प्रपत्र के रूप में माना जाएगा। इसके लिए अलग से ईएमएम की आवश्यकता नहीं होगी। पंजीकरण प्रमाण पत्र अधिकतम दो महीने या मात्रा की निकासी पूर्ण होने तक (जो भी पहले हो) के लिए मान्य होगा। गलत जानकारी देने पर पोर्टल के माध्यम से संबंधित जिलाधिकारी द्वारा पंजीकरण समाप्त किया जा सकता है।

### देनी होंगी सभी जरूरी जानकारियां

100 घन मीटर से अधिक साधारण मिट्टी के खनन व परिवहन के लिए भी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से परमिट लेने की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। इसमें भी नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ-साथ मिट्टी की मात्रा, खतौनी व मानचित्र सहित भूस्वामी की सहमति, खनन का प्रयोजन, क्षेत्र का विवरण ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रस्तुत किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र की जांच के बाद स्वीकृति या अस्वीकृत संबंधी सूचना पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। परमिट भी ऑनलाइन ही निर्गत किया जाएगा। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से 7 दिन के अंदर यह कार्यवाही की जाएगी। परमिट लेटर जारी होने के बाद साधारण मिट्टी के परिवहन के लिए ईएमएम 11 जेनरेशन की कार्यवाही निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की जाएगी। परमिट की अवधि अधिकतम 6 माह होगी, जो स्वीकृत मात्रा एवं परिवहन के संसाधनों के आधार पर जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित किया जाएगा। मिट्टी के संवेदनशील खनन क्षेत्र से खनन संक्रिया प्रतिबंधित किए जाने या किसी सार्वजनिक संपत्ति के सुरक्षा के चलते सुरक्षात्मका दूरी निर्धारित करने का अधिकारी जिलाधिकारी में निहित होगा। बिना परमिट के साधारण मिट्टी के खनन को अवैध खनन की श्रेणी में माना जाएगा और इस संबंध में खान एवं खनिज अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाएगी।

# लखनऊ से कानपुर के लिए जल्द दौड़ेगी वंदे मेट्रो गोमती नगर से भोपाल के लिए चलेगी वंदे भारत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



कानपुर के लिए लखनऊ से सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे मेट्रो जल्द पटरी पर उतर सकती है। अफसरों को इसके लिए रेल बजट में 240 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद है। ऐसे ही गोमतीनगर से भोपाल के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस, कटरा व पुरी के लिए नई ट्रेन की सौगात यात्रियों को मिल सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से मंगलवार को पेश किए गए आम बजट में रेलवे के लिए कुल 2.62 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें सेफ्टी व मेंटेनेंस के मद में 1.08 लाख करोड़ दिए गए हैं। लखनऊ मंडल में रेलवे नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए आवंटित की गई रकम की जानकारी अगले सप्ताह पिंक बुक जारी होने पर मिलेगी। आला अफसरों को उम्मीद है कि लखनऊ से कानपुर के बीच वंदे मेट्रो चलाने का खाका तैयार कर लिया गया है। इसके लिए रूट के स्टेशनों की इंटरलॉकिंग, ट्रैक मेंटेनेंस आदि पहले ही हो चुका है। रूट पर ट्रैक स्पीड भी बढ़ाई जा रही है। कानपुर के लिए चलने वाली वंदे मेट्रो की स्पीड 130 से 160 किमी प्रति घंटे के बीच रहेगी। इससे कानपुर की दूरी महज 45 मिनट में पूरी कर ली जाएगी, जिससे यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। वहीं, गोमतीनगर से भोपाल के लिए वंदे भारत शुरू करने की भी तैयारी है। पुरी व कटरा के लिए ट्रेन शुरू करने का प्लान पहले से है।

### चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन को मिलेगी गति

उत्तर रेलवे के चारबाग स्टेशन के अपग्रेडेशन का काम कराया जा रहा है। सेकेंड एंट्री बन रही है। जल्द एयर कॉन्कोर्स का निर्माण शुरू किया जाएगा। अपग्रेडेशन के लिए 450 करोड़ रुपये मिल चुके हैं। बजट में इसके लिए रकम मिलने से काम से तेजी आएगी। अमृत भारत स्टेशनों के विकास को भी गति मिलेगी।

### फोरलेन आउटर बनेगा, घटेगी ट्रेनों की लेटलतीफी

चारबाग से दिलकुशा व आलमनगर की ओर फोरलेन आउटर बनाया जाना है। दिलकुशा आउटर के लिए काम शुरू हो चुका है। फोरलेन आउटर बन जाने से ट्रेनों को आउटर पर नहीं रोकना पड़ेगा। इससे इनकी लेटलतीफी घटेगी।

### ट्रेनों की सेफ्टी व यात्रियों की सुरक्षा पर भी होगा खर्च

लखनऊ मंडल में ट्रेन हादसे रोकने के लिए सेफ्टी व यात्रियों की ट्रेनों में सुरक्षा पर खासा खर्च होगा। इसके लिए सौ करोड़ रुपये तक मिल सकते हैं। इससे सीसीटीवी कैमरों से लेकर हैंड हेल्ड मशीनें, लगेज स्कैनर, इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी सिस्टम बनाया जाएगा।

# उप जिलाधिकारी ने दिया आश्वासन जल्द कराई जाएगी जांच, अवैध कब्जेदारों पर हो सकती है बड़ी कार्रवाई

- तीन वर्षों में सड़क से लेकर रेडीमेड दीवार तक का हो गया निर्माण

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** राजधानी की मोहनलालगंज तहसील में भूमाफियाओं का आतंक दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। सब का समूचा राजस्व विभाग घोर लापरवाही की जड़ में समा सा गया है। जहां कार्य की अधिकता का हवाला देकर अधिकारी कार्रवाई करने से अपना पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं वहीं भू माफिया किस्म के लोग सरकारी भूमियों/ सुरक्षित भूमियों को कब्जा कर बेच रहें हैं और लाखों करोड़ों की चांदी काट रहे हैं। मामला मोहनलालगंज तहसील के अंतर्गत नगर पंचायत के डेहवा की गाटा संख्या 864 व अतरौली की गाटा संख्या 175 का है, जिसपर पी एस एस डेवलपर्स के संचालक सुनील सिंह व अन्य के द्वारा अपनी अवैध प्लाटिंग का कच्चा रास्ता निर्माण कराया जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरकारी अभिलेखों में दर्ज तालाब खाते की भूमि से लगी आर्यन प्रॉपर्टीज व अमृत प्रकाश नाम के खातेदारों की प्रॉपर्टी को भी उक्त तालाब के सहारे उक्त बिल्डर द्वार निशाना बनाया जा रहा है।

### मौन हैं उपजिलाधिकारी, कन्नी काट रहे राजस्व निरीक्षक मोहनलालगंज क्षेत्र में तालाब पर प्रॉपर्टी डीलर का कब्जा



अवैध सड़क निर्माण के समय की तस्वीर

- वर्ष 2021 में बना डाली कच्ची सड़क, तालाब के संरक्षण में नहीं किए गए प्रयास

जन एक्सप्रेस । विश्वामित्र पांडेय

**लखनऊ।** राजधानी की मोहनलालगंज तहसील में तैनात राजस्व अधिकारियों और कुछ लेखपालों का आलम यह है कि अपने काम को लेकर इतने उदासीन हो गए हैं कि तालाब सहित सरकारी जमीनों पर प्रॉपर्टी डीलर कब्जा कर अवैध प्लाटिंग का कारोबार कर रहे हैं लेकिन उनकी जांच के नाम पर राजस्व अधिकारियों द्वारा लगातार लीपापोती की गई। मामला मोहनलालगंज नगर पंचायत के ग्राम डेहवा व अतरौली का है, जहां राजस्व विभाग आज तक तालाब की जमीन खाली करने में लाचार दिख रहा है। पूर्व में राजस्व अधिकारियों द्वारा दी गई जांच रिपोर्ट के अनुसार अतरौली की गाटा संख्या 175 रकबा 0.077 हे. तालाब के नाम दर्ज है इसके बावजूद आज तक उसके संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। मामले की शिकायत लगातार पीड़ितों द्वारा की जाती रही है। फिलहाल मामले की जानकारी के लिए उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज से उनके सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। अतरौली की तत्कालीन लेखपाल पद्मजा श्रीवास्तव द्वारा 01/02/2021 को प्राप्त शिकायत की जांच रिपोर्ट के अनुसार अतरौली की गाटा संख्या 175 रकबा 0.077 हे. तालाब दर्ज है जिसका सीमांकन भी किया गया था। लेकिन वर्तमान स्थिति बिल्कुल उलट देखी जा सकती है।

*जन एक्सप्रेस की पड़ताल जारी... शेष अगले अंक में...*

**तालाब की जमीन पर एसएस बिल्डर का अवैध कब्जा**

जानकारों की मानें तो जिस नगर पंचायत मोहनलालगंज के ग्राम अतरौली गाटा संख्या 175 रकबा 0.0770 हे. (तालाब) व ग्राम डेहवा 864 रकबा 0.1140 हे. तालाब पर एसएस बिल्डर द्वारा कच्ची सड़क बनाकर अवैध कब्जा किया गया है। जबकि मौजूदा अभिलेखीय साक्ष्यों में उक्त भूमि तालाब के नाम दर्ज है। अपनी साइड चमकाने के उद्देश्य से एसएस बिल्डर द्वारा कच्ची सड़क बनाकर व साइड का मुख्य मार्ग दर्शा कर अवैध रूप से सैकड़ों लोगों को आवासीय भूखंड की बिक्री की है।



प्रॉपर्टी डीलर द्वारा बनाई गई रेडिमेट दीवार

> तालाब के संरक्षण को लेकर सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाएगी, कार्य की अधिकता के चलते अब तक जांच नहीं हो पाई लेकिन अब तत्काल प्रभाव से दोनो तालाबों की जांच कराकर आवश्यक करवाई की जाएगी।
> -उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज

### तालाब पर कब्जे की पूर्व में भी की जा चुकी है शिकायत

वर्ष 2021 में आईजीआरएस संदर्भ संख्या 92115700003943 द्वारा की गई शिकायत पर तत्कालीन लेखपाल पद्मजा श्रीवास्तव द्वारा दिनांक 01/02/2021 को दी गई जांच आख्या में कहा गया कि अतरौली ग्राम पंचायत की गाटा संख्या 175 तालाब की भूमि का राजस्व निरीक्षक की निगरानी में राजस्व टीम द्वारा सीमांकन कर दिया गया है, जबकि एक वर्ष बाद यानी 2022 में की गई आईजीआरएस संदर्भ संख्या 92315700024430 में तत्कालीन लेखपाल ओमसिंह राना ने जांच आख्या में कहा कि ग्राम पंचायत देहवा की गाटा संख्या 864 रकबा 0.144 हे. तालाब में कच्चा सार्वजनिक रास्ता बनाया गया है बाकी अन्य हिस्सा खाली है।

### वर्तमान में खड़ी कर दी गई रेडिमेट दीवार

पहली शिकायत पर रास्ते का कोई जिक्र न होने के बाद वर्ष 2022 में प्रॉपर्टी डीलर द्वारा अवैध रास्ते का निर्माण किया गया जिसके बाद धीरे धीरे राजस्व कर्मियों को धन बल का लोभ देकर रेडिमेट दीवार बनाई जा रही है। जिसकी जानकारी उप जिलाधिकारी मोहनलालगंज को दिए जाने के बाद तालाब पर जीरो टॉलरेंस नीति का हवाला देकर सख्त कार्यवाही किए जाने की बात कही गई है।

# वृक्षारोपण महाभियान: सूखना नही चाहिए रोपित एक भी पौधा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के पर्यावरण, वन, जलवायु परिवर्तन एवं जन्तु उद्यान राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डा अरूण कुमार सक्सेना ने 20 जुलाई को रोपित हुए 36.50 करोड़ से अधिक पौधों के स्थिति की समीक्षा करते हुए कहा कि अपर्याप्त वर्षा के कारण पौधों की सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही रोपण स्थलों की सुरक्षा का व्यापक प्रबंध किया जाये। विभागीय अधिकारी रोपित क्षेत्रों का नियमित निरीक्षण करते रहें।डा सक्सेना आज वन विभाग के मुख्यालय स्थित पारिजात हॉल में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मुख्य वन संरक्षक व प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण महाभियान के दौरान रोपित पौधे हर हाल में जीवित रखे जाने चाहिए। यदि कोई पौधा सूखता है तो उसके स्थान पर दूसरे पौधे का रोपण कराया जाये।

# बच्चों को दिक्कत हुई तो नपे डिवीजनल इंस्पेक्टर

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सरकारी काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों पर उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ का एक्शन जारी है। योगी सरकार ने चित्रकूट के अंतर्गत स्कूली बस का फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने में लापरवाही पर एक्शन लेते हुए डिविजनल इंस्पेक्टर प्रोविजनल को त निलंबित कर दिया है, असिस्टेंट डिविजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर एनफोर्समेंट के खिलाफ विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के आदेश जारी किए गए हैं। सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सरकारी कार्यों में हीला हवाली न की जाए। भ्रष्टाचार और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मियों पर सीएम योगी ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई के स्पष्ट निर्देश दिए हैं।विगत 23 जुलाई को चित्रकूट के श्रीजी इंटर कॉलेज, खोह के छोटे-छोटे बच्चों को लेकर आ रही दो बसों को वाहन की फिटनेस समाप्त हो जाने के कारण असिस?टेंट डिविजनल ट्रांसपोर्ट ऑफि?सर एनफोर्समेंट चित्रकूट की टीम द्वारा सीज कर बच्चों सहित 10 किमी दूर पुलिस लाइन ले जाया गया था।वाहन को 11:15 बजे सीज कर फायर सर्विस परिसर पुलिस लाइन में दाखिल किया गया व 13:05 बजे छोड़ा गया। करीब दो घंटे तक बस को खड़ा रखा गया। चित्रकूट जनपद के डिविजनल इंस्पेक्टर प्रोविजनल गुलाब चंद्र को संबंधित स्कूलों में जाकर स्कूली बसों के फिटनेस चेक करने के निर्देश दिए गए थे लेकिन उनके द्वारा आदेशों की अवहेलना की गई, जिसके कारण दोनों वाहनों का फिटनेस प्रमाण-पत्र जारी नहीं हो पाया। वाहन सीज करना पड़ा, जिससे बच्चों को तकलीफ हुई,उन्हें धूप में खड़े रहना पड़ा। आज मामला संज्ञान में आने के बाद योगी सरकार ने सख्त रुख अपनाते हुए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की। संभागीय निरीक्षक प्राविधिक गुलाब चंद्र को प्रथम दृष्ट्या उत्तरदायी पाए जाने पर निलंबित कर दिया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला के विरूद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई। प्रदेश में परिवहन विभाग से जुड़े कर्मियों को भविष्य में इस तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए हैं।

# कजरी महोत्सव के तहत कार्यशाला का शुभारंभ आज

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा कजरी महोत्सव के तहत कार्यशाला का शुभारंभ आज वास्तुखण्ड, गोमतीनगर में आकाशवाणी की ए ग्रेड की कलाकार रंजना मिश्रा द्वारा कजरी की अनेकों विधाओ के गीत सिखाया जाएगा। जिसमें कजरी की कई विधाएं जैसे मिर्जापुरी कजरी,बनारसी कजरी,अवधी कजरी,सावन में गाए जाने वाले झूला हिंडोलना देश भक्ति कजरी आदि प्रकार के गीत सिखाइएअंगी। उन्होंने बताया कि दुर्गाकब देबू दरसनवा अब त चढल सवनवा ना ....सखियां फूलन चली रे....अरे रामा सावन आई बहार...इत्यादि सहित लगभग 10से 15 गीत सिखा रही है। इसकी प्रस्तुती पी.ए.सी.मुख्यालय में 1अगस्त को कराई जाएगी। कार्य शाला में आभा शुक्ला, नीलम, सुधा द्विवेदी, रेशमा, साधना,अवनीश, माधुरी सिंह, प्रतिमा त्रिपाठी, दीपिका मिश्र सहित कई महिलाओं ने ऑफलाइन व ऑनलाइन में अमेरिका से माधुरी, सतना से लता तिवारी, प्रतिभाग किया। साथ ही लगभग 25 से 30 लोगो के सहमति मिल चुकी है। और जो लोग सीखना चाहते है वो संस्था से संपर्क कर सकते है ।कार्यशाला का समय दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक है।

# उन्नत किस्मों की पहचान और शस्य तकनीकी का किया जा रहा मानकीकरण: डॉ. संजय

- उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के महानिदेशक ने गिनाई उपलब्धियाँ
- मिलेट्स से संबंधित 10 परियोजनाओं का किया जा रहा है क्रियान्वयन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद उपकार द्वारा बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की गई। जिसमें महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने परिषद की हालिया उपलब्धियों और आगामी रणनितियों बताई।डॉ. सिंह ने विश्व बैंक पोषित सोडिक लैण्ड परियोजना और कृषि विविधीकरण परियोजना के प्रभावी परिणामों का उल्लेख किया, जो उपकार के माध्यम से संचालित की गई थीं। उन्होंने बाह्य संस्थाओं द्वारा वित्त पोषित आत्मा परियोजना, मैक्रोमोड परियोजना और आरकेवीवाई की गतिविधियों पर भी चर्चा की। राज्य औद्यानिक मिशन परियोजनाओं के संचालन में उपकार के योगदान का भी जिक्र किया गया। परिषद की स्थापना जून 1989 में द सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत की गई थी। कृषि वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए उत्तर प्रदेश कृषि वैज्ञानिक सम्मान योजना की जानकारी दी गई, जिसके तहत उत्कृष्ट कार्यों हेतु वैज्ञानिकों को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कृषि नीति, कृषि विश्वविद्यालय मेरठ, और पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा की स्थापना के प्रस्ताव भी तैयार किए गए हैं।अनुसंधान के क्षेत्र में उपकार द्वारा किये जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सिंह ने बताया कि प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर क्षेत्र विशेष की शोध प्राथमिकताओं पर परियोजनाओं का सतत वित्त पोषण किया जा रहा है। उन्होंने काला नमक चावल की दो नवीन प्रजातियों का विकास और विभिन्न कृषि यंत्रों के विकास की जानकारी दी, जो भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ और कृषि विश्वविद्यालय, कानपुर के सहयोग से किए गए हैं।पेठा उद्योग के लिए पेठा कद्दू की उन्नत किस्मों का विकास, कछार क्षेत्र में उच्च उत्पादकता वाली सब्जियों की किस्मों का मूल्यांकन, और आम में अनियमित फलन प्रबंधन के कार्यों पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा, बुंदेलखंड क्षेत्र में खरीफ प्याज की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए उन्नत किस्मों की पहचान और उनकी शस्य तकनीकी का मानकीकरण भी किया गया है। फसल मौसम सतर्कता समूह की साप्ताहिक,पाक्षिक बैठकों के माध्यम से किसानों को मौसम और कृषि संबंधित संस्तुतियां पहुंचाई जा रही हैं। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत कृषि शिक्षा में सुधार के लिए उच्च स्तरीय समिति की सिफारिशों पर भी चर्चा की गई, जिसमें एग्रीकल्चर इंक्यूबेशन सेंटर की स्थापना, छात्रों की प्रवेश संख्या में वृद्धि, शिक्षकों के रिक्त पदों को भरना, और नए कोर्स का संचालन शामिल है।

# गौशाला में पशुओं को भरपेट नहीं मिल रहा चारा, तड़प रहे गौवंश




- गौशाला में नहीं दिखी साफ-सफाई, गंदगी का लगा अंबार

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब बीकेटी विकास खंड क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में बनी गौशाला में अव्यव्यवस्थाएं अभी भी हावी हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ भले ही गाय प्रेम में जी भरकर बजट लुटा रहे हों लेकिन सरकार के नौकरशाह गाय को चारा और पानी पेट भरने की मात्रा तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। बीकेटी ब्लाक क्षेत्र अन्तर्गत सहादत नगर गढ़ा, किशनपुर, मानपुर लाला, अन्य गौशालाओं में गौ वंशो को भरपेट चारा नहीं मिलता है जिससे कि उनकी शारीरिक स्थिति काफी ख़राब हो गई है। आपको बताते चले कि अगल-बगल के नागरिकों की माने तो इन गौशालाओं में गायों को नाम मात्र चारा दिया जाता है और हरा चारा तो बहुत दूर है सूखा चारा भी गौ वंशो को भरपेट नहीं मिल पा रहा है। वहीं अगर गायों को भरपेट चारा व सही इलाज मिलता रहे तो गौशालाओं में बंद गायों की मौत कभी ना हो। वहीं इन गौशालाओं में जिम्मेदार ग्राम पंचायत अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिस कारण गौशालाओं में गाय आधे पेट भूखें रहने को मजबूर हैं।

### क्या बोले जिम्मेदार

बीकेटी ब्लॉक बीडीओ पूजा पांडेय ने बताया कि मामले की शिकायत पर जांच कर कार्यवाही करेंगे, कहा कि गौशालाओं में जांच अधिकारी व पशु चिकित्साक प्रतिदिन जाते हैं, चारा दिया जाता है गौशालाओं में साफ सफाई अगर नहीं की जाती है तो उसे पर कार्यवाहीं की जायेगी।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कमला हैरिस डोनाल्ड ट्रंप को हरा चुनाव जीत सकती हैं, बशर्ते...

**भारतीय अमेरिकी, अश्वेत तथा अफ्रीकी और लैटिन अमेरिकी वोट बैंक ऐसा है जो डोनाल्ड ट्रंप के पक्षपाती रवैये से बहुत आहत है। एशियन अमेरिकन एडवांसिंग जस्टिस के एक ताजा सर्वे में कहा गया है कि जो बाइडेन के चार साल पहले 56 प्रतिशत वोट में से मात्र 8 प्रतिशत वोट ही उनसे छिटका है, शेष किसी भी स्थिति में रिपब्लिकन की झोली में नहीं जाएगा। इसी सर्वे में ट्रंप को एशियन अमेरिकी समुदाय के 25 से 31 प्रतिशत मत मिलने की संभावना जताई गई थी। इसमें भारतीय अमेरिकी कुल जनसंख्या का मात्र 1.5 प्रतिशत ही हैं।**

*भारतीय मूल की अश्वेत महिला कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव-2024 जीत सकती हैं, बशर्ते डेमोक्रेट एकजुट हो जाएंऔर उनके एक वर्ग का महिलाओं के प्रति नजरिया बदल जाए। कमला हैरिस का नाम सामने आने के बाद से एशियाई अमेरिकी, अफ्रीकी अमेरिकी और लैटिन अमेरिकी खेमों में खुशी की लहर है। कमला ने भी अपनी पहली प्रतिक्रिया में कहा है कि नामांकन लूंगी और चुनाव भी जीतूंगी। अमेरिका की दो बड़ी पार्टियों-रिपब्लिकन और डेमोक्रेट में परंपरावादियों का एक बड़ा समूह है, जो महिलाओं को बराबरी का दर्जा देने में संकोच करता है। डेमोक्रेटिक पुरुषों में एक-डेढ़ दशक से महिलाओं के प्रति नजरिए में तेजी से बदलाव आया है जबकि चर्च से निर्देशित परंपरावादी इवेंजिलिस्ट रिपब्लिकन अपने पुराने ढर्रे से बाहर नहीं आ पा रहे हैं। अमेरिकी समाज में प्रगतिशील वाम और मध्यमार्गी डेमोक्रेट के पास 53-54 प्रतिशत मत हैं। इनमें अधिकतर निम्न और निम्न मध्यम आय वर्ग की एकल महिलाएं हैं, जो अपने सीमित संसाधनों के कारण मतदान में हिस्सा नहीं ले पातीं। कमला हैरिस ने पिछले चार वर्षों में अथक परिश्रम, एक महिला को छूने वाले मुद्दों में 'गर्भपात और इमिग्रेशन' पर काम किया है, उससे महिलाओं के एक बड़े वर्ग में कमला हैरिस के प्रति झुकाव बढ़ा है। चुनाव में अभी मात्र 105 दिन का समय शेष है। कमला हैरिस के सम्मुख पार्टी नियमों के अंतर्गत पहले नामांकन हासिल करना है और उसके बाद चुनाव प्रचार में एक बड़े फंड की ज़रूरत है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के चुनावी फंड में मात्र 910 लाख डालर हैं, जो अमेरिकी चुनाव के लिए अत्यंत अल्प राशि है। हैरिस के दौड़ में आते ही बड़े और छोटे फंड देने वाले आगे आ रहे है। उन्होंने पहले पांच घंटों में खासी रकम जुटाई है। कमला के सम्मुख इस समय सबसे बड़ा मुद्दा राष्ट्रपति जो बाइडेन के अकस्मात राष्ट्रपति पद की दौड़ में हटने से पैदा हुई परिस्थिति में नामांकन हासिल करने की समस्या है। उनके नामांकन को लेकर पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं में बराक ओबामा, प्रतिनिधि सभा की स्पीकर के रूप में दायित्व निभाने वालीं नैन्सी पेलोसी तथा सीनेट और प्रतिनिधि सभा में पार्टी लीडर और नेता के रूप में दायित्व निभाने वाले चूक शुमर ने रविवार की देर रात तक कमला के प्रति समर्थन व्यक्त नहीं किया है। इसके बावजूद कमला एक दर्जन से अधिक डेमोक्रेट राज्यों और स्विंग स्टेट में समर्थन हासिल कर पद के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। कमला हैरिस के पक्ष में यह बात भी जाती है कि उन्होंने पिछले चार सालों में अमेरिका के विभिन्न राज्यों में मूल अश्वेत, लैटिन अमेरिकी, एशियाई अमेरिकी, दूर दराज के गांवों में रहने वाले आदिवासी और निर्धन वर्ग के मतदाताओं के साथ साथ पहली बार चुनाव में भाग लेने को आतुर युवक-युवतियाँ को अपने वोट बैंक के रूप में लक्ष्य बनाकर साधा है। अमेरिका में राष्ट्रपति के चुनाव परोक्ष नियमावली से होते हैं, जिसके लिए पार्टियां चुनाव आयोग के सहयोग से विधान के मुताबिक निर्वाचक मंडल का गठन करती हैं। इसके अलावा कांग्रेस के दोनों सदनों में सीनेट के अवकाश प्राप्त करने वाले एक तिहाई और प्रतिनिधि सभा के 435 सदस्यों का चुनाव भी इसी दिन (5 नवंबर) को होता है। इस बार इन चुनावों पर भारत और चीन सहित दुनिया भर की निगाहें लगी हैं। जो बाइडेन ने चुनाव से हटने का फैसला क्यों किया, वह एक अलग चर्चा का विषय है। फ़िलहाल कमला हैरिस उनके स्थान पर नामांकन हासिल कर लेती हैं तो उनका मुकाबला डेमोक्रेट डॉनल्ड ट्रम्प से होगा। और अगर कमला यह चुनाव जीत लेती हैं तो वह अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति होंगी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आदिवासी समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान शुरू किया जाएगा। इससे 63,000 गांवों को कवर किया जाएगा, जिससे 5 करोड़ आदिवासी लोगों को लाभ होगा। बजट में टूरिज्म पर विशेष बल दिया गया है। पर्यटन हमेशा से हमारी सभ्यता का हिस्सा रहा है।. भारत को वैश्विक गंतव्य के रूप में स्थापित करने के सरकार के प्रयासों से रोजगार के अवसर पैदा होंगे। बिहार में राजगीर और नालंदा के लिए एक व्यापक विकास पहल की जाएगी। सरकार ओडिशा में पर्यटन को बढ़ावा देंगी, जिसमें प्राकृतिक सुंदरता, मंदिर, शिल्पकला, प्राकृतिक परिदृश्य, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन समुद्र तट हैं।**

# अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने एवं महाशक्ति बनाने वाला बजट



ललित गर्ग

**वित्त मंत्री ने आशा के अनुरूप ही बजट का फोकस किसानों, आदिवासियों, स्वास्थ्य, शिक्षा, शहरी विकास, रोजगार, युवाओं की अपेक्षाओं, विकास और ग्रामीण क्षेत्र एवं पर्यटन पर रखा है। अपने ढांचे में यह पूरे देश का बजट है, एक आदर्श बजट है। इसका ज्यादा जोर सामाजिक विकास पर है। अक्सर बजट में राजनीति, वोटनीति तथा अपनी व अपनी सरकार की छवि-वृद्धि करने के प्रयास ही अधिक दिखाई देते हैं।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का प्रथम सम्पूर्ण बजट वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रस्तुत किया, उनकी ओर से प्रस्तुत यह बजट एक मौलिक सोच एवं दृष्टि से दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला है। संभावना है कि इस बजट में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, नौकरीपेशा का थोड़ी राहत, बुनियादी ढांचे में निवेश, पर्यटन को बढ़ावा, आदिवासी उन्नयन, क्षमता विस्तार, हरित एवं कृषि विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी के नये भारत-सशक्त भारत-विकसित पर बल दिया गया है। वित्त मंत्री ने सरकार की 9 प्राथमिकताओं -खेती में उत्पादकता और मजबूती बढ़ाना, रोजगार और स्किल डेवलपमेंट, मानव संसाधन का समावेशी विकास और सामाजिक न्याय, मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज, अर्बन डेलपमेंट, एनर्जी सिक्योरिटी, इंफ्रास्ट्रक्चर, इन्नोवेशन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म्स का ऐलान किया है, जो देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति देगा। बजट में जहां बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है वहीं महंगाई को नियंत्रित करने की मंशा साफ दिखाई दी है। विकास, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह बजट देश को न केवल विकसित देशों में बल्कि इसकी अर्थव्यवस्था को विश्व स्तर पर तीसरे स्थान दिलाने के संकल्प को बल देने में सहायक बनेगा। सातवीं बार बजट प्रस्तुत कर वित्तमंत्री सीमारमण ने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई द्वारा स्थापित रिकॉर्ड को तोड़ दिया है, जिन्होंने वित्त मंत्री के रूप में पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा मंगलवार को लोकसभा में प्रस्तुत आम बजट इसलिए विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, न कि लोकलुभावन योजनाओं के जरिये प्रशंसा पाने अथवा कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश की है। राजनीतिक हितों से ज्यादा देशहित को सामने रखने की यह पहल अनूठी है, प्रेरक है। अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है, जो इस बजट से पूर्ण होता हुआ दिखाई देता है। इस बजट में मध्यम वर्ग को लम्बे अन्तराल के बाद 7 लाख रुपये तक की कुल कमाई करने वालों को बड़ी राहत दी है। नए टैक्स रिजीम के तहत स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट 50 हजार रुपये से बढ़ाकर 75 हजार रुपये कर दिया गया है। साथ ही नए टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव किया गया है। बजट में लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स में भी कुछ अहम बदलाव करने का एलान किया है। मौजूदा नियमों के तहत एक वित्त वर्ष के दौरान अधिकतम 1 लाख रुपये तक के लॉन्ग टर्म



**आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी, अब उस पर मजबूत इमारत खड़ा करने का मौका है।**

कैपिटल गेन पर कोई टैक्स नहीं लगता है। इस लिमिट को बढ़ाकर 1.25 लाख रुपये सालाना कर दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'नवाचार, अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिये बुनियादी अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की घोषणा की। वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये का वित्तपोषण पूल भी बनाया जाएगा। मोबाइल फोन और मोबाइल पीसीबीएस तथा मोबाइल चार्जर पर बीसीडी को घटाकर 15 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया गया है। वित्तीय घाटा 2024-25 तक सकल घरेलू उत्पाद का 4.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है। लक्ष्य घाटे को 4.5 प्रतिशत से नीचे पहुंचाने का लक्ष्य है। 25,000 ग्रामीण बस्तियों को सभी मौसमों के अनुकूल सड़कें प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना चरण 4 का शुभारंभ किया जाएगा। कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास बनाए जाएंगे। छात्रावासों और क्रेच के माध्यम से कार्यबल में महिलाओं की अधिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जाएगा। सरकार समग्र विकास के लिए राष्ट्रीय सहयोग नीति लाएगी। घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने का भी प्रस्ताव है। इस वर्ष शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास के लिए 1.48 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भारत की अर्थव्यवस्था को तीव्र गति देने की दृष्टि से यह बजट कारगर साबित होगा, जिसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे, रोजगार के नये अवसर सामने आयेंगे, उत्पाद एवं विकास को तीव्र गति मिलेगी। चालू वित्त वर्ष में आर्थिक क्षेत्र में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिले, लेकिन इन सब स्थितियों के बावजूद इस बजट प्रावधानों के माध्यम से देश को स्थिरता की तरफ ले जाते दिखाई पड़ रहे हैं। बजट हर वर्ष आता है। अनेक विचारधाराओं वाले वित्तमंत्रियों ने विगत में कई बजट प्रस्तुत किए। पर हर बजट लोगों की मुसीबतें बढ़ाकर ही जाता रहा है। लेकिन इस बार बजट ने अर्थव्यवस्था में नयी परम्परा के साथ राहत की सांसें दी है तो नया भारत- सशक्त भारत-विकसित के निर्माण का संकल्प भी व्यक्त किया है। इस बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रेलों का विकास, सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचागत क्षेत्रों के विकास के साथ-साथ किसानों, आदिवासियों, गांवों और गरीबों को ज्यादा तवज्जो दी गयी है। सच्चाई यही है कि जब तक जमीनी विकास नहीं होगा, तब तक आर्थिक विकास की गति सुनिश्चित नहीं की जा सकेगी। इस बार के बजट से हर किसी ने काफी उम्मीदें लगा रखी थीं और उन उम्मीदों पर यह बजट खरा उतरा है। विशेषतः नौकरीपेशा लोगों ने राहत की सांस ली है। संभवतः इस बजट को नया भारत निर्मित करने की दिशा में लोक-कल्याणकारी बजट कह सकते हैं। यह बजट वित्तीय अनुशासन स्थापित करने की दिशाओं को भी उद्घाटित करता है। आम बजट न केवल आम आदमी के सपने को साकार करने, आमजन की आकांक्षाओं को आकार देने और देशवासियों की आशाओं को पूर्ण करने वाला है बल्कि यह देश को समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाने की दिशा में उठाया गया महत्वपूर्ण एवं दूरगामी सोच से जुड़ा कदम है। बजट के सभी प्रावधानों एवं प्रस्तावों में जहां 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। आजादी के अमृत काल में प्रस्तुत यह बजट निश्चित ही अमृत बजट है। जिसमें भारत के आगामी 25 वर्षों के समग्र एवं बहुमुखी विकास को ध्यान में रखा गया है। बीते कुछ सालों में नरेन्द्र मोदी ने इकॉनमी को मजबूत करने के लिए जो नींव रखी थी।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 25:59 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वभाद्रपदा 16:09 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | शोभना, 07:47 |
| सूर्योदयः | 05:42 |
| सूर्यास्तः | 19:11 |
| चंद्रमाः | कुंभ राशि में |
| राहुकालः | 14:08-15:49 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:54 |

# जन एक्सप्रेस

### बदला बदला रुप है !

*बदल गए अचानक ।*
*ज्ञान रहे हैं बांट ।।*
*बदला बदला रुप है ।*
*बंद हो गई ठाट ?*
*लगते कभी कूदने ।*
*और कभी ख़ामोश ।।*
*है किसकी रणनीति ?*
*कहें किसका दोष ।।*
*ये कैसा व्यवहार ।*
*करने को उद्धार ।।*
*लगता चल कर इसी राह ।*
*है आनी बहार ?*
*किया कभी अपमान ।*
*कभी करते प्यार ।।*
*कर सकते प्रवेश ।*
*शायद नए द्वार ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# हार्मोन इंबैलेंस की वजह से हो सकती हैं कई बीमारियां



**हमारे** शरीर में कई तरह के हार्मोन पाए जाते हैं। शरीर की कार्यप्रणाली के सही होने के लिए हार्मोन्स का संतुलित होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की मानें तो हार्मोन वह चीज है, जो खून के जरिए शरीर के विभिन्न अंग, मांसपेशियों, त्वचा और बालों की क्वालिटी को भी मैनेज करने में मदद करता है। लेकिन आजकल की जीवनशैली, खानपान और शराब का सेवन करने की वजह से लोगों को हार्मोन असंतुलन की समस्या हो रही है। हार्मोन के अंसुलित होने के कारण ब्लड प्रेशर, थायराइड, डायबिटीज और कई जेनेटिक बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। यही वजह है कि सभी लोगों को हार्मोन को संतुलित करने के लिए लगातार कोशिश करती रहनी चाहिए।

**एस्ट्रोजनः** गट हेल्थ कोच मनप्रीत कालरा की मानें तो एस्ट्रोजन महिलाओं में पाए जाने वाला सेक्स हार्मोन है। एस्ट्रोजन महिला प्रजनन प्रणाली के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। एस्ट्रोजन हार्मोन के अंसुलित होने से पीरियड्स में परेशानी, दर्द, पीसीओडी और पीसीओएस की समस्या होती है। मनप्रीत कालरा का कहना है कि एस्ट्रोजन हार्मोन को संतुलित करने के लिए क्रूसिफेरस सब्जियां जैसे की ब्रोकली, गोभी, विटामिन बी6 युक्त खाद्य पदार्थ जैसे शकरकंद और छोले जैसी चीजों को डाइट का हिस्सा बनाएं।

**प्रोजेस्टेरोनः** प्रोजेस्टेरोन भी महिलाओं में पाया जाने वाला मुख्य हार्मोन है। प्रोजेस्टेरोन प्रेग्नेंसी में अहम भूमिका निभाता है। एक्सपर्ट के अनुसार, ओवरी और एड्रेनल ग्रंथि प्रोजेस्टेरोन हार्मोन का निर्माण करते हैं, जिससे प्रेग्नेंसी कंसीव करने में परेशानी की समस्या को दूर किया जा सकता है। शरीर में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन को नियंत्रित करने के लिए डाइट में चेस्टबेरी चाय, जिंक युक्त खाद्य पदार्थ जैसे कद्दू के बीज, छोले, काजू, नारियल, नट्स और घी जैसी चीजों को शामिल करना चाहिए।

**कोर्टिसोलः** कोर्टिसोल हार्मोन शरीर में नमक और पानी का संतुलन बनाता है। गट हेल्थ कोच मनप्रीत कालरा का कहना है कि कोर्टिसोल हार्मोन ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल करने में मदद करता है। इस हार्मोन के असंतुलित होने से चेहरे, छाती और पेट पर फैट बढ़ने लगता है। कोर्टिसोल हार्मोन को संतुलित करने के लिए शाम के समय अश्वगंधा की चाय और सोने से पहले योग निद्रा का अभ्यास करना चाहिए।

**मेलाटोनिनः** मेलाटोनिन हार्मोन है जो एक अच्छी स्लीप साइकिल में योगदान देता है। जिन लोगों को नींद कम आती है, नींद देरी से आती है या फिर लंबे समय बिस्तर पर लेटे रहने के बाद भी नींद आने में परेशानी आती है, उनमें मेलाटोनिन हार्मोन का असंतुलन होता है। गट हेल्थ कोच का कहना है कि मेलाटोनिन को संतुलित करने के लिए कैमोमाइल चाय का सेवन करना चाहिए। इसके साथ ही सोने से पहले गहरी सांस लेने के व्यायाम करें और रात के खाने के बाद 3-4 भीगे हुए मुनक्का और 1 भीगा हुआ काजू खाने से भी मेलाटोनिन को संतुलित करने में मदद मिलती है।

**इंसुलिनः** इंसुलिन हार्मोन शरीर में ब्लड शुगर को मैनेज करने के लिए महत्वपूर्ण है। इंसुलिन का असंतुलन होने से डायबिटीज जैसी लाइलाज बीमारी हो सकती है। गट हेल्थ कोच के अनुसार, इंसुलिन को संतुलित करने के लिए रात के खाने के बाद दालचीनी का पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही अपने दिन की शुरुआत मेथी के बीजों की चाय के साथ करनी चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# खादी की रिकॉर्ड ब्रिकी और स्वदेशी आंदोलन



डॉ. रमेश ठाकुर

**खादी के नए कीर्तिमान स्थापित करने का मतलब है, केंद्र सरकार का स्वदेशी और आत्मनिर्भरता की अपील का असर दिखाना। इसे नया रिकॉर्ड ही कहेंगे, जब बीती 26 जनवरी को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित खादी स्टोर में एक दिन की बिक्री 1.29 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।**

**खादी हमारी पारंपरिक धरोहर समान है जिसे मौजूदा वक्त में देशवासियों ने आत्मनिर्भर नवभारत के मंत्र को पढ़कर ही इसके कारोबार में भारी उछाल डलवाया है। खादी की गूंज आज संसद से लेकर ग्लोबल बाजार तक सुनाई देती है। यही कारण है कि खादी के कारोबार ने देश में पहली मर्तबा डेढ़ लाख करोड़ के कारोबार को पार किया है जिसने सभी आधुनिक एफएमसीजी कंपनियों को पीछे छोड़ा है।**

**खादी** का स्वर्णिम काल फिर से लौट रहा है, क्योंकि इसकी ब्रिकी नए आयाम गढ़ रही है। बीते कुछ सालों में तो कमाल ही कर दिखाया है। घोर मॉर्डन युग और पहनावे के लिहाज से मन मस्तिष्क पर हावी हो चुकी ब्रांडेड लिबास पश्चिमी सभ्यता के बीचों बीच लोगों का खादी को अपनाना किसी चमत्कार से कम नहीं माना जाएगा। लेकिन ये चमत्कार वास्तव में खादी ने किया है। अधिकृत रूप से पिछले सप्ताह खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड ने बीते दस वर्षों के आंकड़े प्रस्तुत किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, खादी की ब्रिकी के पूर्व के सभी रिकॉर्ड ध्वस्त हो गए हैं। खादी के विभिन्न उत्पादनों की बिक्री में 400 फीसदी का उछाल हुआ है और इसके उत्पादन में 315 प्रतिशत की बंपर बढ़ोतरी भी दर्ज हुई है। यही नहीं, रिकॉर्ड स्तर पर 81 फीसदी नए रोजगार सृजन भी हुए हैं। 2022-23 के वित्तीय वर्ष में 332.14 फीसदी ब्रिकी, 267.52 प्रतिशत प्रोडक्शन और 69.75 फीसदी स्वरोजगार पैदा हुए हैं। खादी से जुड़े रोजगार ज्यादातर ग्रामीण क्षेत्रों में पैदा हुए हैं। वहां कताई, बुनाई के कारखानों में पुरुषों के मुकाबले महिलाएं अधिक भागीदार हुई हैं। बहरहाल, खादी के कपड़ों में अनायास देशवासियों का रुचि लेना, निसंदेह बड़े बदलाव की ओर संकेत देता है। कहावत है कि 'ओल्ड इज गोल्ड'। खादी की अचानक बढ़ी मूसलाधार ब्रिकी ने ये कहावत भी चरितार्थ कर दी है। शायद ब्रांडेड कपड़ों और आधुनिक चकाचौंध से लोग अब ऊबने लगे हैं। तभी, लोग फिर से अपनी जमीन की ओर मुड़ने को मजबूर हुए हैं। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2003-2013 में खादी का कारोबार 26109.08 करोड़ रुपये था, जो 2014-2023 में छलांग लगाकर 95956.68 करोड़ रुपये तक जा पहुंचा। इनमें खादी के निर्मित कपड़े अन्य उत्पादनों से कहीं अधिक हैं। जनमानस का खादी की ओर मुड़ना निश्चित रूप से 'स्वदेशी अभियान' को पंख लगाने जैसा है। मौजूदा सरकार ने करीब दशक भर से स्वदेशी अभियान की अलख जगाई हुई है। इस लिहाज से खादी के कारोबार में भयंकर बिकवाली का होना उनके अभियान की सफलता पर मुहर लगाने जैसा है। निश्चित रूप से खादी में अब प्रत्येक वर्ग की रुचि बढ़ी है। खादी का कपड़ा खास है जो किसी धर्म-समुदाय से वास्ता नहीं रखता। प्रत्येक सच्चे देशभक्त का अपना देशी कपड़ा है। चाहे अल्पसंख्य हों, सिख हों, साधु-संत हों, या फिर मॉर्डन जमाने के शिक्षित युवा-युवती। सभी ने खादी को अपनाना आरंभ कर दिया है। ऐसा प्रतीत होता है कि दशकों पहले महात्मा गांधी ने स्वदेशी खादी उत्पादों को अपनाने की जो देशवासियों के भीतर अलख जगाई थी उसका असर अब कहीं दिखा है। खादी आंदोलन, एक सामाजिक-सांस्कृतिक आख्यान, जो गांधी द्वारा मई-1915 में सत्याग्रह आश्रम से शुरू किया गया था, जो गुजरात के अहमदाबाद जिले में साबरमती आश्रम के नाम से लोकप्रिय है। गांधी युग में खादी के कपड़े लोगों के सिर चढ़कर बोलते थे। धारणा पहले कुछ ऐसी थी कि सच्चा हिंदुस्तानी मतलब खादी को अपनाने वाला। गांधी ने ताउम्र खादी को अपनाया। दूसरों को भी हमेशा खादी पहनने को ही कहा। खादी का बोलबाला कभी कम नहीं होगा। आज खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अंतर्गत नौ उत्पादन केंद्र पूरे भारत में मौजूद हैं, जहां चरखे से धागे का निर्माण होता है। बुनकर खादी के वस्त्र बुनते हैं जिनके लिए खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा निर्धारित दर पर श्रमिकों का भुगतान किया जाता है। बनारस में आज भी बड़े स्तर पर निजी रूप से बुनकरों द्वारा खादी के वस्त्र तैयार किए जाते हैं। वहां करीब, पांच लाख लोग इस कार्य में जुड़े हैं। खादी को अपनाने के लिए जब से सरकारी स्तर पर स्वदेशी अभियान छेड़ा गया, तभी से इन बुनकरों की बल्ले-बल्ले हो गई। अब इन्हें रोजाना बड़ी-बड़ी कंपनियों से ऑर्डर मिलते हैं। इस आधार पर ही खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड ने जो अपनी रिपॉर्ट जारी की है उसमें लाखों लोगों को स्वरोजगार मिलने की बात कही है। महात्मा गांधी ने 1920 के आखिरी महीने में स्वदेशी आंदोलन आरंभ किया था, जिसमें उन्होंने खादी को एक राजनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया था। महात्मा गांधी ने तब समूचे भारत में ग्रामीण स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता के लिए खादी की कताई को बढ़ावा दिया था। इस प्रकार खादी स्वदेशी आंदोलन का एक अभिन्न अंग और प्रतीक बन गया था। वैसे, देखा जाए तो खादी महज एक वस्त्र मात्र नहीं है, बल्कि ये हमारे देश के अस्तित्व, परंपरा, पहचान और संस्कार भी है।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति : डीएम ने ली बैठक, दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाएं जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से किया।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। जेब्रा क्रॉसिंग का रंग जहां हल्का पड़ गया, वहा पुनः पेंट करवाएं। परिवहन विभाग ट्रांसपोर्टर के समन्वय से चालक-परिचालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर लगवाएं। ईओ को निर्देशित किया कि भीड़-भाड़ वाले इलाकों में उपयुक्त जमीन चिन्हित कर पार्किंग को व्यवस्थित करने का काम करें। सीजन के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से चीनी मिल वाहनों में रिफ्लेक्टर, लाल कपड़ा अनिवार्य रूप से लगाया जाए।डीएम ने निर्देश दिए कि स्कूली वाहन मानक के अनुरूप होने पर ही संचालित हो। बीएसए -डीआईओएस विद्यालयों से समन्वय करते हुए शत प्रतिशत वाहनों का फिटनेस सुनिश्चित कराए। बैगर फिटनेस वाले वाहनों का संचालन कदापि न हो। जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। सुझाव दिया कि लिंक मार्ग, मुख्य मार्ग को कनेक्ट करने वाले स्थानों के पास संकेतांक के साथ मानक के अनुसार स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। बैठक में डीएम-एसपी ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से विभिन्न विभागों द्वारा सड़कों की मरम्मत/गड्ढामुक्ति, वर्षाऋतु से पूर्व कास ड्रेनेज वर्क (पुल, पलिया, रपटा आदि) एवं तटबंध की सड़कों की सुरक्षा संबंधी कार्यवाही, विभिन्न चीनी मिलों पर वाहन प्रबन्धन की चर्चा, सकरे/जर्जर सेतुओं के संबंध में चर्चा, शहरी क्षेत्र में चौराहे/तिराहों पर स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण एवं रोड साइड सुधार, सड़क सुरक्षा, एवं गुड समेरिटन %ला, के प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता से संबंधित कार्यक्रमों की योजना पर विस्तृत चर्चा हुई।अधिशासी अभियंता निर्माण खंड तृतीय (पीडब्लूडी) अनिल कुमार यादव ने बताया कि जिले में वर्ष 2024 में मात्र 17 ब्लैक स्पॉट चिन्हित है, जिनका स्वामित्व निर्धारण किया जा चुका है। जिस पर सुधारात्मक कार्य भी जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

### इनकी रही मौजूदगी

बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंह,एआरटीओ अखिलेश कुमार द्विवेदी, ईई पीडब्ल्यूडी अनिल कुमार यादव, केके झा, सीओ सिटी रमेश चंद्र तिवारी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/ गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# एसडीएम ऑफिस के बाहर अधिवक्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन

* लेखपाल पर अवैध वसूली और अभद्रता का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



**लखीमपुर खीरी।** सदर तहसील में लेखपाल और तहसील अधिवक्ताओं के बीच विवाद हो गया।महिला लेखपाल पर अवैध वसूली और अभद्रता का आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर नारेबाजी करने लगे।करने लगे अधिवक्ताओं ने लेखपाल जयंती मिश्रा पर अवैध वसूली का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। सभी वकीलों ने एसडीएम से मिलकर लेखपाल द्वारा वकीलों पर की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज होकर कार्रवाई की मांग की है।अधिवक्ताओं का कहना है कि इस लेखपाल से हर कोई त्रस्त है। इनके आने से रिश्वत खोरी भी बढ़ गई। अधिवक्ताओं ने तीन दिन का समय दिया है। तब तक न्यायिक कार्यों से विरत रहने की रणनीति बनाई। उन्होंने एसडीएम पर भी भेदभाव का आरोप लगाया है।पूरा मामला एक किसान से जुड़ा हुआ है। जहां एक अधिवक्ता के मुवाक्किल और महिला लेखपाल अंजनी मिश्रा द्वारा उनके अधिवक्ता को दलाल कहा गया। मुवाक्किल ने अधिवक्ता को ये बात बता दी। जिससे नाराज होकर अधिवक्ता ने सभी अधिवक्ताओं को बताया। अधिवक्ताओं ने बताया कि महिला लेखपाल अक्सर अधिवक्ताओं से अभद्रता करती रहती है। बस इसी बात से नाराज होकर सारे अधिवक्ता एसडीएम ऑफिस के बाहर लेखपाल पर कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी कर महिला लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही।

# प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक हुई सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**



प्रेस वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक नगर पालिका सभागार में विमल सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में एसोसिएशन के विस्तार करते हुए संगठन की मजबूती पर चर्चा की गयी तथा संगठन के जो साथी हमारे बीच नहीं रहे है उनके नाम से मार्गो का नाम रखकर उनके नाम के पत्थरो का जीर्णोधार किया गया। महामंत्री तनवीर सिद्दीकी सिद्दीकी ने कहा कि संगठन का विस्तार कर बरवर और पसगवां क्षेत्र के जो साथी हमारे साथ जुड़ना चाहते है उन्हे जोड़कर बरवर और पसगवां की एक कमेटी बना दी जाये और उस कमेटी का चुनाव कराकर पदाधिकारी मनोनीत कर दिये जाये जिस पर सभी साथियो ने सहमति जताई। स्वास्थ्य व शिक्षा व्यवस्था पर संगठन के पदाधिकारियो ने चिन्ता व्यक्त की। शहवाज सिद्दीकी ने कहा कि सावन माह शुरू हो गया है जिस कारण शाहजहांपुर से गोला तक हाईवे पर काफी आवागमन रहता है और हाईवे पर आवारा पशुओ का खासा आतंक है। जिसके लिये प्रशासन से वार्ता कर इन आवारा पशुओ को पकड़वा कर गौआश्रम में छोड़ा जाए ताकि रात्रि में आने वाले कावरियों को इन आवारा पशुओ के कारण दुघटना का शिकार न होना पड़े। अश्वनी राजपूत ने कहा कि नगर में जो अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया वह सिर्फ प्रशासन द्वारा खानापूर्ति की गयी जिन मार्गो से अतिक्रमण हटाया जाना चाहिए उन मार्गो पर तो प्रशासन ने देखा तक नही। मुख्य रूप से अतिक्रमण नगर में बरबर चौराहे से बाजारगंज जाने वाले मार्ग है। रियासत अली ने कहा अतिक्रमण के चलते ही नगर में जाम की समस्या उत्पन्न होती है बरबर चौराहे से बाजारगंज जाने वाले मार्ग पर ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भी है जिसमें बराबर घायलो को एम्बुलेन्स का आना होता है जो अतिक्रमण के चलते जाम में फसती है तथा दूसरे हनुमान द्वारा अशोक चौराहे तक अतिक्रमण है मुख्य रूप से इण्डियन बैंक आने वाले खाताधारक अपनी बाइके रोड पर ही लगा देते जिससे मार्ग काफी सकरा हो जाता है और इन मार्गो पर दुकानदारो द्वारा दुकानो के काफी आगे तक सामान लगा लिया जाता है और इन दुकानो पर आने वाले ग्राहक अपनी बाइके रोड पर ही लगाते है जो मुख्य रूप से जाम की वजह बनती है। बैठक में मुख्य रूप शिवम राठौर, हरीश चन्द्र सिंह, विमल सिंह, तौहीद मंसूरी,मोहम्मद इलियास, शमशाद खां,अनुज कुमार,विनीत सिंह, इमरान मंसूरी, शादाब खां, सिदाकत मंसूरी,फिरोज मंसूरी, बब्ली,पुस्पेंद्र पाल,अर्नुन राठौर, अमित सिंह कुशवाहा सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## पानी बहाव से मार्ग क्षतिग्रस्त, विद्यालय आने-जाने वाले सैकड़ों छात्र-छात्राओं की जान जोखिम में



**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुलौली में बरसात में गांव के जल की निकासी के लिए कच्चे नालों पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लेने का ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है। जिसके चलते गांव में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।आरोपियों के खिलाफ मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा गया है।गांव गुलौली में जल निकासी के लिए आरक्षित कच्चे नालों पर गांव के कुछ लोगों द्वारा समतल कर कृषि कार्य कर लेने से जल निकासी का संकट पैदा हो गया है।जिसके चलते सड़क पर तेज धार से पानी के बहाव से मार्ग छतिग्रस्त हो गया है। जिस विद्यालय आने-जाने वाले सैकड़ो छात्र-छात्राओं को जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ रहा है। इस बाबत गांव के कृष्णपाल सिंह, राजेश सिंह, इंद्र कुमार सिंह, नन्हे भैया, अनिल कुमार सिंह,मनोज कुमार सिंह समेत सैकड़ो लोगों ने जनप्रतिनिधियों से शिकायत दर्ज कराने के बाद संज्ञान न लेने पर मुख्यमंत्री समेत जिले के अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

## प्रेम प्रसंग में गर्भवती किशोरी की गर्भपात के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक के साथ प्रेम प्रसंग होने के कारण एक किशोरी गर्भवती हो गयी।इसकी जानकारी होने के बाद उसका गर्भपात कराने एक निजी अस्पताल मे परिजन ले गए जहां पर हालत बिगड़ने के बाद लखनऊ ले जाते समय उसकी मौत हो गई।ग्राम प्रधान की मदद से मृतका को गांव के किनारे जेसीबी से एक गड्ढे में दफन कर दिया गया।बड़े भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आगे का कार्यवाही शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि थाना क्षेत्र के सुगमा गांव निवासी लगभग 16 वर्षीय दलित किशोरी का गांव के युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।जिसके चलते किशोरी के गर्भवती हो गयी।सोमवार की शाम किशोरी को हरदोई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर गर्भपात कराने के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई।आनन फानन में उसे लखनऊ इलाज के लिए ले जाया जा रहा था।जहां रास्ते में उसकी मौत हो गई।

## राष्ट्रीय हैंडबॉल टीम में चयन होने पर किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर-खीरी**



बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज सीबीएसई बोर्ड लखीमपुर खीरी के 2021-2022 बैच के भैया सुयश अवस्थी का राष्ट्रीय हैंडबाल टीम में चयन होने पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान जी ने भैया सुयश को वंदना सभागार में सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह चौहान ने भैया सुयश को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया बहनों ने राष्ट्रीय टीम में चयन होने की प्रक्रिया के बारे में भैया सुयश अवस्थी से बातचीत की। इसी क्रम में भैया सुयश अवस्थी ने उपस्थित आचार्य परिवार व प्रधानाचार्य जी का अपनी इस उपलब्धि के लिए धन्यवाद व आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान जी ने बताया कि भैया सुयश अवस्थी ने वर्ष 2017 में विद्यालय में कक्षा 9 में प्रवेश लिया था।भैया को प्रारम्भ से हि खेलकूद में अत्यधिक रुचि थी।सुयश कालेज कि तरफ से 3 बार नेशनल,3 बार स्टेट तथा 1बार जोनल खेला है।अब भैया सुयश का चयन अंतर्राष्ट्रीय मैच के लिए हुआ है।

## आकाश अध्यक्ष, राहुल महामंत्री, सैफ बने कोषाध्यक्ष



**जन एक्सप्रेस । गोलागोकर्ण नाथ खीरी**

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की आवश्यक वैठक जिलाध्यक्ष नानक चंद वर्मा की अध्यक्षता में मोहम्मदी विधानसभा अध्यक्ष संदीप गुप्ता के प्रतिष्ठान पर सम्पन्न हुई।वैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई।जिसमें सर्वसम्मति से आकाश सैनी को नगर अध्यक्ष, राहुल राठौर को महामंत्री,सैफ आलम को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।व्यापारी बंधुओ ने कार्यकारिणी को माला पहनाकर स्वागत किया है।जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रतिनिधि मंडल सदैब व्यापारियो के साथ कंधे से कंधे मिलाए खड़ा रहा है,और हमेशा खड़ा रहेगा। जिला महामंत्री अतुल रस्तोगी ने शुभकामनाएं देते हुए कहा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने हमेशा व्यापारियों के हित मे आवाज उठाई है। जिला कोषाध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल व्यापारियों के हित मे कार्य करने वाला एक मात्र संगठन है। युवा जिला अध्यक्ष सुभाष वर्मा,कार्यालय प्रभारी सुरेश वर्मा, प्रतिनिधि मंडल संरक्षक डॉ रमा गुप्ता,आलोक राठौर,पूर्व महामंत्री आशाराम राठौर,राजू राठौर,दीपेंद्र सैनी,अमित शर्मा,राहुल सैनी,हर्षित गुप्ता,सुमित शर्मा सहित बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

## अपर जिला जज ने वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के तत्वाधान मे अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप द्वारा वन स्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज ने वन स्टॉप सेन्टर के अभिलेखों का निरीक्षण किया व साफ-सफाई कराये जाने के निर्देश दिए तथा वहाँ लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे भी देखे व स्टॉफ नर्स से दवाइयों के बारे में जानकारी प्राप्त कर पर्याप्त मात्रा में सेन्टर पर दवाइयां रखने के निर्देश दिये।

## अखिलेश गौतम बने राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के महासचिव

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



राष्ट्रवादी युवा अधिकार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा.शशांक शेखर सिंह पुष्कर के निर्देशानुसार सीतापुर जिला अध्यक्ष एस के तूफानी के द्वारा जिला कार्यालय पर बैठक कर जिला कार्यकारणीय का विस्तार किया गया। बैठक के दौरान अखिलेश गौतम को महासचिव का पदभार ग्रहण करा मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष एस के तूफानी, जिलाउपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह के द्वारा सौंपा गया। इस मौके पर नवनियुक्त महासचिव अखिलेश गौतम ने कहा कि जिस विश्वास के साथ संगठन के द्वारा मुझे जिम्मेदारी दी गई है वह पूरी कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करुंगा।और जनपद में संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा। इस मौके पर संगठन के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क निर्माण परियोजनाओं को लेकर हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**




जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क निर्माण की परियोजनाओं के अनुश्रवण हेतु समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरा जिलाधिकारी ने कराये जा रहे कार्यो की जानकारी ली तथा संबंधित को निर्देश दिये कि सड़क से संबंधित जो भी लम्बित कार्य हैं, उन्हें ससमय पूरा किया जाये तथा डीपीआर तैयार कर लें। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों पर कार्य चल रहा है, उन्हें गुणवत्ता के आधार पर बनाया जाये। जिन सड़कों पर कार्य होना है, उसके लिये पत्राचार किया जाये ताकि समय से कार्य प्रारम्भ हो सके तथा राज्य मार्गों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देश दिये कि लम्बित कार्यों को शीघ्र पूरा करें। गन्ना विभाग को निर्देशित किया कि सड़कों का सर्वे करते हुये, उन्हें चिन्हित करें। 84 कोसीय मार्गों के कार्यों की जानकारी लेते हुये कहा कि जो कार्य चल रहे हैं, उनमें गतिशीलता लायी जाये तथा मानक के अनुरूप ही कार्य किये जायें। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत द्वारा कराये जा रहे सड़कों के कार्यों में प्रगति लाये जाने के निर्देश दिये तथा नई सड़कों की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें बनायी गयी हैं उनका संबंधित निरीक्षण अवश्य करें ताकि पता चल सके कि ठेकेदार ने कोई गड़बड़ी तो नही की है। मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये संबंधित को निर्देशित किया कि जो भी सड़कें मरम्मत करने योग्य हैं उनकी मरम्मत करा दी जाये। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर वैभव त्रिपाठी से शहर में मरम्मत योग्य सड़कों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सड़कों को गढ्ढामुक्त किया जाये। उन्होंने कहा कि इस मौसम में जो भी कार्य हो सकते हैं, वह कार्य कराये जायें। सावन का महीना चल रहा है, कावड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाये। जहां पर गढ्ढे भरे जाने हैं, उन्हें भरा जाये। बैठक के दौरान जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी तिलक सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियन्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अगर आप उन्नति चाहते हैं तो आपको शिक्षा ग्रहण करनी होगी : जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा

**जन एक्सप्रेस । सिद्धार्थ देव**



**लहरपुर(सीतापर)।** अगर आप उन्नति या तरक्की चाहते हैं तो आपको शिक्षा ग्रहण करना होगा उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा समीर हसन रिजवी ने एच एम एच डिग्री कॉलेज में परास्नातक के छात्रों को टैबलेट वितरित करते हुए व्यक्त किये उन्होंने बताया सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना टैबलेट व स्मार्टफोन सीधे-सीधे छात्रों को टेक्नोलॉजी व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए उससे जोड़ती है कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद अवर अभियंता सीतापुर आफताब अहमद ने बताया आपको मेहनत लगन और ईमानदारी के साथ अपना एक लक्ष्य बनाकर शिक्षा के प्रति गंभीर होना होगा तभी आप अपने लक्ष्य की प्राप्ति कर सकते हैं कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी के द्वारा किया गया कार्यक्रम में परा स्नातक तक के 58 छात्र एवं छात्राओं को टेबलेट वितरित किए गए कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का प्रबंधिका अफसाना खातून के द्वारा बुके वह साल पहना कर स्वागत किया गया मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय प्रांगण में एक वृक्ष मां के नाम के अंतर्गत कई तरह के अलग-अलग पेड़ भी लगाए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष हाजी कमालुद्दीन तथा उपाध्यक्ष महबूब अली मोहम्मद हाशिम एहतिशाम अतुल तिवारी शादाब खान अब्दुल मतीन अडाना पूर्व सभासद समेत सम्मानित नागरिक तथा छात्र उपस्थित रहे।

# अपर जिला जज द्वारा महिला चिकित्सालय में स्थित वन स्टॉप सेंटर का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



जनपद न्यायाधीश के निर्देशानुसार नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी अपर जिला जज,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर द्वारा वन स्टाफ सेन्टर का निरीक्षण किया गया। वन स्टाप सेन्टर के निरीक्षण के समय 03 बालिकायें उपस्थित मिली। ड्यूटी रोस्टर के अनुसार समस्त स्टाफ उपस्थित मिला एवं सेल्टर होम में साफ-सफाई सही पाई गयी एवं सेल्टर में उपस्थित बालिकाओं से वार्ता की गयी तो उन सभी के द्वारा बताया गया कि खाना इत्यादि समय से मिलता है। इसी क्रम में अपर जिला जज,सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपस्थित कर्मचारियों को साफ-सफाई पर अत्यधिक ध्यान देने हेतु निर्देशित किया गया तथा खाने पीने की वस्तुओं को भी समयानुसार व नियमानुसार देने हेतु निदेर्शित किया गया। उक्त वन स्टाप सेन्टर में प्रवेश हेतु जिला महिला अस्पताल के मेन गेट पर प्रवेश करते समय गाड़ियॉ अव्यस्थिति एवं बेतरतीब रूप से खड़ी पायी गयी तथा इस कारण जाम की स्थिति पायी गयी। जिसके सम्बन्ध में सी.एम.एस. महिला अस्पताल सीतापुर से वार्ता की गयी, तब उनके द्वारा यह बताया गया कि जो गेट पर अव्यस्था पाई गयी है उसके सम्बन्ध में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सिटी सीतापुर एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को पूर्व में अनेकों बार पत्र प्रेषित किये जा चुके है, किन्तु अभी कोई कार्यवाही नही की गयी है। इस सम्बन्ध में सी.एम.एस. महिला अस्पताल द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि कई बार गाड़ियों को हटाये जाने को लेकर गाड़ी खड़ी करने वालों से विवाद एवं मारपीट की स्थिति भी उत्पन्न होती है। साथ ही एम्बुलेंस इत्यादि को आपातकालीन स्थिति में प्रवेश नही मिल पाता है। जिस कारण अव्यवस्था की स्थिति लगातार बनी रहती है। जिससे मरीजों के सामान्य प्रवेश मे भी कठिनाई होती है।

# पुलिस ने रफ्तार गैंग की रफ्तार पर लगाई लगाम

**एसओजी-पुलिस से रफ्तार गैंग सरगना संग मुठभेड़, थाना क्षेत्र के सहजौर चनुकी रोड पर मुठभेड, बदमाश के पैर में लगी गोली, मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज**



**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

बुधवार भोर में लगभग तीन बजे लार थाना क्षेत्र के सहजौर से चनुकी जाने वाली सड़क पर अमवा गांव के सामने बदमाशों और पुलिस से मुठभेड़ हुई। भोर में गोलियों की तड़तड़ाहट से लोगों की नींद टूट गई। मुठभेड़ में एक बदमाश के पैर में लगी गोली। बदमाश को पुलिस कस्टडी में अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार घटना में देवरिया जिले का कुख्यात रफ्तार गैंग के सरगना और लार पुलिस व एसओजी टीम के बीच गोली चली। इस मुठभेड़ में सुरौली थाना क्षेत्र के उजरा भरौली निवासी बदमाश नितेश यादव के पैर में लगी गोली। पुलिस के अनुसार मुटभेड़ में घायल बदमाश काफी दिनों से तलाश की जा रही थी। बुधवार भोर में अचानक वह सहजौर से चनुकी जाने वाली सड़क पर मिल गया। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया तो बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दिया, पुलिस की जबावी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लग गई।

इस संबंध में पूछे जाने पर प्रभारी निरीक्षक लार कपिलदेव चौधरी ने कहा कि मुठभेड़ में घायल बदमाश को पुलिस कई दिनों से तलाश रही थी। उसके कुछ साथी अभी हाल ही में पकड़े गए थे। उनसे पूछताछ के बाद गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही थी। गैंग के अन्य सदस्यों के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।





### रफ्तार गैंग के 11 सदस्यों पर पुलिस लगा चुकी है गैंगस्टर

जनपद के एकौना, सुरौली और मदनपुर थाना क्षेत्र में रफ्तार गैंग के नाम से दहशत फैलाने वाले गिरोह के सरगना समेत 11 सदस्यों पर सलेमपुर कोतवाली पुलिस द्वारा गैंगस्टर की कार्रवाई पूर्व में ही की जा चुकी है।

### बदमाश ह ईं जिला देवरिया के*.. गाने के साथ वीडियो हुआ था वायरल, पुलिस कर रही थी तलाश

सोशल मीडिया पर रफ्तार गैंग से जुड़े युवा बदमाशों की टीम का एक कथित वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें सभी युवक पुलिस को सरेआम चुनौती देते हुए दिखाई दे रहे थे। वायरल हो रहे वीडियो में सभी मनबढ़ *केहू कूछू ना बिगाड़ पाई हमार, बदमाश ह ईं जिला देवरिया* के गाने पर चलती कार से बाहर प्रदर्शन करते देखे जा रहे हैं। जो काफी दिनों से चर्चा में था। परंतु पुलिस गुप्त रूप से इन बदमाशों के तलाश में लगी थी और अंततः एस ओ जी टीम ने रफ्तार गैंग की रफ्तार पर लगाम लगाने में सफल रही।

### घायल इलाजरत है, विधिक कार्रवाई की जा रही है – एएसपी

एसओजी टीम व लार थाना पुलिस संग रफ्तार गैंग के शूटर नितेश उर्फ रफ्तार यादव हुई मुठभेड़ के संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि मुटभेड़ में घायल बदमाश के बाएं पैर में गोली लगी है। उन्होंने बताया कि घायल बदमाश के पास से एक अवैध पिस्तौल व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई हैं। घायल बदमाश देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया में इलाजरत है स्थिति सामान्य है नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# सीएम योगी के जिले में जिम्मेदारों के लूट का खजाना बनी मनरेगा योजना

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन की पोल खोलता मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद गोरखपुर जहां जिले के सभी विकास खण्डों में गरीब कल्याण की महात्वाकांक्षी योजना महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना विभाग के भ्रष्ट जिम्मेदारों के गंगोत्री में डुबकी लगा रही है और गरीबों की मजदूरी के नाम पर भ्रष्टाचारी अपने विकास को मजबूती दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद के विकास खण्ड कैंपियरगंज का है जहां कार्य स्थल पर ना ही मजदूर हैं ना ही कोई कार्य हो रहा है और मनरेगा योजना की साइट पर अपलोड किए गए मस्टरोल में विगत सप्ताह से फर्जी हाजिरी दर्शाया जा रहा है।जिले के विकासखंड कैंम्पियरगंज में मनरेगा योजना में फर्जीवाड़ा मामला प्रकाश में आया हैं योजना कि विभागीय साइट पर अपलोड फोटो में जिस कार्य को दिखाकर मजदूरों की उपस्थिति दर्ज कराई गई है वहां मौके पर कुछ दिन पूर्व वृक्षारोपण कराया गया है और उसी जगह पर विगत 5 दिनों से फोटो डालकर मस्टरोल में साइट पर काम कराया जा रहा है और मौके पर जो वृक्षारोपण की संख्या 25 से 30 पेड़ों की ही है ।

### फर्जी फोटो अपलोड कर सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की उड़ाई जा रही धज्जियां

मामला विकासखंड कैम्पियरगंज के ग्राम सभा बंदोह का है, मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी दर्शाए जाने के बाबत पूछे जाने पर सचिव सुरेश कुमार चौधरी ने बताया कि हम लोग जो वृक्षारोपण करते हैं काम तो हर जगह करते हैं लेकिन फोटो एक ही जगह का अपलोड करते हैं जबकि विभागीय नियमानुसार जहां मनरेगा योजना में कार्य हो रहा होता है उसी कार्यस्थल का फोटो अपलोड करना होता है। जबकि ग्राम विकास अधिकारी द्वारा विगत सप्ताह से ही 9 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी विभागीय साइट पर अपलोड की जा रही है। जहां जिम्मेदार सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन की धज्जियां उड़ाते नजर आ रहें हैं।

### जांच कराकर संबंधित जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी : डीसी मनरेगा

जनपद में निरंतर बिना मनरेगा कार्य कराए विभागीय साइट पर अपलोड किए जा रहे फर्जी फोटो और जिम्मेदारों द्वारा किए जा रहे बिना कार्य के भुगतान के संबंध में पूछे जाने पर डीसी मनरेगा सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि जहां काम होता है वहीं का फोटो अपलोड करना है अगर बिना कार्य कराए या काम कहीं और फोटो कहीं और का अपलोड किया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी और संबंधित जिम्मेदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### पांच दिनों में 9 मजदूरों ने रोपित किए 30 पौधे

मनरेगा मजदूरों की विभागीय साइट पर अपलोड की गई हाजिरी में मजदूरों की दर्शाई जा रही संख्या 9 है और पांच दिनों में रोपित किए पौधों की संख्या लगभग 30 है जो कि विभागीय जिम्मेदारों और ग्राम प्रधान द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की पोल खोलने के लिए काफी है।ह्11

# स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक : पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**



स्वस्थ जीवन के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है। वृक्षारोपण जैसे कार्य को आज के परिवेश में जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। लोगों को जागरूक करने हेतु जन जागृति अभियान चलाया जाना चाहिए। जितनी ज्यादा हरियाली विकसित होगी, उतना ही अधिक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण होगा। उक्त बातें पूर्व विधायक चौधरी शिवेंद्र सिंह ने पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सेठ पूरनमल जयपुरिया हाईस्कूल में कही। वृक्षारोपण कार्य करने बाद उन्होंने कहा कि पेड़-पौधों से हम लोगों आक्सीजन मिलता है। जैसे कुछ पौधे ऐसे हैं जिसका आक्सीजन 24 घंटे मिलता है। इनमें नीम, पीपल, क्रिसमस आदि पौधों से भरपूर आक्सीजन मिलता है। ऐसे में सभी लोगों को जागरूक होने की जरूरत है और सभी लोग पेड़ पौधे जरूर लगाएं। काफी उत्साहित युवा हैं जो सभी इस मुहिम में साथ चलते हुए आनंद नगर पंचायत को हरा-भरा बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसी क्रम में अम्बरीश राव लल्लन ने कहा कि पेड़ों को मनुष्य का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है। वास्तव में यदि पेड़ नहीं होते तो धरती पर जन जीवन ही नहीं होता। पेड़ हमें विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों की प्रचुरता प्रदान करते हैं वहीं इनसे हमें प्राणवायु आक्सीजन भी मिलती है। कोरोना काल में आक्सीजन का महत्व सभी लोगों हों गया। अनेक लोगों ने आक्सीजन के अभाव में अपनों को खो दिया। पर्यावरण को बचाने के लिए हमें अभी से तेजी के साथ प्रयास करना होगा और अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनका संरक्षण करें। तब आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण दे सकते हैं।इस दौरान डा.ज्योति शंकर वर्मा, संजय राव, विक्रांत अग्रहरि, भरत भाई, उपेंद्र यादव, अभय सिंह, दुर्गेश चौधरी, राम दास यादव, मंजूर आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिवम जायसवाल ने किया।

# मोबाइल का सकारात्मक उपयोग कर सक्षम बनें छात्र

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

झिनकी देवी निजी आईटीआई कॉलेज आनंदनगर में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल भारत के अंतर्गत मोबाइल टेबलेट वितरण कार्यक्रम बुधवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व पीसीएस अधिकारी डॉक्टर फूलचंद यादव रहें। विशिष्ट अतिथि एडवोकेट शंभू यादव एवं एडवोकेट रमाकांत यादव एडवोकेट व दीपक सहानी रहे।आईटीआई के 42 छात्राओं को मोबाइल वितरित किया गया। मोबाइल टेबलेट पाकर छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे। बतौर मुख्य अतिथि छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व पीसीएस अधिकारी डॉक्टर फूलचंद यादव ने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मोबाइल टैबलेट से तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अपना अधिक से अधिक ज्ञान अर्जित कर सभी क्षेत्रों में निपुण होकर अग्रणी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के द्वारा युवाओं के प्रतिस्पर्धा के लिए उन्हें मोबाइल टैबलेट देकर सक्षम बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सभी छात्र-छात्राएं मोबाइल टैबलेट को सकारात्मक दिशा में प्रयोग कर सक्षम बनें।

इसी क्रम में रमाकांत यादव व दीपक साहनी ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के योगी सरकार द्वारा युवाओं को सक्षम बनाने के लिए तमाम योजनाएं चलाकर उन्हें योग बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। सभी लोगों ने कहा कि युवा सक्षम होगा तो देश का भविष्य उज्जवल होगा। प्राचार्य वीरेंद्र सहानी ने कहा कि युवा मोबाइल टैबलेट से विश्व स्तरीय प्रत्यय स्पर्धा में प्रतिभा करते हुए नाम रोशन करें। उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए आभार जताया। इस दौरान संजय यादव, हिरदेश, ज्योति, नीतू, ममता, राजकुमार, मनोहर आदि शिक्षक गण मौजूद रहे।

# विवादित दरोगा अमित कुमार सिंह को मिली बरगदवा थाने की कमान

**जन एक्सप्रेस । नौतनवा/महराजगंज**




पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए कई प्रभारियों के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया। परसामलिक थाना क्षेत्रांतर्गत सेवतरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित सिंह को बरगदवा थानाध्यक्ष बनाया गया। बताते चलें कि परसामलिक चौकी प्रभारी रहते हुए दरोगा अमित कुमार सिंह विवादों से घिरे रहे जहां पत्रकार को खबर प्रकाशित करने पर आधी रात में फोन कर धमकी देने से लेकर एसपी तक को सस्पेंड कर देने की बात कर सुर्खियों में रहे।

तो वहीं चौकी प्रभारी बागापार दुर्गेश कुमार वैश्य को थाना प्रभारी भिटौली बनाया गया है तो भिटौली थानाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता को सोहगीबरवा थाने की कमान सौंपी गई है। निवर्तमान थानाध्यक्ष सोहगीबरवा थानाध्यक्ष नीरज राय व बरगदवा स्वतंत्र कुमार सिंह का गैर जनपद तबादला होने की वजह से पुलिस लाइन भेजा गया है।

# ईंट हटाने को लेकर बैठी पंचायत, सरिया-सब्बल से पीटकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

राधा देवी की पैतृक जमीन में विपक्षी विश्वनाथ और फूलचंद की दीवार बारिश में गिर गई थी। उसी ईंट को हटाने के लिए उसके पति कई बार कहे। यहां तक कि कई बार पंचायत भी हुआ। मंगलवार सुबह भी दोनों पक्षों के बीच पंचायतन ईंट को हटा लेने की बात हुई। शाम को गिरोहबंद होकर आए सभी आरोपियों ने पति पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। थानाक्षेत्र के पड़ियाडीह गांव में भूमि विवाद को लेकर मंगलवार को हुए घमासान में पुलिस ने 10 नामजद व दो अज्ञात पर हत्या व बीएनएस की अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं। मृतक के परिवार के लोगों का आरोप है कि सुनियोजित तरीके से यह हत्या की गई है। मृतक की पत्नी राधा देवी ने तहरीर में बताया है कि उसकी पैतृक जमीन में विपक्षी विश्वनाथ और फूलचंद की दीवार बारिश में गिर गई थी। उसी ईंट को हटाने के लिए उसके पति कई बार कहे। यहां तक कि कई बार पंचायत भी हुआ। मंगलवार सुबह भी दोनों पक्षों के बीच पंचायतन ईंट को हटा लेने की बात हुई। इसके बावजूद विपक्षियों ने नहीं हटाया। बाद में वह स्वयं उसके दिवंगत पति राजेन्द्र बेटी साधना माधुरी और बेटा गोविन्द ईंट को हटाने लगे। इसी दौरान विपक्षी कन्हैया तिवारी उर्फ रवीन्द्र नाथ निवासी शंकरपुर थाना परशुरामपुर और गांव के ही रामचन्द्र के ललकारने पर विश्वनाथ, फूलचंद्र, संदीप, इन्द्रेश, कौशलेंद्र, आदित्य,आयूष, विद्यावती और दो अज्ञात सरिया, डंडा, भाला व सब्बल हाथों में लेकर आये और मुझे मेरे पति राजेन्द्र,बेटी साधना माधुरी बेटे हरीश व गोविन्द को एकजुट होकर जान से मार डालने की नियत से मारने पीटने लगे।

# पचास शिक्षक संकुलों ने दिया सामूहिक इस्तीफा

**जन एक्सप्रेस । गगहा गोरखपुर**



प्रदेश के लाखों शिक्षकों की जायज मांगे 31 उपार्जित अवकाश,अर्ध आकस्मिक अवकाश, कैशलेस ईलाज, द्वितीय शनिवार अवकाश, पदोन्नति, प्रतिकर तथा अध्ययन अवकाश, पुरानी पेंशन सहित दर्जनों मांगों को दरकिनार कर केवल ऑनलाइन हाजिरी पर जोर देने वाली हठधर्मी सरकार के विरोध में गोरखपुर जिले के ब्लॉक गगहा के 50 शिक्षक संकुल सदस्यों ने बुधवार को बीआरसी गगहा पर उपस्थित होकर खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप शर्मा को अपना सामूहिक त्यागपत्र दिया। शिक्षक संकुलों का कहना है कि बिना किसी की सहमति लिए उन्हें शिक्षक संकुल बनाया गया, जिसका कार्यकाल केवल 2 वर्ष का था। कार्यकाल बीत जाने पर भी शासन द्वारा कोई दिशानिर्देश नहीं आया, यहां तक कि मासिक मीटिंग का समय विद्यालय समय के उपरान्त 5 शाम बजे तक किया गया, जिससे महिला संकुल सदस्यों में असुरक्षा का माहौल भी उत्पन्न हो गया है। इसके अतिरिक्त रविवार या अन्य अवकाश के दिन भी शिक्षक संकुलों को जनपद पर या ब्लॉक पर बुलाया गया है तथा उसके एवज में कोई प्रतिकर अवकाश भी नहीं दिया गया।

पूरे संकुल को निपुण बनाने की जिम्मेदारी भी दे दी गई जिससे अध्यापक को पूरे मनोयोग से अपने विद्यालय पर भी शिक्षण कार्य करने में असुविधा हो रही है। इस अवसर पर UPPPS ब्लॉक अध्यक्ष डॉ सुमंत सिंह मंत्री हामिद अली, संकुल शिक्षक अजय पांडे, अभिनय सिंह, प्रिंस इंद्रमणि, नवनीत कुमार, रामसेवक, शक्ति भूषण सिंह, इंद्रसेन शाही, मनीष सिंह, राजेश कुमार, प्रदीप, के के तिवारी, अनिल कुमार सहित सभी शिक्षक संकुल उपस्थित रहें।

# वर्षों से बंद पड़ी समिति का हुआ संचालन, किसानों में छाई खुशी

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**



फरेंदा विकास खण्ड क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सभा महुअवा ऊर्फ महुई में स्थित साधन सहकारी समिति सन 1983 में तत्कालीन विकलांग कल्याण मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्याम नारायन तिवारी द्वारा उद्घाटन कर संचालित कराया गया था जो कुछ वर्ष बाद बन्द हो गया था। 15 वर्षों से बन्द पड़ी साधन सहकारी समिति महुअवां ऊर्फ महुई को पूर्व जिला पंचायत सदस्य, समिति के अध्यक्ष राधेश्याम गौतम ने शासन को अवगत कराया था। सूबे की योगी सरकार ने इस क्षेत्र के किसानों के लिए एक बड़ी सौगात दी हैं। राधेश्याम गौतम के मजबूत इरादे और संघर्षों के बदौलत से 15 वर्ष से बन्द पड़ी साधन सहकारी समिति को 24 जुलाई को एक ट्रक यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध कराया गया। साधन सहकारी समिति पर उपाध्यक्ष अब्बू हरेरा व सचिव रामप्रकाश, हरिराम, बाबू लाल, अजय कुमार सिंह शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक लिमिटेड रामनारायन पांडेय रामदेव शर्मा समेत अन्य लोगों की उपस्थिति में बुधवार को 11 बजे फीताकाटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद किसानों में यूरिया 45 किग्रा 266.50 रुपए तथा डीएपी खाद 50 किग्रा 1350 रुपए की दर से किसानों में वितरण किया गया। वहीं साधन सहकारी समिति महुअवां महुई के अध्यक्ष राधेश्याम गौतम के इस नेक कार्य से क्षेत्र के किसानों में काफी सराहना कर उन्हें बधाई दें रहें हैं। चर्चा है कि 15 वर्ष से बन्द पड़ी महुअवा उर्फ महुई में स्थित साधन सहकारी समिति को 24 जुलाई दिन बुधवार को ताला खुलवाकर संचालन शुरू कर दिया गया, जिससे किसान काफी खुश दिखे।

# पंचायत भवनों पर लटक रहे ताले, जिम्मेदार बेपरवाह




**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

योगी सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली योजनाओं में से एक ग्राम पंचायत भवन भी है जिसके निर्माण में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किये गए कि सरकार की जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित है उसका लाभ ग्रामीणों को सीधे उनके ग्राम सभा में मिले उनको किसी योजनाओ के लाभ के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेकानेक पहल कर रही है ।लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रही है। और ग्रामीण योजनाओ का लाभ नही उठा पा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण सीएम योगी के गृह जनपद के विकास खण्ड उरुवा के ग्राम पंचायत रसूलपुर माफी का है जहाँ पंचायत भवन पर ताला लटका ही रहता है।

### निर्माण से अबतक नहीं खुला ताला

ग्रामीणों का कहना है कि जब से पंचायत भवन बना तब से आजतक ताला कभी नहीं खुला, जिसका कोई समय व दिन निर्धारित नहीं है। पंचायत भवन परिसर में अतिक्रमण हो रखा है जो न्याय विरुद्ध है। सफाई की व्यवस्था नदारद है जिससे आये दिन गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। इससे साफ जाहिर है कि यहां न पंचायत सहायक बैठते है और न ही रोजगार सेवक न ही सफाईकर्मी कभी यहाँ झांकने तक नहीं आते है। शासन से निर्धारित निर्देशों में पंचायत सहायक को परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु रजिस्टर समेत अन्य कई योजनाओं का लाभ देना है। रोजगार सेवकों को पंचायत सचिवालय में बैठकर इच्छुक जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित है। बीसी सखी के माध्यम से पैसों का लेनदेन करने, सीएससी संचालकों से ऑनलाइन कार्यो की सेवा उपलब्ध कराने जैसा निर्देश दिया है। लेकिन पंचायत भवन में इन कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते है। इससे ग्रामीणों में भारी आ ोश व्याप्त है।

### मिडिया रिपोर्ट के अनुसार जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई – बीडीओ

पंचायत भवन पर लटक रहे ताले के संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी उरुवा रघुनाथ सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है मिडिया बंधुओं द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट ऐतिहासिक : रविकांत तिवारी

**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** चौरी चौरा विधानसभा क्षेत्र के



वरिष्ठ भाजपा नेता रविकांत तिवारी ने मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में पेश किए गए बजट को ऐतिहासिक करार दिया है। श्री तिवारी ने बताया कि यह बजट गांव, गरीब और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने वाला है। उन्होंने कहा, इस बजट से विकसित भारत की जो परिकल्पना है, वह साकार होगी और देश में सुख, समृद्धि और खुशहाली आएगी। मध्यम वर्ग के लोगों के लिए टैक्स में छूट देना आम लोगों के जीवन पर खासा असर डालेगा। भाजपा नेता श्री तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का जो लक्ष्य रखा है, उसे इस बजट के माध्यम से बढ़ावा मिलेगा। इस बजट में कृषि उत्थान के साथ-साथ युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह बजट न केवल आर्थिक विकास को गति देगा, बल्कि देश के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाएगा।

# अवैध तरीके से संचालित गोल्ड अस्पताल सीज, बाकी रडार पर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल से हर माह 50 से 55 मरीज लापता होने के खुलासे को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने मामले की गोपनीय सूचना एकत्रित कराई। मंगलवार रात में 11 बजे एडीएम (सिटी) और एसपी (सिटी) की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को मेडिकल कॉलेज के पास गोल्ड अस्पताल की जांच के लिए भेजा।

मरीज माफिया नेटवर्क पर चोट करते हुए प्रशासन ने मंगलवार को अवैध रूप से चल रहे एक और निजी अस्पताल को सील कर दिया। लखनऊ में पंजीकृत डॉक्टर के नाम से चल रहे गोल्ड अस्पताल में भर्ती नौ मरीजों को मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल में शिफ्ट किया गया।

मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल से हर माह 50 से 55 मरीज लापता होने के खुलासे को संज्ञान में लेते हुए डीएम ने मामले की गोपनीय सूचना एकत्रित कराई।

मंगलवार रात में 11 बजे एडीएम (सिटी) और एसपी (सिटी) की अगुवाई में स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को मेडिकल कॉलेज के पास गोल्ड अस्पताल की जांच के लिए भेजा। जांच में पता चला कि अस्पताल में नौ मरीज भर्ती हैं, लेकिन जो डॉक्टर अस्पताल का संचालन कर रहा है, उसका पंजीकरण लखनऊ का है। अस्पताल में कुछ और भी कमियां मिलीं।दिन पहले आशा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई थी। इस पर दूसरे गुट ने पहुंचकर वहां हंगामा किया था।

# ओबीसी पार्टी ने पीएम ग्राम सड़क योजना में लगाया भ्रष्टाचार व लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस । चौरी-चौरा, ब्रह्मपुर**

ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत विकास खण्ड चौरी-चौरा के ब्रह्मपुर में बन रही सड़क के निर्माण में भ्रष्टाचार और लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि गोबडोर से टम्टा तक बन रही लगभग 6 किलोमीटर लंबी सड़क में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है।काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि ओबीसी पार्टी की द्वारा लगातार की जा रही शिकायतों के पश्चात बुधवार को संयुक्त निरीक्षण में असिस्टेंट इंजीनियर के.के. पांडे, जूनियर इंजीनियर, और निर्माण एजेंसी के ठेकेदार की उपस्थिति में सड़क निर्माण की कमियों को उजागर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान सड़क की मोटाई कई जगहों पर केवल 1 सेंटीमीटर और 2.75 सेंटीमीटर थी, जबकि ऊपरी लेयर कम से कम 3 सेंटीमीटर होनी चाहिए। पैदल यात्रियों के लिए बानाई जा रही पटरी में मानक के अनुरूप गिट्टी नहीं डाली गई और न ही पानी निकासी के लिए नाली बनाई गई। साथ ही, सड़क के बीचो-बीच कई जगह विद्युत पोल खड़े हैं, जिन्हें हटाया नहीं गया है, जबकि यह निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी है। ओबीसी पार्टी सुप्रीमो ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की गाइडलाइन के अनुसार, सड़क निर्माण 9 महीने के भीतर समाप्त हो जाना चाहिए या अधिकतम एक साल का एक्सटेंशन दिया जा सकता है। परंतु, इस सड़क के निर्माण में एक साल से अधिक का समय हो चुका है।



### गाइडलाइन की उड़ाई गई धज्जियां

काली शंकर ने बताया कि गाइडलाइन में स्पष्ट है कि सड़क का संयुक्त निरीक्षण 2 महीने में ग्राम प्रधानों के साथ, 4 महीने में विधायक के साथ और 6 महीने के अंदर सांसद के साथ होना चाहिए। हालांकि, अब तक एक भी निरीक्षण नहीं हुआ है। इसे जनप्रतिनिधियों की लापरवाही या अज्ञानता कहा जा सकता है।

### क्या विधायक-सांसद नहीं जानते अपने अधिकार

ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने निष्पक्ष एजेंसी से जांच की मांग की है और कहा कि यदि सड़क मानकों के खिलाफ बनी तो जनता लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन के लिए बाध्य होगी। उन्होंने कहा कि या तो विधायक और सांसद अपने अधिकार नहीं जानते, या जानबूझकर आंखें मूंदे हुए हैं। संयुक्त निरीक्षण में सड़क निर्माण की खामियां साफ-साफ दिखाई दीं, जिसके बाद ओबीसी पार्टी ने कड़ा रुख अपनाते हुए सुधार की मांग की है।

## पीड़िता ने की एसएसपी से विवेचक बदलने की मांग

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से पंच बिहार थाना क्वार्सी की एक महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से विवेचना स्थानान्तरित करने हेतु मांग की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र में रेनू पत्नी विनोद कुमार ने घटना 31 मई 2024 के पति विनोद कुमार के सम्बन्ध में थाना महुआखेड़ा, अलीगढ़ में 05 मई 2024 को शिकायत करने गयी थी उसी समय पीडिता के पति की दिल्ली में इलाज के दौरान मृत्यु की सूचना थाने पर मिली थी। थाने पर पीडिता से एक कागज पर हस्ताक्षर करा लिये थे। उसने कहा है वह पढ़ी लिखी नहीं है केवल अपना नाम लिखना जानती है। 07 जून 2024 को के अन्तर्गत अभियुक्त राकेश सहगल, भूरा के नाम थाना महुआखेड़ा में दर्ज की। जबकि पीडिता ने कहा था कि उक्त लोगों ने उसके पति की जलाकर हत्या की है। उसका आरोप है कि आरोपी आज भी खुलेआम घूम रहे हैं और कह रहे हैं कि तूने हमारा क्या बिगाड़ लिया। हमने इलाका पुलिस से मिलकर दुर्घटना की एफ0आई0 आर0 दर्ज करा दी है अब तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती है।

# प्रधान व उनके पति ग्रामीण संग धरने पर बैठे, बीडीओ ने पकड़ा था फर्जीवाड़ा

## खंड विकास लंभुआ के अधिकारियों पर लगाया सौतेला व्यवहार का आरोप

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



लंभुआ ब्लॉक क्षेत्र ग्राम केशवपुर की प्रधान कमला देवी एवं उनके पति सुनील कुमार गुप्ता ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर खंड विकास अधिकारी कार्यालय के सामने भूख हड़ताल पर बैठे हैं। इस हड़ताल में गांव के ग्रामीण भी काफी संख्या में शामिल हैं।

प्रधान प्रतिनिधि गुप्ता ने खंड विकास लंभुआ के अधिकारियों पर कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए कहा है कि हमारे गांव के साथ सौतेला व्यवहार कर रहे हैं और जांच के नाम पर नए-नए लोगों को रखकर वसूली का जरिया अपना लिया है जिससे गांव का विकास कार्य बाधित हो रहा है जो कतई बर्दाश्त नहीं है। प्रधान प्रतिनिधि का आरोप है कि न्याय पंचायत शिवगढ़ में कार्यरत प्रभारी राजेश पासवान (ध्ठ्ठ ८त्र) बिना सुविधा शुल्क लिए कोई काम नहीं करते हैं। जिनका रवैया ठीक नहीं है और कार्यरत प्रभारी को हटाने की मांग की है। जिसको लेकर आज यहां भूख हड़ताल पर बैठे हुए थे। बीडीओ कार्यालय के सामने हो रहे प्रदर्शन की सूचना पर पहुंचे कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अखंड देव मिश्रा ने प्रधान प्रतिनिधि से ज्ञापन लेकर उनकी बात को सक्षम अधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन देकर प्रदर्शन को स्थगित कराया। सूत्रों के अनुसार मामला यह है कि ग्राम केशवपुर में प्रधान द्वारा मास्टर रोल निकाल करके लगातार सैकड़ो मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगाई जा रही थी। जिसकी शिकायत कुछ ग्रामीण द्वारा लगातार उठाई जा रही थी इस शिकायत का संज्ञान लेते हुए खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। स्थलीय निरीक्षण में पाया कि सिर्फ फर्जी तरीके से मास्टर रोल निकाल करके मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही थी। बीडीओ ने फर्जी तरीके से कराए गए काम को जीरो कर दिया। बीडीओ द्वारा की गई इस कार्रवाई से व्यथित होकर ग्राम प्रधान ने प्रदर्शन का रुख किया था।

खंड विकास अधिकारी ज्ञानेंद्र मिश्रा का कहना है कि कि मेरे पास दो ब्लॉक लंभुआ और कादीपुर का चार्ज है आज के दिन मैं कादीपुर में हूं। मामले की जानकारी मुझे हुई है। जिस दिन लंभुआ में मेरा टर्म रहेगा मैं उनकी बात को जरूर सुनूंगा एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण करने का प्रयास करूंगा।

## ई-पत्रिका का आठवां अंक हुआ लोकार्पित




**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय की मासिक ई पत्रिका प्रतिबिम्ब के आठवें अंक का बुधवार को आनलाइन लोकार्पण हुआ। यह जानकारी देते हुए पत्रिका के प्रधान सम्पादक असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने पत्रिका की पीडीएफ फाइल को महाविद्यालय के विद्यार्थियों शिक्षकों , कर्मचारियों व अभिभावकों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जारी कर दिया है। इसमें गुरु पर विशेष सम्पादकीय है । यह अंक विद्यार्थियों के साथ ही अन्य लोगों के बीच भी तेजी से शेयर किया जा रहा है।

## महापौर और नगर आयुक्त ने पार्षद वार्ड 53 और 41 में किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

बुधवार को महापौर प्रशांत सिंघल और नगर आयुक्त अमित आसेरी ने पार्षद पुष्पेन्द्र सिंह, भूपेंद्र सिंह निरंजन सिंह साथ पार्षद वार्ड 53 और 41 में नगरीय सुविधाओं को प्रभावी बनाने की दृष्टिगत अधीनस्थों के साथ निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान स्वर्ण जयंती नगर गोविल गैस मार्ग पर अंडरग्राउंड नाला सफाई की धीमी प्रगति और मानक के अनुरूप कम सफाई कर्मी की उपस्थिति मिलने पर महापौर और नगर आयुक्त ने नाराजगी जताई मौके पर एसएफआई की क्लास लगाते हुए तेज़ी से इस नाले की सफाई को युद्ध स्तर पर पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए साथ ही साथ स्थानीय नागरिकों द्वारा इस रोड पर अवैध अतिक्रमण और जल निकासी में बाधक स्थाई अतिक्रमण हटाए जाने के अनुरोध पर महापौर और नगर आयुक्त ने मौके पर ही सहायक नगर आयुक्त के नेतृत्व में टीम गठित कर अगले 7 दिन तक जोन 2 में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाकर साथ ही साथ स्वर्ण जयंती नगर में स्थाई अतिक्रमण को चिन्हित करते हुए पैमाइश करने के निर्देश दिए।

महापौर और नगर आयुक्त ने वार्ड 41 में नव विस्तारित वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की दृष्टिगत वार्ड पार्षद के अनुरोध पर पांच मुख्य मार्ग सड़कों को पहले चरण में बनवाए जाने के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश मुख्य अभियंता को दिए। महापौर और नगर आयुक्त ने बेगपुर में मुख्य मार्ग पर नाला निर्माण का भी निरीक्षण किया और मुख्य अभियंता को इसका निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

# शोध और अनुसंधान से ही भविष्य का बेहतर भारत होगा निर्मित: प्रो. राधेश्याम सिंह

**✻ के.एन.आई.में प्री.पी-एच.डी. कोर्स वर्क का समापन समारोह सम्पन्न**

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




के.एन.आई.पी.एस.एस. सुलतानपुर, के हिंदी विभाग ने आज बुधवार को सत्र 2022-23 के प्री.पी-एच.डी. हिंदी कोर्स वर्क का समापन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ अध्यक्ष हिंदी विभाग प्रो. राधेश्याम सिंह ने किया। शोधार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए इन्होंने कहा कि शोध और अनुसंधान से ही भविष्य का बेहतर भारत निर्मित होगा। इसलिए विवेक और वैज्ञानिकता से ही हमें अपना अनुसंधान करना होगा। इस अवसर पर निदेशक आई.क्यू.ए.सी. प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने कहा कि छह माह के इस विशेष कार्यक्रम में शोध कार्य की जटिलताओं, बारीकियों, विभिन्न शोध प्राविधि अनुप्रयोग और शोध समस्या निर्धारण जैसी चुनौतियों और कठिनाइयों के प्रति शोधार्थियों में एक समझ विकसित करने का प्रयास किया जाता है। प्रो. प्रतिमा सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि वैज्ञानिक और वस्तुनिष्ठता के साथ ही हम शोध का उद्देश्य पूर्ण कर सकते हैं।

इस मौके पर अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वी.पी.सिंह ने कहा कि कोर्स वर्क की कक्षाएँ शोधार्थी को वैज्ञानिक और शोधपरक दृष्टि प्रदान करती हैं। यही दृष्टि समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरी है। डॉ. पवन कुमार रावत ने कहा कि देश की समकालीन स्थिति व परिस्थिति तथा चुनौतियों को केन्द्र में रखते हुए हमें नवीन, सामयिक और प्रासंगिक विषयों का चयन करना होगा। निष्कर्ष रूप में प्राप्त ये परिणाम निःशन्देह भारत और उसकी सभ्यता की बेहतरी के लिए सार्थक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में प्रो. राधेश्याम सिंह, प्रो. प्रतिमा सिंह, प्रो.वी.पी.सिंह, प्रो. प्रवीण कुमार सिंह, डॉ.पवन कुमार रावत आदि उपस्थित रहे। शोधार्थियों ने इस अवसर पर अपने अनुभव व संस्मरण को भी साझा किया। समापन समारोह में भावना, सूरज, अच्युत, अमित, अमित कुमार, संध्या, वीणा, आदित्य, शैलेन्द्र सरोज, जूही सिंह तथा आरती यादव आदि शोधार्थी मौजूद रहे।

**आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर की जनपदीय समिति ने काफी विचार के बाद शिक्षा मित्र पूनम मिश्रा को सौंपी है जिम्मेदारी**

# जनपदीय महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष बनी तेज तर्रार शिक्षा मित्र पूनम मिश्रा, शिक्षको में हर्ष

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर

आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर में जनपदीय समिति ने काफी विचार के उपरांत प्राथमिक विद्यालय बेलासदा विकास क्षेत्र भदैंया की शिक्षा मित्र पूनम मिश्रा को जिला महिला मोर्चा के उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति वर्ष 2002 में शिक्षामित्र के पद पर हुई थी। जिलाध्यक्ष आदर्श शिक्षामित्र एसोसिएशन सुलतानपुर दिनेश चंद्रा ने बताया कि शिक्षामित्रों के हित के लिए पूनम मिश्रा के द्वारा हमेशा बढ़-चढ़कर प्रयास किया गया है। इनके द्वारा विद्यालय में शिक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाता है। विद्यालय के बच्चे शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से घुले मिले रहते हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करते हैं। इनके व्यवहार से बच्चों में तनिक भी डर या भय का वातावरण नहीं रहता है। शिक्षा क्षेत्र के साथ ही इन्होंने सामाजिक कार्य मे भी एक अलग मिसाल कायम किया है। गरीबो की मदद व मृतक शिक्षामित्रो के परिवार को आर्थिक मदद भी करती रहती है। बताते चले कि इनके ससुर श्री शिव नारायण मिश्र जो लंभुआ विधान सभा से विधायक भी रह चुके है। तथा पति हाईकोर्ट लखनऊ के सीनियर अधिवक्ता है। वही संगठन के महामंत्री प्रदीप यादव ने बताया कि पूनम मिश्रा ने शिक्षा के क्षेत्र में और संगठन के प्रति उत्तरदायित्व को निभाने में अनूठा प्रदर्शन किया है। नवीन जिम्मेदारी के निर्वहन के प्रति जब शिक्षामित्र पूनम मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मैं हर संभव शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए हमेशा से प्रयासरत रही हूं। वह चाहे न्याय पंचायत, विकास क्षेत्र या



जनपद का हो मैंने हमेशा संगठन के साथ मिलकर कार्य किया है। आज जनपदीय महिला मोर्चा उपाध्यक्ष के पद की जिम्मेदारी दी गई है, इसके लिए मैं शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार ज्ञापित करती हू और विश्वास दिलाती हू कि मैं संगठन के विश्वास पर हमेशा खरी उतरूंगी और शिक्षामित्र भाई बहनों के हित के लिए सतत प्रयासरत रहूंगी। उक्त चयन पर जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्रा, संरक्षक के.सी. मिश्र, वरिष्ठ सलाहकार अखिलेश तिवारी,भारतयादव, हरिओम भट्ट, महामंत्री प्रदीप यादव, उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, जंग बहादुर सिंह, अरूण यादव, शिव बहादुर, किरन वर्मा, रीना उपाध्याय, आदि लोगो ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है। उक्त की जानकारी मीडिया प्रभारी सुतीक्षण तिवारी ने दी।

# सुनसान गांव की सड़कें: चुनावी वादे और हकीकत

जन एक्सप्रेस | आगरा



चुनाव के समय, चुनाव प्रशासन, एसडीएम बाह, एसीपी बाह, कुछ सामाजिक ठेकेदार और नेताओं के कार्यकर्ता एक भी वोट ना गिरने की सूचना पर अपनी गाड़ियों के साथ बूथ पर और गांव में लोगों को समझाने के लिए बहुत ही कम समय में पहुँच गए थे। मंगलवार को एक बार फिर, उसी गांव का 14-15 सेकंड का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर सुर्खियाँ बटोर रहा है, जो उस रास्ते के हालात को दर्शाता है।

सुनसार गांव के युवाओं ने अपनी आवाज उठाई है और सांसद जी से अपील की है कि वे उनके गांव पधारें। पूर्व में घनश्याम भारतीय द्वारा भी बाह टाइम्स पर पूरे रास्ते का वीडियो डाला जा चुका है। चम्बल टाइम्स के चेयरमैन ध्रुव तोमर ने भी NIO भारत प्लेटफ़ॉर्म पर स्क्रिप्ट के माध्यम से गांव के हालात बताए थे। वहीं, बाह के निःस्वार्थ समाजसेवी नरेंद्र भारतीय भी समय-समय पर गांव के हालात बताते रहते हैं। मंगलवार को एक बार फिर से एक वीडियो सामने आया है और जब उसे देखा गया, तो अहसास हुआ कि अगर कोई वहाँ होता या कोई नेता उस गांव में रहता, तो उसे तकलीफ़ समझ आती कि सुनसार की पीड़ा क्या है।

# जलालपुर सीओ के स्थानांतरण होने पर विदाई समारोह का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर



जनपद के एसपी द्वारा क्षेत्राधिकारियों के कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करते हुए तीन क्षेत्राधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है।जलालपुर सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य को जलालपुर से जनपद मुख्यालय के अकबरपुर सर्किल, भीटी सर्किल के सीओ अजेय कुमार शर्मा को जलालपुर सर्किल और अकबरपुर सर्किल के सीओ सुरेश चंद्र मिश्र को अकबरपुर सर्किल से भीटी सर्किल के लिए स्थानांतरित किया गया है। जलालपुर कोतवाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों और गणमान्य लोगों द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य को भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान जलालपुर सर्किल के सभी थानाध्यक्ष मौजूद रहे।एसडीएम सुभाष सिंह ने अग्रिम कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्राधिकारी के मिलनसार व्यवहार और कामकाज की जमकर सराहना की। भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने कहा कि सरकारी सेवा में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। जो अधिकारी अपने कार्यों का निर्वहन पारदर्शी तरीके से करते हुए लोगों के बीच लोकप्रियता बनाये रखते हैं उन्हें ही सम्मान मिलता है।उन्होंने सीओ देवेंद्र कुमार मौर्य को उनके कार्यकाल की विशिष्टताओ के लिए बरसो तक याद किए जाने की बात कहते हुए अग्रिम कार्यकाल के लिए शुभ कामनाएं दी।कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों द्वारा मुंह मीठा कराते हुए माला पहनाकर भावपूर्ण ढंग से स्थानांतरित क्षेत्राधिकारी को उनके कार्यकाल के दौरान सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। थाना अध्यक्ष यजवेंद्र सोनकर, शिवांगी त्रिपाठी, वंदना अग्रहरि, भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र, दरोगा सचिव मौर्य, नगर महामंत्री विकाश निषाद, नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, अमित गुप्त, कांवरिया संघ अध्यक्ष सोनू गौड़ समेत पुलिस कर्मियों और समाज सेवियों ने सीओ सिटी बनाए जाने पर बधाई देते हुए स्मृति चिन्ह व उपहार भेंट कर भाव-भीनी विदाई दी।

## मेटा एआई अब हिंदी और अन्य भाषाओं में भी उपलब्ध

जन एक्सप्रेस | आगरा

मेटा अपने ऐप्स और डिवाइस में मेटा एआई असिस्टेंट की पहुँच बढ़ा रहे हैं और नई सुविधाएं जोड़ रहे हैं ताकि आपको उत्तर देने, विचार करने और प्रेरणा मिल सके। मेटा एआई अब 22 देशों में उपलब्ध है, जिसमें अर्जेंटीना, चिली, कोलंबिया, इक्वाडोर, मैक्सिको, पेरू और कैमरून शामिल हैं। अब आप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर और फेसबुक पर मेटा एआई के साथ नई भाषाओं में भी बात कर सकते हैं। यह सुविधा अब हिंदी, रोमन हिंदी, फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली, और स्पेनिश में उपलब्ध है और जल्द ही और भी भाषाएँ जोड़ी जाएंगी। व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, मैसेंजर, फेसबुक और मेटाडॉटएआई पर मेटा एआई की मदद से लोग कम समय में ज्यादा काम कर पा रहे हैं, रचनात्मक विचारों को साकार कर रहे हैं और अपने ज्ञान का विस्तार कर रहे हैं। मेटा एआई आपके हर काम में मदद करता है - सवालों के जवाब देने से लेकर प्रेरणा और मार्गदर्शन देने तक, जिससे आपकी दिनचर्या बेहतर बनती है।

# नलकूप विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



कादीपुर में क्षेत्र के भूपत्तिपुर गांव के किसानों का बुरा हाल है। इंद्र देव की नाराजगी व नलकूप विभाग की मनमानी से सैकड़ो बीघा धान की रोपाई प्रभावित हुई है। गांव स्थित नलकूप संख्या 59 कई महीने से खराब है।स्थानीय लोगों की माने तो मोटर की क्षमता कम होने की वजह से आये दिन जला रहता है। नालिया जीर्ण क्षीण हो गयी है। गांव के किसानो ने कई बार विभाग से इसकी शिकायत की परन्तु परिणाम शून्य ही रहा। किसान राहुल सिंह बताते हैं कि मैने खुद ही 15 जून को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया था और पुनः 22 जुलाई को तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारी खेती इसी नलकूप के सहारे होती थी लेकिन नलकूप सही न चलने के कारण अभी तक धान की रोपाई नहीं कर पाये हैं। धान की हमारी नर्सरी तैयार है अब विलम्ब हो रहा है लेकिन नलकूप बनने की कोई उम्मीद नहीं है। और भी गांव के किसानो के धान की रोपाई नहीं हो पाई है। किसानों ने अविलम्ब नलकूप बनवाने की मांग की है।

**नौकरी दिलाने के बहाने बुलाया, फिर दरिंदो ने एक-एक कर नोचा जिस्म**

# पीड़िता की आपबीती सुन हिल जाएंगे आप


जन एक्सप्रेस | आगरा

छह बच्चों की मां को नौकरी दिलाने के बहाने नोएडा बुलाया। इसके बाद दरिंदो ने एक-एक करके जिस्म नोचा। पीड़िता की आपबीती सुन लोग हिल गए।

यूपी के फिरोजाबाद की रहने वाली महिला से नौकरी दिलाने के बहाने नोएडा बुलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। इसके बाद उसे जंगल में फेंक दिया गया। होश आने पर पीड़ित ने राहगीर से मदद ली। इसके बाद घर पहुंची। चक्कर आने पर सोमवार की रात उसे सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। छह बच्चों की मां सोमवार रात आठ बजे घर लौटी। पुलिस को मामले कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है।

थाना उत्तर क्षेत्र की निवासी 35 वर्षीय महिला की बहन नोएडा में रहती है। वहां वह आती-जाती है। कुछ वर्ष पहले वहां उसकी नोएडा निवासी युवक से मुलाकात हुई थी। आरोप है कि युवक ने 20 जुलाई को महिला को फोन कर नौकरी दिलाने के बहाने नोएडा बुलाया। उसने उसके बैंक खाते में किराए के लिए एक हजार रुपये भी भेजे थे।

पति ऑटो चलाने गया था। इस बीच महिला घर पर बिना बताए नोएडा रवाना हो गई। आरोप है कि युवक ने नोएडा के किसी होटल और अपने कथित रिश्तेदार के घर ले जाकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे पिला दिया। उसके बेहोश होने के बाद युवक ने अपने साथियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे जंगल में फेंक दिया।



22 जुलाई को उसे होश आया तो वह जंगल में पड़ी थी। राहगीरों की मदद से किसी तरह वह सोमवार रात नोएडा से बस से घर पहुंची। पीड़िता के पति ने बताया कि घर लौटने पर उसकी पत्नी ने चक्कर आने की बात बताई। इसलिए उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराना पड़ा था। वहीं थाना उत्तर के इंस्पेक्टर राजेश पांडेय ने बताया कि मंगलवार दोपहर पीड़िता थाने पर आई थी। तहरीर बाद में देने की बात कह कर वह चली गई।

# प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पी आर पी) थेरेपी से दर्द का इलाज करें बिना सर्जरी के

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

प्लेटलेट रिच प्लाज्मा (पी आर पी) एक रक्त से प्राप्त पदार्थ है जिसमें प्लेटलेट्स की मात्रा पूरे रक्त की तुलना में अधिक होती है। यह थेरेपी चोटग्रस्त ऊतकों, अपचयी टेंडन, और जोड़ों के लिए एक उभरता हुआ उपचार है।

सक्रिय प्लेटलेट्स जब इंजेक्ट किए जाते हैं, तो यह पुनर्जीवन के लिए महत्वपूर्ण ग्रोथ फैक्टर्स रिलीज करते हैं। कोलेजन के बढ़े हुए जमाव से सॉफ्ट टिश्यू हीलिंग भी बढ़ती है। यह उन ऊतकों के लिए बहुत सहायक होता है जिनमें पुनर्जीवन क्षमता कम होती है। इसलिए पी आर पी उपचार में रोगी के अपने प्लेटलेट्स का उपयोग करके कार्टिलेज, टेंडन को पुनर्निर्मित किया जाता है।

यह नवीनतम, सुरक्षित और प्रभावी तरीका है दर्द का इलाज करने का बिना सर्जरी के। पी आर पी थेरेपी को प्राकृतिक थेरेपी माना जाता है, क्योंकि इसमें रोगी के अपने रक्त को एक विशेष सेंट्रीफ्यूज मशीन में पी आर पी में बदलकर इसे लंबे समय से न ठीक होने वाले ऊतकों को ठीक करने के लिए उपयोग किया जाता है। प्लेटलेट्स एक प्राकृतिक हीलर के रूप में काम करते हैं, जिससे इंजेक्शन के बाद ऊतक जो न ठीक होने की अवस्था में था, पुनः हीलिंग प्रक्रिया में आ जाता है।

बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के पेन मेडिसिन एंड पैलिएटिव केयर की वरिष्ठ सलाहकार और एचओडी डॉ. आंचल शर्मा ने कहा कि पी आर पी प्राकृतिक तरीके से हीलिंग को बढ़ावा देता है। पी आर पी प्लेटलेट्स और ग्रोथ फैक्टर्स का मिश्रण होता है, जो हीलिंग को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय प्रोटीन होते हैं। प्लेटलेट्स रक्त कोशिकाएं होती हैं जो



शरीर की मरम्मत प्रक्रिया में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस प्रकार, यह टूटे या न ठीक होने वाले ऊतकों में हीलिंग को उत्तेजित करता है।

पी आर पी इंजेक्शन के बाद, प्रारंभिक 2-3 दिनों के लिए दर्द बढ़ सकता है जिसके बाद दर्द से राहत सामान्यतः इंजेक्शन के चौथे-पांचवें दिन से शुरू होती है और यह लंबे समय तक बनी रहती है।

संकेतः प्लांटर फैसीआइटिस, एकिलीस टेंडिनोपैथी, टेनिस एल्बो, रोटेटर कफ टेंडिनोपैथी या टियर, घुटने का गठिया (मामूली से मध्यम मामले), मेनिस्कस चोट/टूटे मेनिस्कस, लिगामेंट स्प्रेन, क्रोनिक टेंडिनोपैथीज, न ठीक होने वाले घाव। स्वास्थ्य कर्मी आपके रक्त का नमूना लेंगे। मात्रा 10-20 मिलीलीटर होती है, जो इस पर निर्भर करती है कि पी आर पी कहां इंजेक्ट किया जाएगा। एक विशेष ट्यूब में रोगी का रक्त डाला जाता है। इसके बाद इस ट्यूब को सेंट्रीफ्यूज मशीन में रखा जाता है। फिर घूर्णन प्रक्रिया से रक्त को प्लेटलेट्स और प्लाज्मा से अलग किया जाता है। इसमें लगभग 15-20 मिनट लगते हैं। अलग किए गए प्लेटलेट रिच प्लाज्मा को ग्रोथ फैक्टर्स के साथ मिलाकर इंजेक्शन के लिए तैयार किया जाता है। लक्षित क्षेत्र को अच्छी तरह से साफ किया जाता है और स्थानीय एनेस्थीसिया दिया जाता है। इमेज गाइडेंस जैसे अल्ट्रासाउंड की मदद से पी आर पी इंजेक्ट किया जाता है। आप उसी दिन घर जा सकते हैं। इंजेक्शन के बाद दर्द से राहत सामान्यतः 1-2 हफ्तों में शुरू होती है। कभी-कभी 2-3 सत्रों की आवश्यकता होती है पूरी थेरेपी के लिए।

अगर आपके शरीर में गर्दन, कंधे, हाथ, कोहनी, कूल्हे, घुटने या पैरों में किसी भी हिस्से में दर्द हो जो दवाइयां लेने के बावजूद लगातार बना हुआ है और अब आप यह समझ नहीं पा रहे हैं कि उपचार के दृष्टिकोण में क्या करें, तो पी आर पी थेरेपी आपके लंबे समय से चले आ रहे समस्या का समाधान हो सकता है।

# संदिग्ध हालात में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

**बहन ने लगाया प्रताड़ना का आरोप, पत्नी रह रही थी मायके में**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत





**बरखेड़ा।** जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडल मे संदिग्ध हालात मे फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव जैसे ही यह वाक्य का पता लगा वैसे ही चीख पुकार मच गई।
बताते चले घटना के दौरान युवक घर पर अकेला था।वही सूचना मिलने पर पहुंची बरखेड़ा पुलिस ने मृतक के शव को फंदे से उतरवा कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा।बरखेड़ा क्षेत्र के गांव पिपरिया मंडल निवासी नीलाम्बर के 23 वर्षीय पुत्र मोनू का शव बुधवार को सुबह दस बजे घर अंदर फंदे पर लटकता दिखाई दिया।वही मृतक युवक की बहन सोनी भाई को खाना खाने के लिए बुलाने आई तो भाई का शव प्लास्टिक की रस्सी से कुदे पर लटकता देख चीख़-पुकार मच गया।मृतक युवक की बहन ने बताया है की उसका भाई घर मे अकेला रहता है।तथा मोनू की शादी सात बर्ष पहले कोतवाली दियूरिया क्षेत्र के गांव दियोराजपुर से छाया के साथ हुई थी।शादी के बाद भाभी अक्सर अपने मायके मे रहती थी।पिछ्ले दो साल से भाई की पत्नी मायके मे रहे रही है।माता-पिता की काफी समय पहले ही मृत्यु हो चूकी है।मोनू घर पर अकेला रहता था और उसकी शादी भी गांव मे ही हुई थी इसलिए भाई उसी के पास खाना खाता था।मंगलवार की शाम चार बजे भाई को घर बहार अकेला बैठे देखा तो वह काफी परेशान दिख रहा था।और रात को मोनू खाना खाने भी नही आया था।जब सुबह दस बजे भाई को बुलाने गई तो घर के सभी दरवाजे खुले हुए थे।वही जब कमरे दरवाजा खोला को घटना की जानकारी हुई।सूचना जानकारी थाना पुलिस को मिलते मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह ने मृतक का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।थाना पुलिस ने घटना के बावत मे गांव के ग्रामीणो से भी पूछताछ कर जानकारी जुटाई।

**भाई के ससुराल वाले फिर जमीन बिकवाना चहाते थे**

इधर मृतक की बहन ने भी आरोप लगाए है की जमीन बिकवाकर भाभी पैसा ले गई है।करीब दो साल पूर्व मे भाभी ने दो वीघा जमीन विकवाई थी और सारा पैसा ले गई थी अपने मायके। उसके बाद भाभी कभी दोबारा नही थी भाई के पास। भाई के ससुराल वाले फिर जमीन बिकवाना चहाते थे जिसको लेकर भाई ज्यादा परेशान रहता था।

# जनसमस्याओं को लेकर विधायक ने सीएम योगी से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



शाहगंज क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं तथा कुछ नई मांगों को लेकर विधायक रमेश सिंह ने बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सीएम ने श्री सिंह की मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया है। विधायक ने पट्टीनरेंद्रपुर को नगर पंचायत बनाने, सुइथाकलां के कम्मरपुर गांव में फायर स्टेशन की स्थापना करने, शाहगंज में सौ बेड के नए अस्पताल का निर्माण, शाहगंज नगर के सेंट थॉमस रोड का नवनिर्माण, नाबार्ड-29 में दिए गए प्रस्तावों को स्वीकृत करने, अन्य जिला मार्गों के विशेष मरम्मत तथा शाहगंज के ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों में व्याप्त बिजली समस्या के निस्तारण की मांग रखी। इस संबंध में श्री सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मांगों पर गंभीरता से विचार करने की बात कही है।



# समाज के प्रति समर्पित भाव के पोषक थे आशाराम : बीएसए

**पचोखर में पुण्यतिथि पर आयोजित हुआ कार्यक्रम**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

आशाराम तिवारी कुशल व्यक्तित्व के धनी थे कर्तव्य निष्ठा, व ईमानदारी से परिवार व समाजसेवा के लिए खुद को समर्पित किया। उक्त बाते जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल उनके गृह निवास पचोखर में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि देने के बाद कहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विपुल उपाध्याय ने भी व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उनके बड़े पुत्र डॉक्टर संतोष तिवारी ने उनके स्मृति में बीएसए तथा बीईओ के हाथो वृक्षारोपण भी कराया। कार्यक्रम में कृष्ण दत्त द्विवेदी ,डॉक्टर ओपी पाठक, डॉक्टर महेंद्र त्रिपाठी, डॉक्टर अजय दुबे,डॉक्टर राजमणि मिश्रा,डॉक्टर विष्णु त्रिपाठी,अजय त्रिपाठी प्रबन्धक,सुशील उपाध्याय ने विचार व्यक्त किया। इस दौरान संचालन शैलेश चतुर्वेदी ने किया। मुख्य रूप से शिवाकांत तिवारी, विकास यादव जिला पंचायत सदस्य, डॉ प्रमोद सिंह, राजू सिंह,मनोज तिवारी,आशुतोष तिवारी,मनीष तिवारी,डॉ सचिन तिवारी,भोजपुरी गायक आशीष पाठक अमृत,की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# एफआईआर दर्ज करने के बाद नहीं कराया पीड़िता का मेडिकल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** दियोरिया कलां क्षेत्र के एक गांव निवासी भागीरथ पुत्र प्रभू दयाल ने उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। जिसकी एफआईआर दियोरिया पुलिस ने दर्ज की किंतु उसकी पुत्री का मेडिकल परीक्षण नहीं कराया गया। पीड़ित ने कई बार थाना पुलिस से मेडिकल परीक्षण कराए जाने की गुहार लगाई किंतु कोई सुनवाई नहीं हुई है। पीड़ित का आरोप है कि उसकी पुत्री नाबालिग है लेकिन पुलिस ने एफआईआर में पास्को एक्ट की धारा नहीं लगाई है और उसकी पुत्री के जबरन कपड़े धुलवा दिए हैं। पुलिस मामले को रफा-दफा करने के प्रयास में लगी हुई है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रार्थना पत्र देकर मेडिकल परीक्षण कराए जाने की गुहार लगाई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# कोयला के प्रदूषण से सात मोहल्लावासी गंवा चुके हैं जान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**कई जनप्रतिनिधियों ने रेल विभाग से की वार्ता, नहीं हटा डिपो**

**बीसलपुर।** मोहल्ला रामनगर कालोनी रेलवे स्टेशन से पश्चित व पूर्व के बासिदों को कोयला उतारे जाने से काफी दिक्कतें हो रही हैं। कई लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। जनप्रतिनिधि पहुंच कर अश्वासन देकर मोहल्ला बासियों का धरना तुड़वाते चले आये लेकिन कोयला डिपो नहीं हटाया गया। जिससे भड़के नागरिकों ने जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपकर डिपो हटवाये जाने की मांग की। प्लेट फार्म नं0 4 पर रेल विभाग द्वारा कोयला डिपो बना रखा है। जिसे हटवाने के लिए मोहल्ला बासिदों ने कई बार धरना प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने भी कोयला डिपो हटवाने के लिए रेल विभाग के अधिकारियों से वार्ता की थी। इसके बाद मोहल्ला बासिंदों नें मण्डी गेट के सामने अनिर्श्चित कालीन धरना शुरु कर दिया था। नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव नजदीक था जिसको देखते हुए गन्ना राज्य मंत्री संजय गंगवार ने रेल विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर कोयला डिपो हटवा दिया और लोगों को धरना तुड़वा दिया लेकिन कुछ ही दिन बाद रेल विभाग ने टीन लगाकर दोबारा डिपो चालू कर दिया। जिससे कालोनी के बासिंदों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। सात लोगों की मौतें भी हो चुकी हैं। जिससे भड़के मोहल्ला बासियों ने जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के नाम संबोधित ज्ञापन तहसीलदार करम सिंह को सौंपकर डिपो हटवाये जाने की मांग की। मोहल्ला बासियों ने चेतावनी दी है कि 25 जुलाई तक कोयला डिपो नहीं हटाया गया तो 26 जुलाई को कोयला डिपो के सामने क्रमिक अनसन शुरु कर देंगे। ज्ञापन देने वालों में तुजबहादुर गौतम, सूरज प्रकाश, रामकिशोर, आलोक गौतम, विक्की श्रीवाश्तव, शिशुपाल, कन्हैया कुमार, शिवकुमार, रामनरेश, रोहित सिंह, राजकुमार, सौरभ श्रीवास्तव, लखपत गौतम, दिनेश, रामवती, राहुल कुमार, रामसरन, धर्मेन्द्र कुमार सहित सैकडों लोग शामिल रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर महिला के साथ मारपीट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर बाप बेटी ने एक महिला के साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट करने लगे। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी ने आकर बीच-बचाव किया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाप बेटी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।
दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव बढ़ेपुरा निवासी तारावती पत्नी चोखेलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि वह अपने घर के बाहर बैठी हुई थी। तभी गांव निवासी कालीचरन व उनकी बेटी मीरा देवी पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बीच-बचाव किया। तभी आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि महिला से मारपीट करने पर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाई में गिरा ट्रक, गैस कटर की मदद से निकाला गया खलासी का शव

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

**जिगना।** गैपुरा-लालगंज मार्ग पर मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे विजयपुर पहाड़ी की ढलान पर सड़क पर हुए गड्ढे के चलते राखड़ लदा ट्रक अनियंत्रित होकर लगभग 30 फीट नीचे खाई में पलट गया। इस हादसे में चालक ने कूदकर जान बचाई, परंतु ट्रक खाई में जाने पर केबिन में सो रहा खलासी फंस गया। चार घंटे की मशक्कत के बाद गैस कटर की मदद से खलासी के शव को बाहर निकाला गया। कूदने से घायल चालक को उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। सोनभद्र जिले के चोपन थाना क्षेत्र के करगरा गांव निवासी चालक दीपक (27) पुत्र कल्लू और खलासी अदित कुमार (27) पुत्र बूटन के साथ मध्य प्रदेश के विंध्य नगर से सोमवार की शाम ट्रक पर राखड़ लादकर प्रयागराज के सहसो जा रहे थे। लालगंज-गैपुरा मार्ग पर ट्रक को दीपक चला रहा था। अदित केबिन में सोया था। मंगलवार की सुबह करीब पांच बजे विंध्याचल थाना क्षेत्र के विजयपुर की पहाड़ी के ढलान पर सड़क पर गड्ढा होने के कारण ट्रक अनियंत्रित होकर दाहिनी तरफ 30 फीट नीचे खाई में गिर गया। चालक दीपक ने ट्रक से कूदकर जान बचाई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए पीएचसी सरोंई विजयपुर पहुंचाया गया। वहां से उसे ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। उधर, गैपुरा पुलिस तथा ग्रामीणों ने गैस कटर व ग्लैंडर की मदद से ट्रक की बाडी काटकर चार घंटे की मशक्कत के बाद खलासी अदित कुमार के शव को बाहर निकाला। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष सीपी पांडेय ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना पर अदित की मां उर्मिला परिजनों के साथ विंध्याचल थाना पहुंच गई। अदित तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनसे एक पुत्र और एक पुत्री हैं। थानाध्यक्ष चंद्रप्रकाश पांडेय ने बताया कि ट्रक पलटने से अदित कुमार की मौत हो गई। चालक दीपक घायल है। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# सालों से टूटी पड़ी सड़क पर नहीं है किसी का ध्यान, लगातार हो रहे हैं एक्सीडेंट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के चलते रोड पर गड्ढों में तब्दील होता दिखाई दे रहा है।
जिससे आए दिन लगातार एक्सीडेंट होते जा रहे हैं साथ ही कई लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ गया हैं। जनपद के शाही स्टेशन रोड के पास से 300 मीटर का टुकड़ा हैं। जो बुरी तरह से टूट चुका हैं। और बताते चलें ये पीलीभीत जिला के कि ब्लाक ललौरीखेड़ा शाही स्टेशन के पास से लगा हुआ कुछ हिस्से पीलीभीत में आता हैं। इतना ही नहीं यह पिछले एक साल भर से ऐसे ही गड्ढा एवं टूटी हुई सड़क पड़ी हुई हैं। जिस पर न ही किसी अधिकारी ने और न ही मंत्री जी ने इस पर संज्ञान लिया हैं।
जिससे आम जनता को आने जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने कच्चे रास्तों को पक्का करने की बहुत सी घोषणाएं की हुई हैं। जिन पर विभागीय अधिकारी काम करने का दावा करते हैं। लेकिन जो सड़कें पहले से ही पक्की हैं।
और गड्ढों में तब्दील हो रही हैं। उनकी तरफ न तो सरकार के नुमाइंदों का ध्यान जा रहा हैं। न ही विभाग के कार्यालयों में बैठे उच्च अधिकारी का सड़कों की मरम्मत के लिए प्रति वर्ष लाखों रुपये का बजट विभागों में आता है। सड़कों की हालत को देखकर ऐसा लगता है यह बजट मात्र फाइलों में ही पूरा हो रहा हैं। तथा सरकार का गड्ढा मुक्त सड़कों का अभियान भी दम तोड़ता हुआ नजर आ रहा है।
गड्ढे होने के कारण वाहन चालकों और राहगीरों को जान का जोखिम बना रहता है। सड़क पर गड्ढे होने के चलते वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त होते रहते हैं। इस रोड की चौड़ाई भी कम है, ऐसे में दो वाहनों का एक साथ निकलना दुर्घटना को न्यौता देना जैसा ही है। विभागीय अधिकारियों उक्त सड़क के गड्ढे को भरवाने की जहमत तक नहीं उठा रहे हैं।

# पत्नी संग दर्शन करने जा रहे वृद्ध की गिरने से मौत

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

**विंध्याचल।** पत्नी के साथ मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए आए सेवानिवृत्त उप निरीक्षक परिक्रमा पथ के पास गश खाकर गिर गए। उनको उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वाराणसी जिले के पांडेयपुर निवासी भगवती पांडेय (65) पत्नी राधा देवी के साथ मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए मंगलवार को दोपहर करीब 12 बजे पहुंचे थे। हाथों में माला-फूल और प्रसाद लेकर परिक्रमा पथ पर पहुंचे ही थे कि अचानक गश खाकर जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद तीर्थ पुरोहित और पुलिसकर्मियों ने प्राइवेट साधन से उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉ. संतोष कुमार सिंह ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। विंध्याचल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। साथ ही परिजनों को सूचना दी। भगवती की पत्नी राधा देवी ने रोते हुए बताया कि माई त दर्शन नहीं दीहीं, अपने द्वार से वापस कर दीं। यही शब्द कहकर वे बेहोश हो जा रही थीं। भगवती मूल रूप से मिर्जापुर जिले के ही निवासी हैं, लेकिन पुलिस विभाग में होने के कारण गैर जनपद में तैनाती थी। वाराणसी के एक थाने से उप निरीक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए थे।

## गैरहाजिर रहने पर डीआईओएस से मांगा स्पष्टीकरण

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में नहीं आने पर डीआईओएस से स्पष्टीकरण मांग लिया गया। अध्यक्षता करते हुए सीडीओ विशाल कुमार ने अधिकारियों को सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए सारे उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए जो भी बिंदु निर्धारित हैं, उन्हें अधिकारी पूरे कराएं, ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। उन्होंने अधिकारियों को जिन सड़कों पर दुर्घटनाएं अधिक हो रही हैं, उन स्थलों को चिह्नित कर वहां रिफ्लेक्टर टेप लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि एनएच-135 तथा 135 ए पर दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। दुर्घटना वाले स्थलों को चिह्नित कर समुचित व्यवस्था कराएं। उन्होंने यातायात पुलिस को तीन अथवा इससे ज्यादा दुर्घटनाओं वाले मार्गों पर अभियान चलाकर कमी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने रोड सेफ्टी क्लब बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन इंटर कॉलेजो में रोड सेफ्टी क्लब का गठन नहीं किया गया है, वहां इसका गठन कराकर संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के लिए जागरूक करें। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। उन्होंने एआरटीओ, डीआईओएस तथा ट्रैफिक पुलिस को हर महीने सड़क सुरक्षा के लिए एक इवेंट कराकर लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक में उप जिलाधिकारी मड़िहान युगांतर त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर मनोज गुप्ता, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मिर्जापुर गोवा लाल आदि मौजूद रहे।

# तीन नए एमआरएफ सेंटर के लिए जमीन चिह्नित, निर्माण जल्द

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

नगर पालिका मिर्जापुर में तीन नए एमआरएफ (मैटीरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर के लिए जमीन चिह्नित कर ली गई है। जल्दी ही निर्माण का काम शुरू करने की तैयारी है। तीनों एमआरएफ सेंटर बन जाने से नगर पालिका क्षेत्र में इनकी संख्या बढ़कर छह हो जाएगी। नए एमआरएफ सेंटर के निर्माण के लिए विंध्याचल, टांड़ गांव तथा सिटी विकास खंड के सिरसी गहरवार गांव में जमीन चिह्नित की गई है। जब सभी एमआरएफ सेंटर काम करने लगेंगे तो कूड़ों के निस्तारण की समस्या का काफी हद तक समाधान हो सकेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका मिर्जापुर के कुशवाहा नगर में 33.67 लाख रुपये की लागत से एमआरएफ सेंटर का निर्माण कराया गया है। निर्माण का काम पूरा हो जाने पर यहां कूड़े की अलग-अलग छंटाई के लिए करीब 17 लाख रुपये की लागत से एक मशीन लगाई गई है। इस केंद्र में सूखे और गीले कूड़े को अलग किया जा रहा है। इसके बाद उनका उचित तरीके से निस्तारण किया जाएगा। इससे कई लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। इस केंद्र के बगल में ही कक्ष और शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा यहां मशीन भी लगाई गई है। नगर पालिका क्षेत्र में प्रतिदिन 70 टन कूड़ा निकलता है। एक केंद्र में पांच टन कूड़े का शोधन हो सकता है। यदि सभी केंद्र काम करने लगेंगे तो कूड़े के निस्तारण की समस्या से काफी हद तक राहत मिलेगी। तीन नए एमआरएफ सेंटर के निर्माण पर 33.67 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इन केंद्रों में करीब 17 लाख रुपये की लागत से कूड़े की छंटाई के लिए मशीन भी लगाई जाएगी। चुनार नगर पालिका के समसपुर क्षेत्र में बनाए जा रहे एमआरएफ सेंटर का काम पूरा हो गया है। इसकी चहारदीवारी और अन्य निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। केंद्र तक पहुंचने के लिए रास्ते की दिक्कत होने के चलते इसका उपयोग पूरी तरीके से नहीं हो पा रहा है।

# डाइट पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**नौनिहालों के अधिगम स्तर को बढ़ाने में सहायक होगा प्रशिक्षण: डॉ. विनोद शर्मा**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर डाइट सभागार में चल रहे पांच दिवसीय स्लस्ह प्रशिक्षण का आज समापन हुआ द्यनिपुण भारत योजना को मूर्त रूप देने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में भाषा गणित और अंग्रेजी पर निर्धारित कार्य योजना के अनुसार चर्चा हुई। प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए डायट प्रवक्ता डॉ विनोद शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण में सीखी गई बातें बच्चों के लिए उपयोगी सिद्ध होगी, उन्होंने प्रतिभागियों को अपने-अपने ब्लॉकों में बेहतर ढंग से प्रस्तुतीकरण की शुभकामनाएं दी एवं सभी ए आर पी को प्रमाण पत्र वितरित किये। ।प्रिंटिंग रिच मटेरियल, शिक्षण योजना आदि पर, डाइट प्रवक्ता आर एन यादव । धर्मेन्द्र शर्मा, अमित कुमार , एस आर जी अखिलेश सिंह, अजय मौर्य सहित डाइट की पूरी टीम लगी रही। पांच दिवसीय प्रशिक्षण में सभी ए आर पी पूरी तन्मयता से उपस्थित रहे। ए आर पी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री प्रशांत मिश्र ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि सभी ए आर पी परियोजना से प्राप्त निर्देशों निरंतर पालन कर बच्चों को निपुण बनाने हेतु प्रतिबद्ध हैं। इस प्रशिक्षण से सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षण में ए आर पी श्री प्रकाश सिंह, पंकज यादव, कुंवर दारोगा सिंह, शान्त सिंह, देवेंद्र दुबे, सुजीत सोनकर, विकास सिंह, राहुल राय, सीनीध सिंह, मनोज सिंह सहित सभी ए आर पी उपस्थित रहे।

# बरामनपुर की कैंसर पीड़िता व वृद्ध को धमका रही चंदवक पुलिस

**आबादी की ज़मीन में पुलिस कर रही बंदरबांट**

**दशकों पुराने बंटवारे को पैसे के बल पर करा रही है नाजायज कब्जा**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



केराकत तहसील के डोभी ब्लॉक के तहत बरामनपुर गाँव के बड़ा पूरा में बजुर्ग प्रताप सिंह एवं उनकी भयोहू कैंसर पीड़िता श्रीमती मीरा देवी पत्नी ओमप्रकाश सिंह को तीन दशक पुराने आबादी के हो चुके बंटवारे को लेकर चंदवक पुलिस रोज इन्हें धमका रही है। जबकि पीड़िता व बुजुर्ग ने बीते पांच जुलाई को डीएम जौनपुर को शिकायती पत्र दिया था, डीएम ने केराकत एसडीएम को निर्देशित कर दिया। एसडीएम ने यथा स्थिति बनाए रखने को कह दिया, बावजूद इसके पुलिस दूसरे पक्ष की गीता देवी पत्नी विजय कुमार सिंह की ओर से पार्टी बनकर ज़मीन कब्जा कराने पर तुली है। यदि इस मामले में बलवा आदि की नौबत आ जाए तो ग्रामीणों के लिए हैरत नहीं होगी। इस मामले में ग्राम प्रधान संजय सिंह, ब्लॉक प्रमुख केडी सिंह ने भी पंचायत की कोशिश की लेकिन दूसरे पक्ष की गीता देवी पत्नी विजय कुमार सिंह समेत उनके दो अन्य भाइयों, उनकी पत्नी एवं कुछ रिश्तेदारों ने पैसे के बलपर अपनी जमीन में निर्माण करा लिया, फिनिशिंग का कार्य जारी है लेकिन मीरा देवी व प्रताप सिंह को उनकी ज़मीन में निर्माण करने से पुलिस के जरिए रोक रहे हैं। इनकी मंशा है मीरा देवी की ज़मीन में शौचालय बनाकर हड़पने की जिसमें सहयोगी बनी है थाने की पुलिस। पीड़िता मीरा देवी का आरोप है की जिस आबादी पर विपक्षी गण कब्जा करना चाहते हैं उसपर तीन दशक पूर्व जिला एवं सत्र न्यायालय से हमारे पक्ष में फैसला भी हो चुका है लेकिन पैसे के बलपर थानाध्यक्ष चंदवक दखल देने के साथ कहते हैं कि उस पक्ष का बनेगा लेकिन तुम्हारा नहीं बनने देंगे द्य कैन्सर पीड़िता ने बताया की प्रशासन की चुप्पी और पुलिस की धमकी मेरी और मेरे बुजुर्ग जेठ की जान जाने का खतरा बढ़ गया है, यदि ऐसा होता है तो इसकी जिम्मेदार चंदवक पुलिस के थानेदार होंगे।

# 80 रुपए का निरमा और चाय के पाउच लो नहीं तो नहीं मिलेगा राशन : कोटेदार केशव बाजपेई

**शासन की मंशा को पलीता लगा रहा सहकारी संघ कोटेदार**






**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर नगर पालिका क्षेत्र में लोगों के दर्द को समझते हुए बीते दिनों सभासद अशोक तिवारी उर्फ गुड्डू तिवारी ने अधिकारियों से कोटेदार केशव बाजपेई की शिकायत की थी लेकिन साठ गांठ के चलते अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की जिससे कोटेदार के हौंसले बुलंद हैं। सरकार की मंशा के विपरीत कर रहा है काम। गरीब लोग सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क राशन योजना के तहत राशन लेने जाते हैं जिनके साथ कोटेदार अभद्रता से बात करता है। ऐसा लगता है कि कोटेदार अपने खर्च से लोगों को राशन दान कर रहा है। घटतौली और अभद्रता की शिकायतें अब तो आम बात हो गई हैं। राशन के साथ 80 रुपए के निरमा और चाय के पाउच जबरदस्ती दिए जा रहे हैं। न लेने पर अभद्र भाषा का प्रयोग करता है कोटेदार। मजबूरन बेचारे गरीब को खरीदना पड़ता है। बीते दिन नगरपालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड नं 6 जयप्रकाशनगर बिल्हौर स्थित सहकारी समिति में चल रही सरकारी राशन की दुकान में राशन वितरण के दौरान उपभोक्ताओं में नाराजगी दिखाई दी। यह पूछने पर की यह 80 रुपए के निरमा और चाय के पाउच क्यों दे रहे हो। वितरण के बाद केवल चावल और गेहूं का ही मैसेज आ रहा है जबकि निरमा और चाय के पाउच का नहीं। तब कोटेदार ने बड़े तीखे अंदाज में कहा कि मुझसे नहीं यह सब सप्लाई इंस्पेक्टर, एसडीएम और डीएम से जाकर के पूछो। ये निरमा और चाय के पाउच शासन की तरफ से बेचने के लिए दिए गए हैं। जबकि नगर के ही एक दूसरे कोटेदार से पूछा गया तो उन्होंने नहीं बेचने की बात की। सप्लाई इंस्पेक्टर का फोन नहीं उठा जिससे उनसे बात नहीं हो सकी।

## बिल्हौर नगर पालिका ईओ और बीईओ द्वारा 4 जुलाई को लगा बीआरसी प्रांगण में आम पेड़ सूख गया

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर नगर पालिका द्वारा जगह-जगह वृक्षारोपण कर फोटो खींचने के साथ ही बड़े-बड़े बोर्ड नाम के लगाए जा रहे हैं लेकिन उन पेड़ों की देख ना होने की वजह से पेड़ अभी से ही सूखने लगे हैं बिल्हौर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा के आग्रह पर बीआरसी ग्राउंड पर खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने पहुंचकर भी संयुक्त रूप से आम के फलदार वृक्ष लगाए जिसमें आम का फल लगा हुआ था पेड़ लगाए थे उसमें से एक पेड़ पूर्ण रूप से सूख गया है जबकि नगर पालिका से महज 100 मीटर की दूरी पर यह पेड़ वाला स्थान है वहीं पर लोगों ने बताया कि नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा खाद आदि अधिक मात्रा में डाल देने की वजह से वह जल गया है पेड़ यह सूचना अधिकारियों तक होने के बाद भी वह देखने तक नहीं आए वहां पर आखिरकार बोर्ड ही निगरानी करेगा या कोई अधिकारी आकार भी दिखेगा या सिर्फ कर्मचारियों के सहारे रहेंगे यह पेड़ एक संदेश देता है कि नगरपालिका की कितनी दैनिह स्थिति है कि कोई जिम्मेदार जिम्मेदारी से काम देखने वाला नहीं है और काम करने वाले उससे अधिक बड़े लापरवाह हो गए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कुएं में गिरी बकरी निकालने उतरे चाचा-भतीजे की मौत

**जन एक्सप्रेस/सफीपुर (उन्नाव)।** कोतवाली क्षेत्र के नौबतपुर गांव में सूखे कुएं में गिरी बकरी निकालने उतरे चाचा-भतीजे जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। अग्निशमन जवानों की मदद से दोनों को निकाला गया। जिला अस्पताल में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली के नौबतपुर गांव निवासी सुनील उर्फ लाला लोधी (40) पुत्र धनीराम बकरी पालन का काम करते हैं। मंगलवार रात करीब 9:30 बजे एक बकरी घर के आंगन में सूखे कुएं में गिर गई। परिवार का भतीजा सुनील (19) उसे निकालने के लिए कुएं में रस्सा लटकाकर उतरा। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं आया तो परिजनों ने आवाज लगाई। कोई उत्तर न मिलने पर आसपास के लोगो को बताया गया। पड़ोस में रहने वाले बबलू लोधी (19) पुत्र दर्शन भी कुएं में उतर गए। कुछ देर बाद जब उनकी भी आवाज आना बंद हो गई तो अनहोनी की आशंका पर पुलिस को सूचना दी गई। एसडीएम नवीनचंद्र, सीओ मायाराय, कोतवाल और अग्निशमन केंद्र से फायर की गाड़ी पहुंची। रास्ता सकरा होने से गाड़ी तो अंदर नहीं जा सकी लेकिन जवान मौके पर किसी तरह पहुंचे। कुएं में जहरीली गैस की आशंका पर रस्सी में कांटा बांध कर कुएं से दोनों युवकों को ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद निकाला गया। सफीपुर कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि दोनों को जिला अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया है।

### पिता व दो पुत्रों को पांच-पांच साल की सजा

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** खेत में खंभे लगाने को लेकर अधेड़ को धारदार हथियार से घायल करने के दोषी पिता और दो पुत्रों को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है। हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के बहरौली निवासी सूरत ने पांच फरवरी 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि वह चार फरवरी 2018 की शाम पांच बजे अपने खेत पर पत्नी श्यामवती व पुत्री सीमा के साथ लकड़ी के खंभे लगा रहा था। उसी समय गांव में रहने वाले मेवालाल अपने पुत्रों सुशील व जगदीश के साथ आए और खंभे लगाने पर गालियां दीं। धारदार हथियार से हमला करके पीटा। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराया। मुकदमे की विवेचना एसआई आरपी सिंह ने की और चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। मुकदमा अपर जिला जज चतुर्थ की न्यायालय में विचाराधीन था। मंगलवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष से सरकारी वकील मनोज पांडेय व आनंद गौड़ की ओर से पेश की गईं दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश शिप्रा आर्य ने तीनों को दोषी ठहराते हुए पांच-पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

### विवाद निपटाने गई पुलिस पर हमला, दो सिपाही घायल

**जन एक्सप्रेस/बांगरमऊ।** मऊ गांव में दो पक्षों में विवाद के बाद ईंट पत्थर चले। पुलिस मौके पर पहुंची और समझाने का प्रयास किया। तभी पत्थर लगने से दो सिपाहियों को चोटें आईं। उपनिरीक्षक की तहरीर पर दोनों पक्षों से 25 नामजद व कई अज्ञात पर बलवा, सरकारी काम में बाधा आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज हुई है। उपनिरीक्षक हरिंद्रप्रसाद की ओर से दी गई तहरीर में कहा गया है कि सोमवार शाम वह अतरधनी से बांगरमऊ आ रहे थे। तभी मऊ गांव के सामने विवाद की सूचना मिली। मौके पर पहुंचे तो देखा मौजूदा प्रधान फहीम और चुनाव की तैयारी कर रहे जावेद के बीच विवाद हो रहा है। पुलिस ने कारण पूछा तो पता चला कि वर्चस्व को लेकर 40 साल से यह विवाद चल रहा है। पुलिस बात कर रही थी तभी फिर से ईंट-पत्थर चलने लगे। घटना में उपनिरीक्षक के साथ रहे सिपाहियों में रमेश साहनी और कमल सैनी को चोटें आईं। दोनों सिपाहियों की डॉक्टरी कराने के बाद एक पक्ष से जावेद, तौसीब, मुहीश, कफील, सुफील, आरिज, इमरान सहित 17 नामित और अज्ञात, वहीं ग्राम प्रधान फहीम पक्ष के मुहीब, साहिबे, अफजल, शेखू सहित आठ नामित और अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। सीओ अरविंद कुमार ने बताया की दोनों सिपाहियों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### मालगाड़ी आते देख ट्रैक पर लेट गया शराबी

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** कानपुर की तरफ से आ रही मालगाड़ी को देख नशे में धुत एक युवक रेलवे ट्रैक पर लेट गया। चालक की नजर पड़ी तो उसने आउटर पर ट्रेन को रोका। सूचना पर पहुंची आरपीएफ ने उसे हिरासत में लिया। इस दौरान ट्रेन 10 मिनट रुकी रही। मौरावां थाना क्षेत्र के पटेढ़ा गांव निवासी रजोल (30) मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे कचहरी पुल के नीचे रेलवे ट्रैक पर लेट गया। साथ रहा दोस्त उसे उठाने की कोशिश करता रहा, लेकिन वह बार-बार ट्रैक पर लेट जाता। कानपुर से चलकर उन्नाव स्टेशन पहुंच रही मालगाड़ी के चालक की नजर पड़ी तो उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया। लगातार हॉर्न बजाया लेकिन वह नहीं हटा। इस पर ट्रेन का सह चालक उतरा और उसे ट्रैक से दूर करने के बाद रेलवे कंट्रोलरूम को सूचना दी। आरपीएफ एसआई लाल जी पहुंचे और युवक को हिरासत में ले लिया। करीब 10 मिनट बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। आरपीएफ एएसआई ने बताया युवक नशे में है, उस पर रेलवे एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### बीज, उर्वरक व कीटनाशक लाइसेंस के लिए अब करें ऑनलाइन आवेदन

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** अब बीज, खाद व कीटनाशक बेचने के लिए लाइसेंस लेने के लिए विभागीय कार्यालय की दौड़ लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। प्रदेश सरकार ने लाइसेंस के लिए आवेदन ऑनलाइन करने की व्यवस्था लागू की है। अभी तक लाइसेंस के लिए विभागीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करना होता है। अब प्रदेश सरकार ने माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने की व्यवस्था शुरू कर दी है। जिला कृषि अधिकारी शशांक ने बताया कि आवेदक को साइट पर जाकर जनहित गारंटी योजना पर क्लिक करना होगा। इसके बाद ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आवश्यक अभिलेख एवं निर्धारित फीस की जानकारी मिलेगी। फिर आवेदन ऑनलाइन किया जा सकेगा। बताया कि लाइसेंस की प्रक्रिया पूर्णतया- ऑनलाइन है।

### मूंगफली की खोदाई कर रहे किसान पर गिरी बिजली

**जन एक्सप्रेस/मैनपुरी।** मैनपुरी में दोपहर एक किसान खेत में मूंगफली की खोदाई कर रहे थे। तभी तेज धमाके साथ उन पर बिजली गिरी। गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां देर रात दम तोड़ दिया। हादसे के बाद मृतक के घर में चीख पुकार मची है। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। घटना बेवर थाना क्षेत्र के बागपुर गांव की है। गांव निवासी किसान जसराज सिंह (70) मंगलवार की दोपहर खेत में मूंगफली की खोदाई करने के लिए गए थे। वह मूंगफली खोद रहे थे, तभी हल्की बारिश शुरू हो गई और तेज धमाके साथ उन पर बिजली गिर गई। बिजली गिरते ही जसराज अचेत होकर खेत में ही गिर गए।

## खेत में ट्रैक्टर पलटने से किसान की दबकर मौत, दो लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



कन्नौज जिले में खेत की जोताई करते हुए ट्रैक्टर का पहिया गड्ढे में जाने से पलट गया। हादसे में किसान की ट्रैक्टर में दबकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। जेसीबी से ट्रैक्टर को हटाकर शव को बाहर निकाला गया। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के समधन नगर के मोहल्ला सिकंदर नगर निवासी वासिद हुसैन (28) पुत्र आरिफ हुसैन खेती करते थे। परिजनों ने बताया कि बुधवार को वासिद अपने पड़ोसी का ट्रैक्टर लेकर खेत की जोताई करने के लिए गए थे। दोपहर करीब दो बजे खेत की जोताई करते समय ट्रैक्टर गड्ढे में जाने से पलट गया और वासिद ट्रैक्टर के नीचे दब गया। खेत की ओर गए बच्चों ने ट्रैक्टर पलटा देखा और शोर मचाया, जिसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर को हटाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर नहीं हटा सके। इसके बाद जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को हटाकर वासिद को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की जानकारी पर कानूनगो प्रेमशंकर मिश्रा, लेखपाल अतुल कुमार ने जांच की।

**शासन से मुआवजा दिलाने की मांग**

नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि अखलाक हुसैन, पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि मुश्ताक अहमद, पूर्व अध्यक्ष नकीम खां, सपा नेता रफी अनवर सिद्दीकी, सपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष गुफरान सिद्दीकी, अतीक हुसैन, बसपा नेता सैय्यद अहमद उसैब किसान के आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से पीड़ित परिजनों को जल्द मुआवजा देने की मांग की है।

## दुष्कर्म पीड़िता किशोरी ने फंदा लगाकर की आत्महत्या, दरोगा निलंबित

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

आठ दिन पहले ही नोएडा से खोजकर लाई गई नाबालिग छात्रा ने मंगलवार की दोपहर अपने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। छात्रा ने कोर्ट में बयान दिया था कि उसके साथ दुष्कर्म किया गया। परिजनों का कहना है कि आरोपी मामले में समझौते का दबाव बना रहे थे। मामले में उपनिरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। सौरिख थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 17 वर्षीय हाईस्कूल की अनुसूचित जाति की छात्रा 11 जुलाई की सुबह घर से करीब पांच बजे खेतों के लिए निकली थी। पड़ोसी गांव के दो युवक उसे अगवा करके ले गए। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 14 जुलाई को छात्रा को नोएडा से खोज निकाला। तीन दिन बाद छात्रा ने मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज कराए, जिसमें उसने युवकों पर आरोप लगाया था कि उन्होंने उसका अपहरण कर दुष्कर्म किया। बयान दर्ज कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया था। मंगलवार दोपहर छात्रा ने अपने घर में फंदा लगाकर उसने जान दे दी। परिजनों ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें शांत कराया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर पहले अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अब तहरीर में दो आरोपियों का नाम लिखकर दुष्कर्म की शिकायत की गई है। मामले की जांच की जा रही है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि मामले में लापरवाही बरतने में उपनिरीक्षक मान सिंह को निलंबित कर दिया गया है। एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

इटावा जिले के ताखा कस्बे में घर में चारपाई पर मृत अवस्था में युवक का शव पड़ा मिला है। मां ने सुबह देखा, तो घर में कोहराम मच गया। दो दिन पहले ही युवक घरआयद्य था। ऊसराहार थाना क्षेत्र के भरतिया गांव में रविवार सुबह करीब तीन बजे अश्विनी कुमार (18) घर में चारपाई पर मृत अवस्था में मिला। मां प्रभा देवी ने बेटे को देखा, तो कोहराम मच गया। युवक के गले में फंदे के निशान मिले हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। मां ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस व फोरेंसिक टीम घटना की जांच कर रही है। पुलिस जांच में जिस कमरे में शव मिला है। उसी कमरे में साड़ी का फंदा छत से लटकता मिला है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल के सभी सबूतों को इकट्ठा किया है।

## इतनी मार नहीं खा पाऊंगी, पापा-मम्मी आप को छोड़ कर जा रही हूं, मां-बाप ने बेटी को पीटा था



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

कन्नौज जिले के तालग्राम कोतवाली क्षेत्र में किसी युवक से फोन पर बात करने से खफा माता-पिता ने निजी स्कूल में शिक्षिका बेटी को पीट दिया। इससे आहत होकर उसने फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जहां डॉक्टर को मृतका के कपड़ों से सुसाइड नोट मिला। इसमें शिक्षिका ने माता-पिता पर पीटने का आरोप लगाते हुए खुद की गलती भी मानी है। सुसाइड नोट मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है। भोजापुर गांव में एक निजी स्कूल की शिक्षिका निकेता (16) ने 20 जुलाई को फंदा लगाकर जान दे दी थी। पोस्टमार्टम हाउस में शव के पास से मिले सुसाइड नोट के बाद खुदकुशी के कारण का पता चला सका। पत्र में लिखा है कि पापा-मम्मी मैंने कल उसके पास पहली बार फोन किया, आप दोनों कह रहे हैं कि घर पर आया था...। कितनी बार आया..., कभी कुछ, कभी कुछ कह रहे हैं। मैंने गलती की है, मुझे पता है। लेकिन इतनी गलती पर इतनी मार नहीं खा पाऊंगी। पापा-मम्मी मैं अब आप को छोड़ कर जा रही हूं। ओके पापा मम्मी, आप सभी लोग खुश रहना, कभी मत रोना, आपको खुशी होनी चाहिए कि पांच छह लाख रुपये बच गए। लेकिन आप लोग पांच भाई बहनों को खुश रखना...। एसपी अमित कुमार आनंद ने मामले को गंभीरता से लिया। वहीं, मृतका के मामा औरैया के थाना बिधूना तिलकपुर सहार गांव निवासी गिरिजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उसकी बहन सुनीता की करीब 10 वर्ष पहले मौत हो गई थी। उनकी दो बेटियां और एक पुत्र थे। बहनोई ने दूसरी शादी कर ली। भांजी निकेता को उसकी सौतेली मां धनदेवी और पिता संजीव कुमार प्रताड़ित करते थे, जोकि सुसाइड में भी लिखा है।

**सुसाइड नोट की कराई जा रही जांच**

एसपी अमित कुमार आनंद का कहना है कि 20 जुलाई को आत्महत्या की सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। 16 वर्षीय किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फंदा लगाकर आत्महत्या की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम के समय एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ। नाबालिग ने अपने माता-पिता पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। सुसाइड नोट को जांच के लिए भेजा जा रहा है। मृतका के मामा की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

## मां से कहासुनी के बाद बेटे ने फंदा लगाकर दी जान, परिजनों में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

कोई भी काम न करने पर मां की बेटे से कहासुनी हो गई। बेटे से नाराज होकर मां अपने मायके चली गई। दो दिन बाद बेटे ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बिरारी गांव निवासी नेकराम (35) पुत्र तुलाराम ने घर के बरामदे में छत में लगे कुंडे में प्लास्टिक की रस्सी बांधकर जमीन पर कूलर रखकर उसके ऊपर चढ़कर फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बुधवार सुबह साढ़े छह बजे भतीजा विकास जब दादी के पेंशन के कागजात लेने के लिए चाचा के घर गया तब उसने दरवाजा खटखटाया। काफी देर तकर अंदर से कोई आवाज नहीं आने पर भतीजे ने रोशनदान से झांककर देखा तो चाचा फंदे पर लटके हुए थे। भतीजे ने चाचा को फंदे पर लटका देख चीखपुकार मचा दी। आवाज सुनकर पड़ोसियों के साथ परिवार के लोग पहुंचे। दरवाजे में जोर से धक्का मारने पर खुल गया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य इकट्ठा कराए। रामदास ने बताया कि भाई नेकराम कोई काम नहीं करता था। मां सर्वती के काम करने को कहने पर दो दिन पहले कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद गुस्से में मां अपने मायके गांव रमपुरा कुदरकोट चली गईं। नेकराम घर में अकेला था तभी मौका पाकर फंदे पर लटक कर खुदकुशी कर ली। तीन साल पहले उसकी पत्नी भी तलाक लेकर चली गई। भाई मानसिक रूप से तनाव में भी चल रहा था। पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। युवक की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक भीमसेन पौनिया ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

## इटावा-कानपुर मार्ग पर पलटी बस, ट्रक को ओवरटेक करने में हुआ हादसा, 15 यात्री घायल



**जन एक्सप्रेस । इटावा**

इटावा जिले में बकेवर कस्बे के सिक्सलेन हाईवे पर इटावा-कानपुर मार्ग पर बुधवार सुबह करीब सात बजे एक स्लीपर बस ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान कट लगने से पलट गई। हादसे में करीब 15 सवारियां घायल हो गईं। राहगीरों ने बस में फंसे लोगों को पुलिस के पहुंचने से पहले निकाल लिया। कई घायल सवारियां एम्बुलेंस ना पहुंचने के पर अपने निजी साधनों से ही अपने गंतव्य को चली गईं। वहीं, सूचना पर बिजौली चौकी व बकेवर थाना पुलिस हाईवे मोबइल गाड़ी मौके पर पहुंची। स्लीपर बस में तकरीबन 25 सवारियां थी। बस रेवाड़ी से कानपुर जा रही थी। कानपुर-आगरा सिक्सलेन हाईवे पर एक ट्रक को ओवरटेक करने में कट लगने से करीब 25 मीटर की घिसटती हुई हाईवे पर पलट गई। बस के आगे का केबिन का शीशा टूट जाने से राहगीरों ने बस में फंसे लोगों को निकालने में मदद मिली। कुछ घायलों को खिड़की का शीशा तोड़कर बाहर निकाला। 20 मिनट बाद बिजौली चौकी पुलिस व हाईवे सात पुलिस गाड़ी मौके पर पहुंची। उन्होंने कुछ घायल सवारियों को एंबुलेंस से उपचार के लिए भिजवाया। सूचना पर बकेवर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार शर्मा माय फोर्स मौके पर पहुंचे।

**चालक और परिचालक को पुलिस ने पकड़ा**

घायलों में पवन कुमार और उनकी पत्नी रेशमा निवासी उरई व उनकी चार माह की एक छोटी बच्ची, युवक सीपू पुत्र वीरेंद्र निवासी ग्राम भूनियापुर कंचौसी जनपद औरैया हैं, जिन्हें पुलिस ने हाईवे एम्बुलेंस से महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए भिजवाया। बस के चालक और परिचालक घटनास्थल से भाग कर कुछ दूर जाकर बैठ गए थे। उन्हें सूचना पर पुलिस ने पकड़ लिया।

## एथलेटिक्स खिलाड़ी को सिपाही ने मारा डंडा, गुस्साए छात्रों ने थाना घेरा

**जन एक्सप्रेस । इटावा**

मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स स्टेडियम के छात्रावास में गंदगी, खाने-पीने समेत तमाम अव्यवस्थाओं को लेकर सोमवार को खिलाड़ी छात्र नारेबाजी कर रहे थे। इस दौरान एक सिपाही ने खिलाड़ी को डंडा मार दिया। इस पर छात्रों ने थाने का घेराव करके सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जाम लगाने का भी प्रयास किया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी, एसडीएम और सीओ ने छात्रों को सभी समस्याओं का समाधान कराने का आश्वासन देकर शांत कराया। साथ ही सिपाही से माफी भी मंगवाई। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज में लगभग 450 खिलाड़ी हैं। छात्रावास में रहने वाले छात्र लंबे समय से बिजली, पानी, मेस में खाने व गंदगी से छात्र जूझ रहे हैं। इसे लेकर सोमवार को छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। छात्र हॉस्टल के बाहर निकलकर सैफई गोल चक्कर के पास थाने के सामने धरना प्रदर्शन करने लगे। इस पर प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। छात्रों को समझने का प्रयास किया। इस बीच एक सिपाही ने एथलेटिक्स के नेशनल खिलाड़ी राहुल यादव कक्षा 12 को डंडा मार दिया। इससे छात्रों का गुस्सा बढ़ गया और बड़ी संख्या में एकत्रित होकर थाने के अंदर पहुंचकर हंगामा करने लगे। सूचना पर स्पोर्ट्स कॉलेज की प्रभारी प्रधानाचार्य एसडीएम दीप शिखा सिंह, सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम थाने पहुंचे। करीब दो घंटे तक छात्रों को समझने का प्रयास किया। छात्र सिपाही के माफी मांगने एवं बुनियादी समस्याओं से निजात दिलाने की बात करते रहे। छात्रों ने बताया कि लंबे समय से समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। मेन्यू के हिसाब से न तो खाना मिलता है और न ही यहां पर खेलने के उपकरण हैं। छात्रों का कहना था कि दाखिले के समय लिखित में बताया गया था कि यहां पर नाई और धोबी के साथ अन्य संसाधन रहेंगे, लेकिन कोई भी सुविधा नहीं मिल रही है। पीने का पानी बड़ी समस्या है। मेस में जाते हैं तो बिजली कट जाती है। शौचालय में गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। कभी सफाई कर्मचारी भी नहीं आता है। छात्रों को खुद ही सफाई करनी पड़ती है। फुटबॉल ग्राउंड नहीं है। जब शांत तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, तबसिपाही ने नेशनल खिलाड़ी के साथ मारपीट की है। इस मौके पर राहुल, शैलेंद्र, वसीम सत्येंद्र,पंकज, निशांत आदि शामिल रहे।

**कॉलेज के बाबू पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप**

स्पोर्ट्स कॉलेज के छात्रों ने कॉलेज के बाबू पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। बताया कि बजट का बंदरबाट किया जाता है। खिलाड़ियों को न तो खेल उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं और न ही यूनीफार्म व अन्य सामग्री। जब इस संबंध में बाबू से बात करने पर गाली देकर भगा देते हैं।

# किसान आंदोलन के चलते बंद शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगाः सुप्रीम कोर्ट

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यथास्थिति बनाए रखें, स्वंत्रत कमेटी बनाई जाए, बॉर्डर 5 महीने से बंद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

हरियाणा और पंजाब के बीच अंबाला के पास स्थित शंभू बॉर्डर अभी नहीं खुलेगा। किसान आंदोलन की वजह से हरियाणा सरकार ने इसे 5 महीने से बैरिकेडिंग कर बंद कर रखा है। हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को एक हफ्ते में शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार, 24 जुलाई कहा, शंभू बॉर्डर पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। यहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह एक स्वत्रंत कमेटी गठित करने का प्रस्ताव करता है। इसमें प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होंगे। ये किसानों और सरकारों से संपर्क कर उनकी मांगों का ऐसा व्यावहारिक समाधान खोज सकेगी जो सभी को स्वीकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने एक हफ्ते में पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्वतंत्र समिति के लिए सदस्यों के नाम सुझाने को कहा।





### पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी हरियाणा सरकार

गौरतलब है कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने नेशनल हाईवे-1 पर शंभू बॉर्डर को एक सप्ताह में खोलने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार, 24 जुलाई यानी आज तक शंभू बॉर्डर को खोला जाना था, लेकिन हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ हरियाणा सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। हरियाणा सरकार ने कानून व्यवस्था का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। हरियाणा हाईकोर्ट पर सुनवाई करते हुए बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी और कहा कि शंभू बॉर्डर के पास यथास्थिति बनाए रखी जाए, जहां किसान 13 फरवरी से डेरा डाले हुए हैं।

### पंजाब और हरियाणा से समिति के लिए मांगा नामों का सुझाव

सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिष्ठित लोगों की एक समिति बनाने का प्रस्ताव दिया है। ये समिति किसानों और अन्य हितधारकों से मिलकर उनकी बात सुनेगी और ऐसा व्यवहारिक समाधान खोजेगी, जो निष्पक्ष, न्यायसंगत और सभी के हित में हो। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से स्वतंत्र समिति के लिए सदस्यों के नाम सुझाने के लिए कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों राज्यों से एक सप्ताह के भीतर नाम सुझाने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा से शंभू सीमा पर चरणबद्ध तरीके से बैरिकेड्स हटाने के लिए कदम उठाने को भी कहा है ताकि जनता को कोई असुविधा न हो।

### किसान बिना ट्रैक्टर दिल्ली जाएं तो क्या कदम उठाएंगेः सुप्रीम कोर्ट

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा सरकार से पूछा है कि अगर किसान बिना ट्रैक्टरों से किसान दिल्ली जाते हैं, तो सरकार का क्या कदम रहेगा। वहीं, कोर्ट ने पूछा कि क्या उन्होंने किसानों से बातचीत की कोशिश की है। कोर्ट ने पूछा कि किसान सोचते है कि मंत्री सरकार की बात करेंगे। ऐसे में क्या कोई सांझे व्यक्ति के माध्यम से बातचीत की कोशिश की गई। नेशनल हाईवे को कब तक बंद रखोगे।

### बॉर्डर बंद करने पर सुप्रीम कोर्ट लगा चुकी फटकार

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उजाल भुइयां की खंडपीठ इस मामले की सुनवाई की। वासु रंजन ने कहा कि बहस के दौरान वह राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध करने वालों के खिलाफ सख्त दिशा-निर्देशों की भी मांग करेंगे। कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट हरियाणा सरकार द्वारा चुनौती दिए गए हाईकोर्ट के आदेश पर अपनी मुहर लगाएगा और शंभू बॉर्डर को खोलने का आदेश देगा।

### हाईकोर्ट ने 10 जुलाई को एक हफ्ते में बॉर्डर खोलने को कहा था

10 जुलाई को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को एक सप्ताह के भीतर बॉर्डर से बैरिकेड्स हटाने को कहा था, ताकि लोगों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो। हाईकोर्ट ने एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया। उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया कि हरियाणा सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

### फरवरी से चल रहा संघर्ष

फसलों के एमएसपी को लेकर पंजाब के किसान फरवरी-2024 से संघर्ष पर हैं। ऐसे में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार ने हरियाणा और पंजाब के शंभू बॉर्डर को बैरिकेड्स लगाकर बंद कर दिया था। इसके बाद लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। किसानों ने बॉर्डर पर पंजाब की तरफ स्थायी मोर्चा बना लिया। ऐसे में वहां से आवाजाही बंद है। इसके चलते अंबाला के व्यापारियों को परेशानी हो रही है। इस कारण उन्होंने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट की शरण ली।

### किसानों के पास वाहन काफी चौंकाने वाले

हरियाणा सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए थे। उन्होंने अदालत में कहा कि स्वतंत्र कमेटी का सुझाव हम सरकार के समक्ष रखेंगे। बॉर्डर सील से आर्थिक नुकसान हो रहा है, यह बात पंजाब सरकार की तरफ से रखी गई है। फिलहाल यह बार्डर नहीं खुल रहा है। हरियाणा के वकील ने कहा कि किसानों की मांगों को लेकर बातचीत की जा रही है। वहीं, उन्होंने कहा कि बॉर्डर पर जिस तरह के वाहन हैं, वह काफी चौंकाने वाले है। वहां पर कुछ ऐसे वाहन है, जिन्हें टैंकर के रूप में कन्वर्ट कर रखा है। वहां पर क्रेन है। किसानों को मनाने की कोशिश की जा रही हैं। ऐसे में कोर्ट ने कहा कि आप सरकार है। ऐसे में आप किसानों से मिले, समस्या का हल निकालने की कोशिश करे।

## उत्तराखंड सरकार को निर्देश, जंगल की आग रोकने के लिए अगले सीजन से पहले करें व्यवस्थाएं दुरुस्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों को उत्तराखंड में जंगल की आग को रोकने के लिए अगले सीजन से पहले सब कुछ ठीक कर लेना चाहिए, जिनमें से अधिकांश मानव निर्मित हैं। अदालत ने इसके साथ ही मामले को सितंबर में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ उत्तराखंड में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी। शीर्ष अदालत ने 17 मई को कहा था कि कीमती जंगलों को आग के खतरों से बचाया जाना चाहिए। पीठ ने गौर किया कि उत्तराखंड में जंगल की आग से संबंधित मुकदमा प्रतिकूल नहीं था। पीठ ने कहा, फिलहाल कुछ नहीं है लेकिन अगले सीजन से पहले आपको सब कुछ दुरुस्त करना होगा। साथ ही कहा कि पहाड़ी राज्य में बारिश शुरू हो गई है।

## चेन्नई में जॉगिंग करते दिखे यूएई के वित्त मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री ने भी साथ लगाई दौड़

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के वित्त मंत्री अब्दुल्ला बिन तौक अल मैरी ने तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री मा. सुब्रमण्यन से मुलाकात की। दोनों ने बुधवार को साथ में जॉगिंग भी की। अब्दुल्ला बिन तौक अल मैरी आज चेन्नई में इन्वेस्टोपिया ग्लोबल टॉक्स में शामिल होने के लिए यूएई के प्रतिनिधियों और निवेशकों के साथ भारत आए हैं। तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री के साथ जॉगिंग करने के बाद उन्होंने पत्रकारों से बात की। इस दौरान उन्होंने भारत और यूएई के बीच आर्थिक संबंधों पर प्रकाश डाला। अब्दुल्ला बिन तौक अल मैरी ने कहा, यूएई और भारत के बीच आर्थिक संबंध दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक संबंधों में से एक है।

## भूटान के पीएम ने गुजरात दौरे को बताया यादगार

### कहा, दोनों देशों के बीच दोस्ती का संबंध अधिक मजबूत होगा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोग्बे और भूटान के राजा जिग्मे खेसर नमग्याल वांगचुग की तीन दिवसीय गुजरात यात्रा संपन्न हो गई है। अपनी यात्रा के आखिरी दिन भूटान के दोनों नेताओं ने कहा कि इस दौरे से भूटान और भारत के बीच दोस्ती का बंधन और भी अधिक मजबूत होगा।

### प्रतिनिधिमंडल ने मुंद्रा और खावड़ा का भी दौरा किया

इससे पहले मंगलवार को भूटान से आए प्रतिनिधिमंडल ने अदाणी समूह के मुंद्रा और खावड़ा स्थित बुनियादी ढांचा परियोजना का भी भ्रमण किया। अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि अदाणी समूह मुंद्रा में भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक बंदरगाह का संचालन करता है। इसके अलावा यह भी बताया गया कि अदाणी समूह द्वारा खावड़ा में दुनिया का सबसे बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा पार्क विकसित किया जा रहा है।

### भूटान के पीएम और राजा ने गिफ्ट सिटी का दौरा किया

अपनी यात्रा के आखिरी दिन भूटान के पीएम और राजा ने गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी का दौरा किया। आपको बता दें कि गिफ्ट सिटी गुजरात का पहली साइबर सिटी है। इसकी साथ यह शहर आने वाले समय में वैश्विक स्तर का आर्थिक और सूचना प्रौद्योगिकी का केंद्र होने जा रहा है। गांधीनगर से नेपाल जाने से पहले भूटान के पीएम तोग्बे ने अपनी यात्रा का अनभव साझा किया। तोग्बे ने कहा, 'आज हमने गिफ्ट सिटी का दौरा किया। इस स्मार्ट सिटी ने कम समय में जिन उपलब्धियों का हासिल किया है, उससे हम अत्यधिक प्रभावित हैं। हमारा यह दौरा भारत और भूटान के बीच दोस्ती के संबंध को और भी अधिक मजबूत करेगा। अपने राजा की ओर से मैं गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल का धन्यवाद देना चाहता हूं।'

### भूटान से आए मेहमान अत्यधिक प्रभावित हुएः गुजरात सरकार

उधर, गुजरात सरकार ने भी एक आधिकारिक बयान में कहा है कि राज्य की विश्व स्तर की अवसरंचना को देखकर भूटान से आए मेहमान अत्यधिक प्रभावित हुए। खासतौर पर जिला शीतलन प्रणाली और उपयोगी सुरंग को देखकर वे अत्यधिक प्रभावित हुए। भूटान के पीएम तोग्बे ने कहा, 'हमने 22 जुलाई को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का भ्रमण किया। मैं कहना चाहता हूं कि सरदार वल्लभ भाई की विशाल प्रतिमा को देखकर हम अत्यधिक प्रभावित हुए। इस तरह से हमने भारत को लेकर प्रधानमंत्री मोदी के स्वप्न को भी महसूस किया।'

# फुटपाथों पर लगे बिलबोर्ड हटाने की मांग




जन एक्सप्रेस । अंकित मिश्रा

**अनिल गलगली ने मनपा आयुक्त को लिखा पत्र**

मुंबई। घाटकोपर ईस्ट में एक गलत बिलबोर्ड की वजह से हम सभी आज भी परेशान हैं। ऐसी गलतियाँ दरअसल आज भी खासकर मुंबई के फुटपाथों पर देखने को मिलती हैं। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली ने मनपा प्रशासन से फुटपाथ से बिलबोर्ड हटाने की मांग करते हुए कहा है कि यहां भी ऐसी दुर्घटना दोहराए जाने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। आरटीआई कार्यकर्ता अनिल गलगली द्वारा मनपा आयुक्त भूषण गगरानी, अतिरिक्त आयुक्त डॉ. अश्विनी जोशी, एमएमआरडीए मेट्रोपॉलिटन आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी और मनपा उपायुक्त किरण दिघावकर को भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया है कि 50 से अधिक ऐसे बिलबोर्ड फुटपाथों पर प्रमुखता से लगे हुए हैं। इसे मुंबई मनपा और एमएमआरडीए द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। मुंबई में वातावरण का माहौल बदल रहा है और हवा की रफ्तार प्रति घंटा बढ़ती जा रही है। ऐसे में ये पैनल टिकाऊ नहीं होते हैं। फुटपाथ लोगों के चलने के लिए होते हैं लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे फुटपाथों पर लगे बड़े बिलबोर्ड कभी भी गिर सकते हैं। अनिल गलगली की मांग है कि मनपा और एमएमआरडीए के फुटपाथ पर बिठाए गए बिलबोर्डों को प्राथमिकता के आधार पर मुक्त और बेदखल किया जाना चाहिए। गलगली का मानना है कि नई विज्ञापन नीति में फुटपाथ पर बिलबोर्ड लगाने का प्रावधान रद्द किया जाना चाहिए।

# बिहार में पेपर लीक पर 10 साल की सजा

## 1 करोड़ का जुर्माना, विधानसभा से विधेयक पास, सदन से विपक्ष का वॉकआउट



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिहार विधानसभा से एंटी पेपर लीक विधेयक पास हो गया है। राज्यपाल के हस्ताक्षर के बाद यह बिल राज्य में लागू हो जाएगा। इस बिल के मुताबिक, अब पेपर लीक को सीरियस क्राइम माना जाएगा। विधानसभा से कानून पास होने के बाद पेपर लीक मामले के आरोपियों पर नॉन बेलेबल धाराएं लगाई जाएंगी। नए कानून में 3 से 10 साल की सजा और 10 लाख से 1 करोड़ तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। ये नियम राज्य सरकार की तरफ से आयोजित होने वाली सभी परीक्षाओं में लागू होंगे। इसके अलावा जो भी संस्था पेपर लीक में शामिल होगी उसे 4 साल के लिए ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। विपक्ष के हंगामा को देखते हुए सदन गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस बिल को मानसून सत्र के दूसरे दिन ही पेश होना था, लेकिन विपक्ष के हंगामे के कारण सरकार इसे पेश नहीं कर पाई। सदन में एंटी पेपर लीक विधेयक पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

### डीएसपी रैंक के अधिकारी करेंगे मामले की जांच

नए नियम के मुताबिक अब पेपर लीक मामले की जांच भी डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराई जाएगी। इसके साथ ही नए कानून में इस बात का भी प्रावधान किया गया है कि मामले की जांच सरकार किसी भी जांच एजेंसी से करवा सकती है।

### विपक्ष पर भड़के सीएम नीतीश

विपक्ष के विधायक सदन में आरक्षण के समर्थन में बेल में तख्तियां लहराने लगे। स्पीकर नंदकिशोर यादव ने सभी से वेल से जाने की अपील की, लेकिन विपक्ष के नेता मुख्यमंत्री के खिलाफ नारे लगाने लगे। जवाब में सीएम नीतीश ने विपक्ष के नेताओं से कहा आप सब का हाय हाय। चुपचाप बैठ जाइए। विपक्ष की मांग है कि 75 प्रतिशत आरक्षण को 9वीं अनुसूचित में शामिल किया जाए। वहीं, विपक्ष के विरोध पर मंत्री विजय चौधरी ने कहा कि हमलोग केंद्र को अनुशंसा कर चुके हैं। मामला कोर्ट में है। सदन में आज भी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राजद नेता तेज प्रताप यादव नहीं आए। इधर, स्पीकर नंदकिशोर यादव भी विपक्ष पर भड़क गए। स्पीकर ने कहा कि विपक्ष नहीं चाहता कि सदन चले।

# रेल मंत्री वैष्णव का आरोप, अंगमाली-सबरीमाला रेल लाइन प्रोजेक्ट में सहयोग नहीं कर रही केरल सरकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



संसद के प्रश्नकाल में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 1997-96 में स्वीकृत अंगमाली-सबरीमाला रेल लाइन प्रोजेक्ट में केरल सहयोग नहीं कर रही है। अगर सरकार भूमि अधिग्रहण में सहयोग करे तो केरल में रेलवे प्रोजेक्ट रफ्तार पकड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक जटिल परियोजना है और इसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार के सहयोग की खासी जरूरत है। रेलवे लाइन बिछाने के लिए नए सिरे से प्रस्ताव बनाया गया है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित रेलवे लाइन करीब 111 किमी लंबी है और इससे मंदिर की दूरी 35 किमी है। लोगों ने चेंगन्नूर से पंबा तक एक नई लाइन बिछाने की मांग की थी, जो कि मौजूदा परियोजना से 75 किमी छोटी है। इससे सबरीमाला मंदिर करीब चार किमी है। उन्होंने कहा कि सांसदों को राज्य सरकार से चर्चा करनी चाहिए कि नए प्रस्ताव को लागू किया जाए या पुराने प्रस्ताव पर आगे बढ़ा जाए। हालांकि रेलवे बोर्ड स्तर पर भी नए प्रस्ताव को लेकर मूल्यांकन चल रहा है। इसके बाद ही परियोजना पर आगे बढ़ने का फैसला लिया जाएगा। कांग्रेस सांसद अदूर प्रकाश के सवाल का जवाब का देते हुए रेलमंत्री वैष्णव ने कहा कि भूमि अधिग्रहण और नए प्रस्ताव को लेकर लोगों के विरोध, अदालत में दायर याचिकाओं और केरल सरकार का समर्थन न मिलने से परियोजना पर काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। परियोजना पूरी करने के लिए राज्य सरकार का सहयोग जरूरी है। अंगमाली-सबरीमाला रेलवे लाइन को एरुमेली से विझिंजम अंतरराष्ट्रीय बंदरगाह तक बढ़ाने के सवाल पर वैष्णव ने कहा कि बंदरगाह का एरुमेली से कोई संबंध नहीं है। बंदरगाह के पास नेमोन रेलवे स्टेशन है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल में बजट का आवंटन बढ़ गया है, लेकिन भूमि अधिग्रहण न होने से काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। केरल में 2014 में 372 करोड़ रुपये बजट का आवंटन किया गया था, जो अब बढ़कर 2033 करोड़ रुपये हो गया है।

### जम्मू कश्मीर और उत्तराखंड के रेल प्रोजेक्ट पर बरसा धन

आम बजट में केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के रेल प्रोजेक्ट पर धन वर्षा की है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि बजट में जम्मू कश्मीर के लिए 3694 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यहां कई सारी रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। वहीं उत्तराखंड को 5131 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। यहां सबसे महत्वपूर्ण कर्णप्रयाग रेल प्रोजेक्ट है। इसमें 213 किमी लंबी सुरंग बनाई जानी है। इसमें से 171 किमी लंबी सुरंग बन चुकी है। सुरंग बनाने का काम कर रही टनल बोरिंग मशीन के नाम शिव और शक्ति हैं।

## अदालत का न्यायाधिकरणों को ई-कोर्ट परियोजना के तहत लाने से इनकार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने ई-कोर्ट परियोजना में न्यायाधिकरणों को शामिल करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। दरअसल, देश भर में अदालतों के डिजिटल बुनियादी ढांचे को उन्नत करने के उद्देश्य से यह मांग की गई थी। जनहित याचिका में कहा गया है कि सशस्त्र बल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) जैसे अर्ध-न्यायिक पैनलों को राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। एनजेडीजी ई-कोर्ट परियोजना के अंतर्गत आता है जो देश की न्यायपालिका के कम्प्यूटरीकरण पर एक राष्ट्रीय नीति तैयार करने से संबंधित है। इसकी निगरानी और वित्त पोषण कानून मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा किया जाता है। एनजेडीजी पोर्टल देश भर में अदालतों द्वारा स्थापित, लंबित और निपटाए गए मामलों से संबंधित डाटा का एक राष्ट्रीय भंडार है। सीजेआई ने कहा, आप इस बारे में न्याय विभाग से संपर्क कर सकते हैं। एनजेडीजी ई-कोर्ट परियोजना का हिस्सा है। यह जिला अदालतों, उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय को देखता है और यह न्यायाधिकरणों को बिल्कुल नहीं देखता है।

# किसान संघर्ष में हरियाणा सरकार ने की 3 आईपीएस-3 एचपीएस को वीरता पदक की सिफारिश, सीआरपीएफ से किसी का नाम नहीं



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ की स्पेशल यूनिट रैपिड एक्शन फोर्स, जिसे देश के विभिन्न हिस्सों में हिंसा/दंगे से निपटते हुए देखा जा सकता है। गत फरवरी में हरियाणा-पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर किसानों के साथ पुलिस का जो संघर्ष हुआ था, उसमें हरियाणा सरकार ने अपने तीन आईपीएस और तीन एचपीएस अधिकारियों को वीरता पदक देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से सिफारिश कर दी। हालांकि, उसकी लिस्ट में आरएएफ का नाम नहीं है। चौंकाने वाली बात यह है कि शंभू बॉर्डर पर संघर्ष के दौरान सीआरपीएफ/आरएएफ की 106वीं बटालियन के जवानों/अफसरों ने भी बहादुरी का परिचय दिया था। आरएएफ ने उन लोगों की भीड़ को आगे बढ़ने से रोक दिया था, जिनके हाथों में भाले व तलवार सहित कई तरह की हानिकारक सामग्री थी। हालांकि, सीआरपीएफ मुख्यालय ने आरएएफ के उस दस्ते को किसी तरह का कोई अवॉर्ड नहीं दिया। बल ने इस संबंध में कोई सिफारिश नहीं की। अब केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हरियाणा सरकार की वह फाइल वापस लौटा दी है, जिसमें पुलिस अफसरों को वीरता पदक देने की सिफारिश की गई है। यह भी कहा है कि इस फाइल में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के जवानों की भूमिका का उल्लेख किया जाए। संयुक्त ऑपरेशन में उनके असाधारण साहस का जिक्र हो।

### तलवार व भालों से लैस थे प्रदर्शनकारी

बता दें कि फरवरी के दौरान शंभू बॉर्डर और खनौरी बॉर्डर पर किसानों द्वारा अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन किया जा रहा था। किसान संगठन, दिल्ली कूच करना चाहते थे, जबकि पुलिस उन्हें आगे बढ़ने नहीं दे रही थी। इसके चलते पहले शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारी किसानों और पुलिस के बीच संघर्ष हुआ। उसमें दर्जनों लोगों को चोट आई थी। वहां ड्यूटी पर मौजूद दो पुलिसकर्मी मारे गए थे। कुछ दिन बाद खनौरी बॉर्डर पर भी पुलिस और किसानों के बीच संघर्ष हुआ था। यहां पर किसान शुभकरण की मौत हो गई थी। शंभू बॉर्डर पर सीआरपीएफ/आरएएफ के दस्ते ने किसानों के साथ हुए संघर्ष में असाधारण बहादुरी का प्रदर्शन किया था। यह बात संघर्ष के कई वीडियो और फोटो में भी दिखाई पड़ रही थी। किसानों की भीड़ में शामिल कुछ लोगों ने तलवार व भालों से पुलिस पर हमला बोल दिया था। आएरएफ ने जान की परवाह न करते हुए किसानों को आगे नहीं बढ़ने दिया था।

### गृह मंत्री कर चुके हैं प्रशंसा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीआरपीएफ की कार्यशैली, वीरता और कर्तव्य परायणता की कई बार सार्वजनिक मंच से प्रशंसा कर चुके हैं। गत वर्ष छत्तीसगढ़ में आयोजित बल के 84वें स्थापना दिवस पर अमित शाह ने कहा था, मैं देश के किसी भी कोने में रहूं, अगर कोई अप्रिय घटना घटती है, लेकिन जैसे पता चलता है कि सीआरपीएफ वहां पहुंच गई है तो मैं निश्चिंत होकर अपने काम में लग जाता हूं। ये सीआरपीएफ के प्रति मेरा विश्वास है। आतंकवाद और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इस बल की वीरता किसी से छिपी नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)